श्रावण कृष्ण पक्ष चतुर्थी
विक्रम संवत 2081

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

गुरुवार, 25 जुलाई 2024
वर्ष 34, अंक 178, पृष्ठ 14
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 5 रुपये

# अमृत विचार

लखनऊ

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com



साल में दो बार एचआईवी रोधी इंजेक्शन कारगर 14

पति पत्नी और वो के सीक्वल में भी कार्तिक 13

## एक नजर

### ईडी ने लगाई 80 करोड़ की राशि के लेनदेन पर रोक

**नई दिल्ली।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने बुधवार को कहा कि उसने एक अवैध ऑनलाइन विदेशी मुद्रा ट्रेडिंग एप के परिचालन से जुड़े धन शोधन मामले में छापेमारी के बाद, बैंक में जमा लगभग 80 करोड़ रुपये की रकम के लेन-देन और डीमैट शेयरों की खरीद-बिक्री पर रोक लगा दी है। इस ऑनलाइन मंच पर निवेशकों से 500 करोड़ रुपये की ठगी करने का आरोप है। ऑक्टाएफएक्स ट्रेडिंग ऐप और वेबसाइट से संबंधित मामले में 22 जुलाई को मुंबई, कोलकाता, दिल्ली और गुरुग्राम स्थित स्थानों पर छापे मारे गए थे।

### बेटी के यौन शोषण के दोषी को 20 साल की सजा

**कोल्हापुर।** महाराष्ट्र की एक अदालत ने अपनी नाबालिग बेटी का यौन शोषण करने वाले एक पिता को दोषसिद्धि के बाद 20 साल कैद की सजा सुनाई है। एक वकील ने बुधवार को यह जानकारी दी। मुख्य जिला सत्र न्यायाधीश कविता अग्रवाल ने जनवरी 2020 में कई मौकों पर पीड़िता का यौन शोषण करने वाले कोल्हापुर जिले के पन्हाला तहसील के गणपति गली कोडोली निवासी जगन्नाथ यशवंत आडके (47) को सजा सुनाई और एक हजार का जुर्माना भी लगाया।

### हीरा खदान से मजदूर को मिला बेशकीमती हीरा

**पन्ना।** देश-दुनिया में बेशकीमती हीरों के लिए प्रसिद्ध मध्यप्रदेश के पन्ना जिले में बुधवार को एक गरीब मजदूर को बेशकीमती हीरा मिला है। हीरा पारखी अनुपम सिंह ने बताया कि राजू गोंड ने कार्यालय से पट्टा बनवाकर करीब दो माह पूर्व खदान लगाई थी। हीरा अधिकारी रवि पटेल का कहना है कि उसे 19.22 कैरेट का जेम क्वालिटी का हीरा मिला है, जिसकी अनुमानित कीमत 80 लाख से एक करोड़ रुपये बताई जा रही है।

### एमए उर्दू के विद्यार्थी पढ़ेंगे कबीर के दोहे

**नई दिल्ली।** दिल्ली विश्वविद्यालय (डीयू) की कार्यकारी परिषद अगर पाठ्यक्रम में प्रस्तावित बदलाव को मंजूरी दे देती है तो उर्दू विषय में स्नातकोत्तर की पढ़ाई कर रहे विद्यार्थी संत कबीर दास के दोहे पढ़ते नजर आएंगे। अधिकारियों ने कहा कि कला संकाय की ओर से प्रस्तावित संशोधन को यदि मंजूरी मिलती है तो एमए उर्दू के पहले सेमेस्टर के विद्यार्थियों को कबीर वाणी के दोहे पढ़ाए जाएंगे।

## बिहार विधानसभा में एंटी पेपर लीक विधेयक पास

पटना, एजेंसी

- भर्ती परीक्षाओं में गड़बड़ी रोकने को कड़ी सजा का प्रावधान
- पांच साल तक की जेल और लगेगा 10 लाख रुपये जुर्माना

बिहार विधानसभा ने राज्य में आयोजित होने वाली भर्ती परीक्षाओं में प्रश्नपत्र लीक और अन्य गड़बड़ियों पर अंकुश लगाने के उद्देश्य से बुधवार को एक विधेयक पारित किया।

बिहार के संसदीय कार्य मंत्री विजय कुमार चौधरी द्वारा सदन में पेश किए गए बिहार लोक परीक्षा (पीई) अनुचित साधन निवारण विधेयक, 2024 को विपक्ष के बहिर्गमन के बीच ध्वनि मत से पारित कर दिया गया। नए कानून का उद्देश्य बिहार में प्रश्नपत्रों के लीक सहित प्रतियोगी परीक्षाओं में कदाचार पर अंकुश लगाना है। बिहार 'राष्ट्रीय पात्रता-सह-प्रवेश परीक्षा-स्नातक' (नीट-यूजी) 2024 प्रश्नपत्र लीक मामले को लेकर हाल में सुर्खियों में भी रहा है। विधेयक में ऐसे कदाचार में शामिल लोगों के लिए कड़ी सजा का प्रावधान किया गया है, जिसमें तीन से पांच साल की जेल और 10 लाख रुपये का जुर्माना शामिल है।

## किसानों की मांगों पर विचार करना होगा : सुप्रीम कोर्ट

### पंजाब व हरियाणा की सरकारों को दिए निर्देश, बातचीत के लिए प्रतिष्ठित व्यक्तियों की बनाएं समिति

नई दिल्ली, एजेंसी

सुप्रीम कोर्ट ने शंभू बॉर्डर पर प्रदर्शन कर रहे किसानों की एमएसपी को कानूनी रूप देने सहित विभिन्न मांगों का समाधान तलाशने के लिए उनसे बातचीत को प्रतिष्ठित व्यक्तियों की एक स्वतंत्र समिति गठित करने का बुधवार को प्रस्ताव दिया।

कोर्ट ने कहा कि केंद्र को कल्याणकारी राज्य के रूप में किसानों की मांगों की पर विचार करना होगा। उनकी कुछ मांगें वाजिब हो सकती हैं, अन्य स्वीकार्य नहीं हो सकती हैं। शीर्ष अदालत ने पंजाब और हरियाणा सरकारों को समिति के लिए उपयुक्त नाम सुझाने और राष्ट्रीय राजमार्ग पर अवरोधक हटाने के लिए प्रस्ताव देने के साथ ही शंभू बॉर्डर पर एक सप्ताह तक यथास्थिति बनाए रखने का आदेश दिया। न्यायमूर्ति सूर्यकांत की अगुवाई वाली तीन सदस्यीय पीठ ने कहा कि एक तटस्थ अंपायर की आवश्यकता है जो किसानों तथा सरकार के बीच विश्वास पैदा कर सके। पीठ में न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता और न्यायमूर्ति उज्जल भुइयां भी शामिल रहे। पीठ ने कहा कि एक सप्ताह में उचित निर्देश दिए जाएं।



संसद परिसर में किसान नेताओं के साथ कांग्रेस नेता राहुल गांधी। ● एजेंसी

### एमएसपी की कानूनी गारंटी किसानों का हक : राहुल

**नई दिल्ली।** लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने किसान नेताओं के एक प्रतिनिधिमंडल से मुलाकात के बाद बुधवार को कहा कि न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) की कानूनी गारंटी किसानों का हक है और यह सुनिश्चित करने के लिए इंडिया गठबंधन के घटक दल सरकार पर दबाव बनाएंगे। किसान नेताओं ने राहुल गांधी के संसद भवन स्थित उनके कार्यालय में मुलाकात की। जिसके बाद गांधी ने संसद परिसर में कहा कि कांग्रेस ने अपने चुनावी घोषणापत्र में एमएसपी की कानूनी गारंटी देने की बात कही थी। हमने आकलन किया है कि ये बिल्कुल किया जा सकता है। इस बारे में हमने किसान नेताओं के साथ बैठक की। हमने तय किया है कि 'इंडिया' गठबंधन के नेताओं से चर्चा कर, हम सरकार पर एमएसपी की कानूनी गारंटी के लिए दबाव बनाएंगे।

## काठमांडू में हादसा, विमान में लगी आग, 18 लोगों की मौत

### त्रिभुवन अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर उड़ान भरते समय रनवे से फिसलकर हुआ क्रैश

काठमांडू, एजेंसी

काठमांडू में त्रिभुवन अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर बुधवार सुबह उड़ान भरने के दौरान एक निजी एयरलाइन का विमान दुर्घटनाग्रस्त हो गया, जिसमें एक बच्चे समेत 18 लोगों की मौत हो गई जबकि पायलट गंभीर रूप से घायल है। सौर्य एयरलाइंस का विमान एन9एएमई नियमित रखरखाव कार्य के लिए पोखरा जाते समय पूर्वाह्न 11:11 बजे हादसे का शिकार हो गया। विमान में चालक दल के दो सदस्य और एयरलाइन के तकनीकी कर्मी समेत 19 लोग सवार थे।

नेपाल के नागर विमानन प्राधिकरण ने बताया कि बमबॉर्डियर सीआरजे-200 विमान रनवे पर फिसल गया और उसमें तुरंत आग लग गई। मृतकों में एक ही परिवार के तीन लोग हैं जिनमें एयरलाइन के तकनीशियन मनु राज शर्मा, उनकी पत्नी प्रिजा खातीवाड़ा और चार वर्षीय बेटा आदि राज शर्मा शामिल हैं। प्रिजा और उनके बेटे की पहचान शुरुआत में कंपनी के कर्मचारी के रूप में की गई थी, लेकिन बाद में पता चला कि वे यात्री थे।



हादसे के बाद मौके पर पहुंचे बचाव दल के लोग। ● एजेंसी

- निजी एयरलाइन की उड़ान में सवार थे क्रू मेंबर सहित 19 यात्री
- विमान के पायलट की हालत गंभीर अस्पताल में चल रहा उपचार

सोशल मीडिया पर पोस्ट किए गए एक वीडियो में विमान में आग लगते और धुआं उठते देखा जा सकता है। मृतकों की पहचान सह-पायलट एस. कतुवाल और सौर्य एयरलाइंस के कर्मचारी तथा यमन के नागरिक आरिफ रेदा के तौर पर हुई है। वहीं, पायलट कैप्टन मनीष शाक्य (37) का काठमांडू मॉडल हॉस्पिटल में उपचार किया जा रहा है। काठमांडू मेडिकल अस्पताल (केएमसी) के अधिकारियों ने बताया कि दुर्घटना में घायल हुए कैप्टन शाक्य की हालत गंभीर बनी हुई है। उनकी आंख और रीढ़ की हड्डी की सर्जरी की जा रही है। प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली और गृह मंत्री रमेश लेख ने घटनास्थल का दौरा करके राहत व बचाव कार्य के निर्देश दिए। ओली ने कहा कि वह विमान दुर्घटना में हुई मौतों से बहुत दुखी हैं। उन्होंने सभी से दुख की इस घड़ी में धैर्य रखने का आग्रह किया।

### हादसे की जांच के लिए 5 सदस्यीय समिति गठित

ओली कैबिनेट की सिंह दरबार में आयोजित बैठक में, दुर्घटना की जांच के लिए नेपाल के नागर विमानन प्राधिकरण के पूर्व महानिदेशक रतीश चंद्रलाल सुमन के नेतृत्व में पांच सदस्यीय समिति गठित करने का निर्णय लिया गया। समिति को रिपोर्ट देने के लिए 45 दिन का समय दिया है।

## मेटा एआई हिंदी समेत सात नई भाषाओं में उपलब्ध

- जल्द ही और भाषाएं होंगी शामिल

**नई दिल्ली।** कृत्रिम मेधा (एआई) आधारित कंपनी मेटा एआई अब हिंदी समेत सात नई भाषाओं में उपलब्ध है। कंपनी ने कहा कि यह कदम बहुभाषी खंड में मेटा के एआई असिस्टेंट की क्षमता बढ़ाता है। इसका मतलब यह है कि उपयोगकर्ता इन नई भाषाओं में व्हाट्सएप, इंस्टाग्राम, मैसेंजर और फेसबुक पर मेटा एआई के साथ बातचीत कर सकेंगे। कैलिफोर्निया के मेन्लो पार्क स्थित कंपनी ने बयान में कहा कि आप व्हाट्सएप, इंस्टाग्राम, मैसेंजर और फेसबुक पर मेटा एआई के साथ- हिंदी 'हिंदी-रोमनकृत लिपि', फ्रेंच, जर्मन, इतालवी, पुर्तगाली और स्पेनिश जैसी नई भाषाओं में भी बातचीत कर सकते हैं। जल्द ही और भी भाषाएं शामिल की जाएंगी। मेटा एआई अब 22 देशों में उपलब्ध है। अर्जेंटीना, चिली, कोलंबिया, इक्वाडोर, मेक्सिको, पेरू और कैमरून में इसकी सेवाएं हाल ही में शुरू हुई हैं। उपयोगकर्ता अब गणित और कोडिंग जैसे अधिक जटिल प्रश्नों के लिए हिंदी में सहायता के लिए उन्नत मेटा एआई मॉडल का उपयोग कर सकते हैं।

## कुपवाड़ा में मुठभेड़ एक जवान शहीद मार गिराया आतंकी

श्रीनगर, एजेंसी

जम्मू कश्मीर के कुपवाड़ा जिले में सुरक्षा बलों और आतंकवादियों के बीच रातभर मुठभेड़ हुई जिसमें एक आतंकवादी मारा गया और हिमाचल प्रदेश के ऊना निवासी सेना के जवान दिलवर खान शहीद हो गए। अधिकारियों ने बुधवार को बताया कि कुछ दिन पहले सेना और पुलिस ने संदिग्ध आतंकवादी गतिविधियों के बारे में सूचना मिलने के बाद कुपवाड़ा के लोलाब इलाके में आतंकवाद विरोधी अभियान शुरू किया था।

उन्होंने बताया कि मंगलवार को संदिग्ध गतिविधियां दिखाई देने पर सैनिकों ने संदिग्धों को चुनौती दी, जिसके बाद मुठभेड़ शुरू हो गई। श्रीनगर की चिनार कोर ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि कुपवाड़ा के कोवुत इलाके में आतंकवादियों की मौजूदगी के बारे में खुफिया जानकारी मिलने पर सेना और जम्मू-कश्मीर पुलिस ने 23-24 जुलाई को संयुक्त तलाश अभियान शुरू किया। सेना ने कहा कि मंगलवार को संदिग्ध गतिविधियां दिखाई देने पर सैनिकों ने संदिग्धों को ललकारा। इस पर आतंकवादियों ने अंधाधुंध गोलीबारी शुरू कर दी और फिर मुठभेड़ शुरू हो गई। सेना ने कहा कि मुठभेड़ में एक आतंकवादी मारा गया और एक सैनिक घायल हो गया था। अधिकारियों ने बताया कि घायल सैनिक की बाद में उपचार के दौरान मौत हो गई।



मुठभेड़ के दौरान मोर्चा संभाले जवान।

- हिमाचल के ऊना के रहने वाले दिलवर खान शहीद
- कोवुत इलाके में सेना-पुलिस ने चलाया था तलाशी अभियान

### स्कूल बसों को रोकने पर शासन ने की कार्रवाई

## संभागीय निरीक्षक और एआरटीओ निलंबित

कार्यालय संवाददाता, चित्रकूट

- रास्ते से बसों को पकड़कर पुलिस लाइन ले गए थे

**अमृत विचार :** चेकिंग के नाम पर स्कूली बच्चों से भरी दो बसों को एआरटीओ (प्रवर्तन) और अन्य विभागीय कर्मी पुलिस लाइन ले गए। दो घंटे तक बच्चे भीषण उमस व गर्मी में बैठे रहे। अभिभावकों ने इसकी जानकारी ट्वीट के जरिये मुख्यमंत्री कार्यालय को दी।

प्रथम दृष्टया लापरवाही पाए जाने पर संभागीय निरीक्षक प्राविधिक गुलाब चन्द्र को निलंबित कर दिया गया। बाद में सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी (प्रवर्तन) विवेक कुमार शुक्ला को भी निलंबित कर दिया गया। मंगलवार को जिले के एक स्कूल के बच्चों की पूर्वान्ह 11 बजे छुट्टी हुई तो बच्चों को लेकर दो बसें कर्वी तक पहुंच गईं। इसी दौरान वाहनों की फिटनेस समाप्त हो जाने के नाम पर एआरटीओ (प्रवर्तन) दोनों बसों को लेकर कई किमी दूर पुलिस लाइन पहुंच गए। दोनों वाहनों को फायर सर्विस परिसर पुलिस लाइन में दाखिल कराया गया और लगभग एक बजे छोड़ा गया।

## धनबाद से गिरफ्तार अभियुक्त की सीबीआई रिमांड

**नीट-यूजी पेपर लीक मामला**

**पटना।** नीट-यूजी 2024 के प्रश्न पत्र लीक मामले में बिहार में पटना की एक विशेष अदालत ने झारखंड के धनबाद से गिरफ्तार एक अभियुक्त को बुधवार को छह दिनों के पुलिस रिमांड पर सीबीआई को सौंपे जाने का आदेश दिया। सीबीआई ने धनबाद से गिरफ्तार किए गए अभियुक्त अविनाश कुमार उर्फ बंटी को वहां की एक अदालत से प्राप्त ट्रांजिट रिमांड के आधार पर यहां लाकर विशेष प्रभारी न्यायिक दंडाधिकारी धनंजय कुमार पांडे के समक्ष पेश किया था, जहां उसे न्यायिक हिरासत में लिया गया।

## कुर्सी को बचाओ और मित्रों पर लुटाओ है सरकार का नारा

**बजट पर चर्चा**

### बिहार-आंध्र पर मेहरबानी, अन्य की अनदेखी : कांग्रेस

नई दिल्ली, एजेंसी

कांग्रेस ने केंद्रीय बजट को 'कुर्सी बचाओ और जुमला बजट' करार देते हुए बुधवार को कहा कि इस बजट में सिर्फ दो राज्यों बिहार और आंध्र प्रदेश पर मेहबरानी की गई है, लेकिन देश के अन्य राज्यों, किसानों और गरीबों की अनदेखी की गई है।

वर्ष 2024-25 के लिए केंद्रीय बजट पर लोकसभा में सामान्य चर्चा की शुरुआत करते हुए कांग्रेस सांसद कुमारी सैलजा ने यह दावा भी किया कि 'कुर्सी को बचाओ और मित्रों पर लुटाओ' इस सरकार का आखिरी नारा है। उन्होंने कहा कि अगर सरकार को बेरोजगारी नजर नहीं आ रही है तो आगामी विधानसभा चुनावों में उसे नजर आने लगेगी। हरियाणा के सिरसा से लोकसभा सदस्य सैलजा ने कटाक्ष करते हुए कहा कि वित्त मंत्री ने हमारा घोषाणापत्र लागू किया, हम धन्यवाद करते हैं। कांग्रेस नेता ने जनगणना में देरी का मुद्दा भी उठाया।

### संसद परिसर में इंडी गठबंधन के सांसदों ने किया प्रदर्शन





**नई दिल्ली।** विपक्षी इंडिया गठबंधन के घटक दलों के सांसदों ने केंद्रीय बजट में विपक्षी दलों द्वारा शासित राज्यों के साथ भेदभाव का आरोप लगाते हुए बुधवार को संसद भवन परिसर में प्रदर्शन किया। इस विरोध प्रदर्शन में राज्यसभा में नेता प्रतिपक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, कांग्रेस संसदीय दल की प्रमुख सोनिया गांधी, लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी, समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव और कई अन्य विपक्षी दलों के सांसद शामिल हुए। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने आरोप लगाया कि यह बजट जनविरोधी है। राहुल गांधी ने इस विरोध प्रदर्शन का हवाला देते हुए अपने व्हाट्सएप चैनल पर कहा कि यह बजट भारत के संघीय ढांचे की गरिमा पर आघात है।

### विपक्ष ने राज्यसभा से किया बहिर्गमन



**नई दिल्ली।** कांग्रेस के नेतृत्व में विपक्षी दलों ने बुधवार को आम बजट 2024-25 में बिहार और आंध्र प्रदेश को छोड़कर अन्य राज्यों की अनदेखी करने का आरोप लगाते हुए राज्यसभा से बहिर्गमन किया। सभापति जगदीप धनखड़ द्वारा नियम 267 के तहत दिए गए नोटिस खारिज करने के बाद विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खरगे ने बजट का जिक्र करते हुए कहा कि इसमें किसी भी राज्य को कुछ नहीं मिला। सबकी थाली खाली और दो की थाली में पकौड़े और जलेबी।

### किसी राज्य के साथ भेदभाव नहीं किया



**नई दिल्ली।** वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने आम बजट आवंटन में राज्यों के साथ भेदभाव किए जाने के विपक्ष विशेषकर कांग्रेस के आरोपों को खारिज करते हुए बुधवार को कहा कि इसमें किसी भी राज्य के साथ भेदभाव नहीं किया गया है और बजट भाषण में सभी राज्यों का नाम नहीं लिया जाता है, लेकिन बजट दस्तावेजों में सभी राज्यों के आवंटन का उल्लेख होता है। सीतारमण ने कांग्रेस को चुनौती देते हुए कहा कि देश में सबसे अधिक बजट पेश करने वाली पार्टी अपने पूर्ववर्ती वित्त मंत्रियों के बजट भाषण को पढ़कर देखे कि क्या उसमें सभी राज्यों के नाम का उल्लेख है।

**पारिवारिक लाभ योजना**

### नया पोर्टल बनकर तैयार, बनाई जा रही है एसओपी, किस जिले में कितने आवेदन लंबित, पोर्टल से चलेगा पता

## 45 दिन के भीतर करना होगा आवेदन का निस्तारण

राजीव शुक्ला, लखनऊ

**अमृत विचार :** पारिवारिक लाभ योजना के तहत मिलने वाली आर्थिक मदद के लिए अब लाभार्थियों को वर्षों का इंतजार नहीं करना पड़ेगा।

आवेदन के 45 दिनों के भीतर अगर सब कुछ सही पाया गया तो योजना का पैसा लाभार्थी के खाते में पहुंच जाएगा। मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना की तरह समाज कल्याण विभाग अब पारिवारिक लाभ योजना की भी एसओपी तैयार कर रहा है। एसओपी में आवेदन निस्तारण की समय सीमा तय की जा रही है।

समाज कल्याण विभाग की ओर से संचालित पारिवारिक लाभ योजना का नया पोर्टल बनकर तैयार हो गया है। अब इस योजना के लिए सिर्फ ऑनलाइन आवेदन ही स्वीकार किए जाएंगे।

विभागीय अधिकारियों के अनुसार जांच में आवेदन सही पाए जाने के बाद उसे पोर्टल पर फीड कर दिया जाएगा। पोर्टल पर फीड होने से लाभार्थी भी अपने आवेदन की स्थिति को जान सकेंगे। साथ ही पोर्टल पर यह भी प्रदर्शित होगा कि प्रदेश में किस जिले के कितने आवेदन लंबित हैं, कितने आवेदन निरस्त किए गए और कितने आवेदनों में लाभार्थी के खातों में पैसा भेजा जा चुका है।

### क्या है पारिवारिक लाभ योजना

राष्ट्रीय पारिवारिक लाभ योजना के तहत सरकार गरीबी की रेखा से नीचे जीवन यापन करने वाले परिवार के कमाऊ मुखिया की मृत्यु होने पर परिवार के आश्रित को एक साथ तीस हजार रुपये की आर्थिक सहायता देती है। शर्त यह है कि मुखिया की उम्र 60 साल से कम होनी चाहिए।

### आवेदन करने की अवधि भी तय

एसओपी में आवेदन करने की समय सीमा भी तय की जा रही है। योजना का लाभ पाने के लिए लाभार्थी को मुखिया की मृत्यु के बाद 45 दिनों के अंदर ऑनलाइन आवेदन करना होगा। किसी वजह से अगर लाभार्थी 45 दिनों में आवेदन नहीं कर पाता, तो उसे आवेदन के लिए जिला समाज कल्याण अधिकारी से अनुमति लेनी होगी। जिला समाज कल्याण अधिकारी आवेदन को समाज कल्याण निदेशालय से अग्रसारित करेंगे। निदेशालय से अनुमति मिलने के बाद ही आवेदन किया जा सकेगा।

### दोबारा नहीं कर पाएंगे आवेदन

विभागीय अधिकारी बताते हैं कि पिछले दिनों विभाग ने इस योजना में लंबित आवेदनों की जांच कराई। जांच में एक ही लाभार्थी के छह-छह, सात-सात आवेदन पाए गए। बताया कि ऑनलाइन आवेदन होने से लाभार्थी एक बार ही आवेदन कर सकेगा। पहला आवेदन जांच के बाद निरस्त किए जाने पर भी दोबारा आवेदन नहीं होगा। आवेदन के समय लाभार्थी की ओर से जैसे ही अपने आधार और बैंक खाते का ब्यौरा दर्ज किया जाएगा। बाकी जानकारी आवेदन में अपने आप फीड होती जाएगी। खास बात यह है कि मुखिया का मृत्यु प्रमाण पत्र भी ऑटो फेच हो जाएगा।

## नीतीश कुमार के फिर बिगड़े बोल अरे महिला हो, कुछ जानती नहीं हो

पटना, एजेंसी

- राजद की महिला विधायक रेखा देवी पर भड़के बिहार के सीएम
- आरक्षण कानूनों को नौवीं अनुसूची में शामिल करने को विपक्ष का हंगामा

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार बुधवार को विधानसभा में अपना आपा खो बैठे और राजद की महिला विधायक रेखा देवी पर भड़कते हुए एक विवादास्पद टिप्पणी करते हुए कहा कि अरे महिला हो, कुछ जानती नहीं हो! उनके बयान पर फिर से हंगामा खड़ा हो गया है।

राजद विधायक भाई वीरेंद्र ने बाद में इस मुद्दे पर कड़ा विरोध जताते हुए कहा कि मुख्यमंत्री पता नहीं महिलाओं को क्या-क्या बोलने लगे। पता नहीं महिलाओं से उन्हें प्रेम है या नफरत? यह बात हमें समझ ही में नहीं आती। बिहार विधानसभा में बुधवार को राज्य के संशोधित आरक्षण कानूनों को संविधान की नौवीं अनुसूची में शामिल किए जाने की मांग को लेकर विपक्ष ने हंगामा किया। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार हस्तक्षेप करने के लिए उठे। उस समय राजद की मसौढी से विधायक रेखा देवी कुछ कह रही थीं।



विधानसभा सत्र को संबोधित करते बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार।

मुख्यमंत्री ने रेखा देवी की ओर उंगलियां दिखाते हुए ऊंची आवाज में कहा कि अरे महिला हो, कुछ जानती नहीं हो। राजद ने किसी महिला को आगे बढ़ाया था? क्या आपको पता है कि मेरे सत्ता संभालने के बाद ही बिहार में महिलाओं को उनका हक मिलना शुरू हुआ। 2005 के बाद हमने महिलाओं को आगे बढ़ाया है। बोल रही हो, फालतू बात.. इसलिए कह रहे हैं, चुपचाप सुनो। महिला विधायक से इस तरह मुखातिब होने का विपक्षी सदस्यों ने विरोध किया।

## एक नजर

**एसटीएफ ने असलहा तस्करों को किया गिरफ्तार**

अमृत विचार,लखनऊ : एसटीएफ ने राजधानी के पारा क्षेत्र से अंतर्राज्यीय स्तर पर असलहों के दो तस्करों अंबेडकरनगर निवासी मनीष गुप्ता एवं ग्वालियर निवासी शैलेंद्र शर्मा को गिरफ्तार किया है। दोनों के पास से आठ पिस्टल, 18 मैग्जीन सहित कई वस्तुएं बरामद हुई हैं।

**नई बिजली दरों के निर्धारण पर बुलाई गई बैठक टली**

अमृत विचार,लखनऊ :नई बिजली दरों के निर्धारण को लेकर बुधवार को राज्य विद्युत नियामक आयोग में बुलाई गई बैठक टल गई। शासन के अधिकारियों के बैठक में शामिल न होने के कारण बैठक टाल दी गई। राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद के अध्यक्ष अवधेश कुमार वर्मा ने बैठक में अधिकारियों के न आने पर नाराजगी जताई है।

# भीड़ जनित आपदा से बचाव के लिए एसओपी जारी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- डीजीपी ने प्रदेश के समस्त जिलों को जारी किए दिशा निर्देश
- जारी एसओपी के आधार पर होंगे आयोजन, न होने पर होगी कार्रवाई

**अमृत विचार:** डीजीपी प्रशांत कुमार ने भीड़ जनित आपदा एवं भगदड़ से बचाव को लेकर आयोजनों में भीड़ प्रबंधन व पुलिस व्यवस्थापन के लिए स्टैण्डर्ड ऑपरेटिंग प्रोसीजर (एसओपी) जारी की है। उन्होंने किसी भी प्रकार के आयोजनों के समय, आयोजक, प्रशासन, पुलिस, अस्पताल, अग्निशमन, सिविल डिफेंस आदि की क्या-क्या भूमिकाएं होंगी के बारे में बताया। भविष्य में होने वाले आयोजनों में इसी एसओपी के आधार माना जाएगा।

उन्होंने कहा कि किसी भी भीड़ जनित आपदा के दृष्टिगत एक एकीकृत प्रणाली विकसित करते हुए डीएम, सीएमओ, सिविल डिफेंस, अग्निशमन, विभिन्न स्वयं सेवी संगठनों तथा स्थानीय पुलिस के स्तर पर नियमित रूप से उक्त प्रणाली को विकसित व अपडेट किये जाने के लिए, लगातार कार्यवाही सुनिश्चित की जाए। आपदा प्रबंधन से संबंधित समस्त विभागों को सम्मिलित करते हुए नियमित पूर्वाभ्यास, स्थानीय परिस्थितियों का समावेश करते हुए उक्त योजना को प्रतिवर्ष अपडेट किया जाए। जिले की पुलिस लाइन में विशेष आयोजनों में सुरक्षा, भीड़ नियंत्रण तथा सुव्यवस्थित यातायात संचरण के दृष्टिगत आवश्यक संसाधनों व उपकरणों की नियमित देखरेख व कर्मियों को समुचित प्रशिक्षण दिया जाए। जिला स्तर पर समस्त राजकीय व निजी अस्पतालों को चिन्हित कर लिया जाए। वरिष्ठ अधिकारियों, स्थानीय मजिस्ट्रेट व अन्य संबंधित विभागीय अधिकारी के साथ कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण किया जाना जरूरी है। अनुमतिकर्ता अधिकारी तथा स्थानीय पुलिस द्वारा यह पूर्णरूप से सुनिश्चित कर लिया जाए कि कार्यक्रम स्थल पर किसी प्रकार का कोई खतरा नहीं है तथा उस स्थल पर आगन्तुकों का सुरक्षित आवागमन सम्भव है। विशिष्ट अतिथियों के आगमन का मार्ग, जोन सेक्टर स्कीम तथा आकस्मिक प्रबंधन के संबंध में कार्ययोजना तैयार रखा जाए।

**एसओपी में 50 क्लाज**

एसओपी में बताया गया है कि समस्त संबंधित विभागों यथा - नोडल मंत्रालय, विदेश मंत्रालय, सुरक्षा एजेंसी, नगर निगम, खाद्य सुरक्षा विभाग, एयरपोर्ट सुरक्षा से संबंधित समस्त एजेंसी तथा प्रोटोकॉल और जिला प्रशासन से समन्वय रखा जाए। कार्यक्रम धार्मिक, सांस्कृतिक, राजनीतिक, सामाजिक, खेल आदि किस प्रकार का है, इसकी विस्तृत जानकारी कर आगन्तुकों की संख्या का पूर्वानुमान भी रखा जाए। बता दें कि एसओपी में लगभग 50 क्लाज दिए गए हैं, जिनका पालन अनिवार्य किया गया है।

## थानों के जर्जर भवन होंगे ध्वस्त, बनेंगे नए आवास

**अमृत विचार,लखनऊ:** प्रदेश के कई थानों में बने आवासों के जर्जर हो जाने के कारण उसे ध्वस्त करने और नए आवासों के निर्माण का निर्णय लिया गया है। पुलिस मुख्यालय से आए प्रस्तावों को ध्यान में रखते हुए शासन ने स्वीकृति भी दे दी है।

बताते हैं कि औरैया के थाना बिधूना में महिला आवास जर्जर हो गया है। इसके अलावा मुरादाबाद के थाना मुगलपुरा थाने में बने कर्मचारियों के आवास, यहीं के कोतवाली परिसर में बने कर्मचारियों के आवास, मथुरा के थाना नौहझील में आवास एवं बैरिक, लखनऊ के बंथरा में मथुरा के मोगर्रा थाना परिसर में जर्जर आवासों के ध्वस्तीकरण और नए आवास के निर्माण की संस्तुति कर दी गई है।

# नैनी सेंट्रल जेल से कैदी के भागने पर जांच टीम गठित

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- गैंगरेप के आरोप में जेल में था बंद, बीते शनिवार को हुआ था फरार

**अमृत विचार:** प्रयागराज स्थित नैनी सेंट्रल जेल से सामूहिक दुष्कर्म का बंदी फरार हो जाने के मामले में जांच टीम गठित कर दी गई है। जांच में दोषी पाए जाने पर अन्य जेल कर्मियों के खिलाफ भी कार्रवाई हो सकती है।

बताते कि कालीचरण नामक कैदी शनिवार को जेल से फरार हो गया था। वह 5 महीने पहले जेल में लाया गया था। जानकारी के मुताबिक कैदी कालीचरण की ड्यूटी बाहर बाग में खेती में लगी थी। कैदी के फरार होने की सूचना से जेल प्रशासन में हड़कंप मच गया। जेल अधीक्षक ने एक हेड वार्डन और तीन वार्डन को निलंबित कर दिया था। कैदी के भागने की सूचना लखनऊ में आला अधिकारी को दी गई, तो महानिदेशक कारागार पीवी रामाशास्त्री स्वयं कारागार पहुंचे और जेल कर्मियों से पूछताछ की। फिलहाल पूरे मामले की जांच के लिए टीम गठित कर दी गई है। बताया जा रहा है कि कालीचरण गैंगरेप का आरोपी था।

# तहसील में निवास करें एसडीएम और तहसीलदार : मुख्य सचिव

## मंडलायुक्तों व जिलाधिकारियों को दिया निर्देश

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- निर्धारित समय सीमा के अंतर्गत समस्याओं का करें निराकरण

**अमृत विचार:** प्रदेश के लोगों की समस्याओं को सुनने व समय पर उसका निस्तारण पर जोर देते हुए शासन ने उप जिलाधिकारियों व तहसीलदारों को तहसील में ही निवास करने के सख्त निर्देश दिये हैं। इस सिलसिले में मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह ने सभी मंडलायुक्तों व जिलाधिकारियों को निर्देश जारी किया गया है। निर्देश का पालन न करने पर कड़ी कार्रवाई की चेतावनी दी गई है।

जारी निर्देश में मुख्य सचिव ने कहा है कि उप जिलाधिकारी व तहसीलदार ज्यादा से ज्यादा समय अपनी तहसील में बितायें। आम लोगों की समस्याओं को सुनकर निर्धारित समय सीमा के अंतर्गत उसका निराकरण करने का प्रयास करें। कहा गया है कि इससे न सिर्फ अधिकारियों की, बल्कि सरकार की छवि में भी सुधार होगा। मुख्य सचिव ने सभी मंडलायुक्तों व जिलाधिकारियों को निर्देश का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित कराने को कहा है।

मुख्य सचिव ने कहा है कि सरकार की गुड गवर्नेंस की प्रतिबद्धता के लिए यह आवश्यक है कि तहसील स्तरीय प्रशासन पूरी सजगता व तत्परता से कार्य करें। इस निर्देशन व पर्यवेक्षण को सशक्त बनाने के लिए यह आवश्यक है कि संबंधित तहसीलदार व उपजिलाधिकारी जिस तहसील में तैनात हैं, वहीं निवास करें। तहसील राजस्व प्रशासन के अंतर्गत सौंपी गई जिम्मेदारियों का निर्वहन पूरी तरह किय जाय। यह सुनिश्चित करना संबंधित जिलाधिकारी व मंडलायुक्तों का प्राथमिक दायित्व है। कहा गया है कि सभी जिलाधिकारी ईमेल आईडी पर सात दिन के अंदर इस आशय का प्रमाण पत्र उपलब्ध कराएंगे। संबंधित मंडलायुक्त व शासन स्तर से इसका आकस्मिक निरीक्षण व जांच भी की जाएगी। संबंधित तहसीलदार व उपजिलाधिकारी अगर तहसील में निवासरत नहीं पाए गए तो उनके विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाएगी। साथ ही संबंधित जिलाधिकारी का भी उत्तरदायित्व निर्धारित किया जाएगा।

## क्लाइमेटिक जोन आधारित पौध तैयार की जाएं

**अमृत विचार,लखनऊ:** उद्यान राज्य मंत्री (स्वतन्त्र प्रभार) दिनेश प्रताप सिंह ने कहा, प्रदेश में मनरेगा अंतर्गत निर्माणाधीन 150 हाईटेक नर्सरियों के निर्माण कार्य में तेजी लाए और उनमें क्लाइमेटिक जोन के अनुसार गुणवत्तापरक पौध तैयार कर किसानों को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।

उद्यान मंत्री, बुधवार को अपने सरकारी आवास पर विभागीय निर्माण कार्यों की वर्चुअल समीक्षा बैठक में अधिकारियों को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि प्रदेश में किसान हितार्थ कई योजनायें संचालित की जा रहीं है। इन योजनाओं से किसानों की आय में बढ़ोत्तरी होती है। किसानों को उनकी फसलों का उचित दाम मिले, इसके लिए विशेष प्रयास किये जाएं। दिनेश प्रताप सिंह ने कहा कि औद्यानिक फसलों को विदेशी व्यापार उपलब्ध कराने के लिए प्रयास बढ़ाए जाय। बैठक में एसीएस बी. एल. मीणा, निदेशक डॉ. विजय बहादुर द्विवेदी समेत कार्यदायी संस्थाओं के प्रतिनिधि शामिल हुए।

# मुख्यमंत्री से मिले कंछल, रखे व्यापारियों के मुद्दे

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ



मुख्यमंत्री योगी के साथ उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मण्डल के पदाधिकारी।

- प्रांतीय अध्यक्ष ने मुख्यमंत्री को सात सूत्री ज्ञापन भी सौंपा

**अमृत विचार:** उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मण्डल के प्रांतीय अध्यक्ष बनवारीलाल कंछल, वरिष्ठ महामंत्री रमेश अग्रहरि के साथ मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से उनके आवास पर मिले। उन्होंने स्वलिखित पुस्तक फलदायक राम मंदिर की प्रति मुख्यमंत्री को भेंट की और कहा कि जन और व्यापारी हित में किए गए कार्य की वजह से करोड़ों व्यापारी न केवल आपके प्रशंसक हैं बल्कि सीधे जुड़े भी हैं। वार्ता के दौरान प्रांतीय अध्यक्ष ने मुख्यमंत्री को एक सात सूत्री ज्ञापन भी सौंपा।

इसमें मंडी शुल्क की दर 1 प्रतिशत किए जाने, सैम्पलिंग होली, दीपावली, ईद जैसे त्यौहारों के सात दिन पूर्व करने, बिजली विभाग का फिक्स एवं मिनिमम चार्जेज समाप्त करने समेत तमाम मुद्दे रखें। इसके अलावा 10 वर्ष का शुल्क लेकर सभी विभागों के लाइसेंस आजीवन किये जाने, मूलधन जमा करने वाले व्यापारियों का ब्याज माफ कर केस का निस्तारण किया जाए। यही नहीं जीएसटी, मंडी शुल्क का रिटर्न देर से जमा होने पर ब्याज 18 प्रतिशत से घटाकर 9 प्रतिशत किया जाये। पंजीकृत व्यापारियों का स्वास्थ्य बीमा 10 लाख, दुकान जलने और लुटने का बीमा 10 लाख किया जाए।

मुख्यमंत्री ने सभी मांगों पर सहमति जताई और विचार करने का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि हम पांच लाख का बीमा दे रहे हैं। लाइसेंसों के बारे में सहमति प्रदान करते हुए उन्होंने कहा कि आजीवन ना कर इसे 5 वर्ष किए जाने पर विचार किया जाएगा। सैंपल लेने की व्यवस्था किसी भी बड़े त्यौहार पर 15 दिन पूर्व तक होनी चाहिए इसके बाद नहीं होनी चाहिए। वरिष्ठ महामंत्री रमेश अग्रहरि ने कौशांबी के संबंध में एक ज्ञापन दिया। इस पर उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया और तुरंत कार्यवाही के लिए कहा। इस दौरान व्यापारी नेता सचिन कंछल भी मौजूद रहे।

## क्षेत्रीय जनता की समस्याएं न सुनीं जाएं तो हमें बताएं: योगी

**अमृत विचार,लखनऊ:** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि अधिकारियों के स्तर पर अगर क्षेत्रीय जनता की समस्याएं न सुनीं जाएं, तो सीधे उन्हें बताएं। लोगों की हर समस्या का समाधान किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने बुधवार को सरकारी आवास पर आये बरेली व मुरादाबाद मंडल के विधायकों के साथ शिष्टाचार भेंट के दौरान उन्हें यह भरोसा दिलाया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि विधायक अपने क्षेत्र में सक्रियता बढ़ायें और लोगों की समस्याओं को सुनने व उसके निस्तारण कराने का प्रयास करें। मुख्यमंत्री ने विधायकों से कहा कि जनता में अपनी पकड़ मजबूत करें। बरेली मंडल की बैठक में मंत्री सुरेश खन्ना, धर्मपाल सिंह, राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) जेपीएस राठौर व डा. अरुण कुमार सक्सेना, राज्यमंत्री संजय गंगवार, विधायक प्रवक्तानंद, एमएलसी बहोरन लाल मौर्य आदि मौजूद रहे।

# दो हजार चिकित्सक बन गए विशेषज्ञ डॉक्टर

पद्माकर पाण्डेय,लखनऊ

- न्यायालय के निर्देश के बाद डिप्लोमा डॉक्टर्स में उम्मीद जगीं

**अमृत विचार:** स्वास्थ्य विभाग में विशेषज्ञ डॉक्टरों की कमी दूर हो गई, उच्च न्यायालय (लखनऊ बेंच) के एक आदेश से विभाग की समस्या का समाधान हो गया। वर्तमान में सेवारत करीब दो हजार डिप्लोमाधारी डॉक्टर विभागीय रिकार्ड में विशेषज्ञ हो गए हैं।

जन सामान्य को गुणवत्तायुक्त स्वास्थ्य सेवाएं मुहैया कराने के लिए बीते कई दशक से राज्य सरकार द्वारा सरकारी अस्पतालों में कार्यरत एमबीबीएस डॉक्टरों को विभिन्न विषयों में डिप्लोमा करने भेजा जाता था। प्रदेश के आठ मेडिकल कॉलेजों में संसाधन बढ़ने के साथ ही डिप्लोमा लेने वालों की संख्या में भी इजाफा होने लगा। नतीजतन हर साल पीएमएसएच के 150-200 एमबीबीएस डॉक्टर दो वर्षीय डिप्लोमा मिलने लगा था। तकनीकी रूप से दिक्कत पंजीकरण को लेकर आ गई, तत्कालीन मेडिकल काउंसिल ऑफ इंडिया द्वारा मेडिकल कॉलेजों को डिप्लोमा सीट नहीं बढ़ाई गई, लिहाजा मेडिकल कॉलेजों के पास प्रति डिप्लोमा जितनी अधिकृत सीटें होती थी, उतने ही डॉक्टरों को उप्र. स्टेट मेडिकल फैकल्टी में बतौर विशेषज्ञ पंजीकृत किया जाता था। अर्थात हर विभाग में केवल सर्वोच्च अंक प्राप्त करने वाले चिकित्सक ही पंजीकृत होते थे, अन्य सभी बतौर एमबीबीएस अस्पतालों में विशेषज्ञता युक्त सेवाएं रहे हैं। इन डॉक्टरों ने न्यायालय की शरण ली, बीते दिनों डिप्लोमाधारी डॉक्टरों के पक्ष में निर्णय आने से सभी ने राहत महसूस किया।

**लंबित मामलों में मिलेगी राहत**

डिप्लोमाधारी एमबीबीएस चिकित्सकों के विशेषज्ञ बनने से स्वास्थ्य विभाग को विभिन्न न्यायालयों में लंबित मामलों में राहत मिलेगी। क्योंकि मरीजों के परिवारीजनों द्वारा उचित इलाज को लेकर आरोप लगाए जाते हैं, रिकार्ड में विशेषज्ञ चिकित्सक न होने की वजह से न्यायालय में स्वास्थ्य विभाग को दिक्कतों का सामना करना पड़ता है।

> संबन्धित मेडिकल कॉलेज से अपनी प्रमाण पत्र को फेरीफाई कराकर डॉक्टरों को स्टेट मेडिकल फैकल्टी में ऑन लाइन आवेदन करना होगा। आवेदन करने वाले डॉक्टरों का विशेषज्ञता में पंजीकरण किया जाएगा।
> –डॉ.आलोक कुमार, सचिव उप्र. स्टेट मेडिकल फैकल्टी

> उच्च न्यायालय का निर्णय, डिप्लोमाधारी डॉक्टरों के साथ ही स्वास्थ्य विभाग के लिए भी अच्छा है। सरकारी अस्पतालों में विशेषज्ञ डॉक्टरों की उपलब्धता बनाए रखने के लिए राज्य सरकार को पुन: डिप्लोमा कोर्सेस शुरू कराने की पहल करनी चाहिए।
> –डॉ.अमित सिंह, प्रांतीय महामंत्री पीएमएसएच

## बरेली की पुरानी जेल के लिए 68 करोड़ जारी

**अमृत विचार,लखनऊ:** बरेली में पुराने कारागार के पुनर्निर्माण के लिए शासन ने पुनः 68 करोड़ की धनराशि जारी की है। यह धनराशि तीसरी किस्त के रूप में दी गई है।

इससे पहले पहले दो किश्तों में धनराशि जारी की जा चुकी है। इस परियोजना का कुल लागत करीब 172 करोड़ के आसपास आई है। बतादें कि बरेली के पुराने कारागार का पुनर्निर्माण कराया जा रहा है। इसमें बने पुराने भवनों की मरम्मत कराई जा रही है एवं नया निर्माण भी कराया जा रहा है। इस कारागार के कार्य को जल्द पूर्ण करने के निर्देश दिए गए हैं।

# क्लेम के लिए तो नहीं हुआ पशुओं का फर्जी पोस्टमार्टम

प्रशांत सक्सेना, लखनऊ

**पशुधन बीमा योजना**

- पशुओं की मौत पर किए गए दावों की चिकित्सकों को नहीं है जानकारी
- ज्यादा क्लेम आने पर 33 जिलों के 63 चिकित्सक ठहराए गए थे दोषी

**अमृत विचार :** जोखिम प्रबंधन एवं पशुधन बीमा योजना में पशुओं की फर्जी पोस्टमार्टम रिपोर्ट बना क्लेम लेने की आशंका है। पूर्व में उप्र पशुधन विकास परिषद द्वारा बीमित पशुओं के मरने पर अधिक इन्श्योरेंस क्लेम रेसियो (आईसीआर) को लेकर आपत्ति जताई गई है। 33 जिलों के 63 पशु चिकित्सकों के बीमाकरण पर रोक लगाई गई।

इनकी पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर पशु पालकों ने दावा किया। पता तब चला जब कुछ चिकित्सकों ने लिखित जवाब दिया कि पशुओं की मौत की सूचना की उन्हें कोई जानकारी नहीं है और न ही बीमा कंपनी को क्लेम फार्म भेजे गए। उनके अनुसार बीमित कोई भी पशु की मौत संज्ञान में नहीं है। ऐसे में सूचना गलत और भ्रामक है इसकी जांच करा कार्रवाई की जाए।

**सामने आया फर्जीवाड़ा**

पशुओं का बीमा चिकित्सकों द्वारा स्वास्थ्य परीक्षण के आधार पर होता है। उनकी मौत पर उन्हीं चिकित्सकों द्वारा पोस्टमार्टम रिपोर्ट जारी की जाती है। ऐसे में सवाल है कि जिन की क्षतिपूर्ति का दावा किया गया वह प्रक्रिया चिकित्सकों द्वारा नहीं हुई। जांच में बड़ा फर्जीवाड़ा सामने आएगा।

> आईसीआर में कुछ जिलों से ज्यादा दावे आए थे। संबंधित चिकित्सकों से स्पष्टीकरण मांगा गया था। लेकिन, अभी तक लिखित ऐसा कोई जवाब नहीं मिला है। उत्तर मिलते ही जांच कराई जाएगी। –डॉ. मंजीत राठौर, पशु चिकित्साधिकारी, पशुधन विकास परिषद

**प्रीमियम से ज्यादा क्लेम आने की हुई पुनरावृत्ति**

विभागीय रिपोर्ट के मुताबिक 1 सितंबर 2023 से 14 जून 2024 तक 63 जिलों में आईसीआर पर बीमाकरण करने वाले 199 पशु चिकित्सक चिह्नित किए गए थे। इनमें 63 में 33 जिलों में पशुओं के मरने पर प्रीमियम से ज्यादा क्लेम आने की पुनरावृत्ति हुई है। जबकि 30 जिलों में भी ज्यादा क्लेम आया।

## सरकार कैंसर इंस्टीट्यूट नहीं चला पा रही : अखिलेश

**अमृत विचार,लखनऊ:** सपा के अखिलेश यादव ने कहा है कि सरकार को जानकारी है कि कैंसर की बीमारी बढ़ रही है लेकिन भाजपा सरकार, समाजवादी सरकार के दौरान लखनऊ में बनाये गये कैंसर इंस्टीट्यूट के लिए बजट नहीं दे रही है। राज्य सरकार कैंसर इंस्टीट्यूट नहीं चला पा रही है। प्रदेश की स्वास्थ्य सेवाएं चौपट है।

उन्होंने बुधवार को जारी बयान में कहा कि भाजपा की डबल इंजन की सरकार आपस में टकरा रही है। ऐसा लगता है प्रदेश की भाजपा सरकार ने दिल्ली सरकार से बजट में कुछ मांगा ही नहीं।

# संविधान के प्रस्तावना की फोटो लगाने को लेकर चलाया अभियान

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- अल्पसंख्यक कांग्रेस चला रहा प्रदेश व्यापी अभियान
- भाजपा कर रही संविधान का विरोध:शाहनवाज आलम

**अमृत विचार:** अल्पसंख्यक कांग्रेस ने चौक रोड और टेढी पुलिया पर फल विक्रेताओं के ठेलों पर संविधान की प्रस्तावना की फोटो लगाकर देश की एकता को मजबूत करने का संकल्प लिया। अल्पसंख्यक विभाग का यह प्रदेश व्यापी अभियान है।

अल्पसंख्यक कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष शाहनवाज आलम ने कहा कि योगी सरकार का फल के ठेले वालों से धार्मिक पहचान उजागर करने का आदेश संविधान विरोधी था जिस पर सुप्रीम कोर्ट ने रोक लगा दी। यह संविधान के सर्वोच्चता को स्थापित करने वाला फैसला था, जिसके बाद योगी आदित्यनाथ को मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा दे देना चाहिए था या भाजपा को उन्हें हटा देना चाहिए था। लेकिन भाजपा ने संविधान विरोधी होने के कारण उन्हें नहीं हटाया।

उन्होंने कहा कि अल्पसंख्यक कांग्रेस पूरे प्रदेश में खासकर कांवड़ यात्रा के रूट पर संविधान की प्रस्तावना की फोटो फल के ठेलों पर लगायेगी और यह संदेश देगी की भाजपा सरकार द्वारा समाज को विभाजित करने का कोई भी षड्यंत्र कांग्रेस कामयाब नहीं होने देगी। उन्होंने कहा कि भाजपा दलितों, पिछड़ों और मुसलमानों की राजनीतिक एकता से डरी हुई है और इसे तोड़ने के लिए ही ऐसे संविधान विरोधी काम कर रही है।



फल विक्रेता को संविधान की प्रस्तावना की फोटो देते कांग्रेस के कार्यकर्ता।

# 10 आईएएस व कई पीसीएस अधिकारियों का तबादला

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- शिव प्रसाद बने उप्र अनुसूचित जाति वित्त विकास निगम के प्रबंध निदेशक

**अमृत विचार:** राज्य सरकार ने 10 आईएएस व आधा दर्जन से ऊपर पीसीएस अफसरों के तबादले कर दिये। आईएएस शिव प्रसाद को अनुसूचित जाति वित्त विकास निगम का प्रबंध निदेशक बनाया गया है। वह अभी तक विशेष सचिव विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी के पद पर तैनात थे। यहां रहे राधे श्याम को प्रतीक्षारत कर दिया गया है।

अभी तक प्रतीक्षारत रही प्रेरणा सिंह को एसीईओ ग्रेटर नोयडा बनाया गया है। अपर आयुक्त अलीगढ़ मंडल डा कंचन शरण को अपर आयुक्त आगरा मंडल के पद पर भेजा गया है। अपर आयुक्त बरेली मंडल अरुण कुमार को अपर आयुक्त अलीगढ़ मंडल भेजा गया है। अपर आयुक्त लखनऊ मंडल शीलधर सिंह यादव को विशेष सचिव विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी बनाया गया है। अपर आयुक्त लखनऊ मंडल रणविजय यादव को विशेष सचिव सिंचाई के पद पर भेजा गया है। फिरोजाबाद की सीडीओ दीक्षा जैन को सीडीओ कानपुर, कानपुर विकास प्राधिकरण के सचिव रहे शत्रुघन वैश्य को फिरोजाबाद का सीडीओ बनाया गया है। कानपुर के सीडीओ सुधीर कुमार को कानपुर का नगर आयुक्त बनाया गया है।

पीसीएस अधिकारियों में सिटी मजिस्ट्रेट लखनऊ सिद्दार्थ को कानपुर में एडीएम एफआर के पद पर भेजा गया है। गोरखपुर के सिटी मजिस्ट्रेट मंगलेश दुबे को एडीएम प्रशासन गौतमबुद्धनगर बनाया गया है। एसडीएम बुलंदशहर विमल किशोर गुप्ता को मेरठ में एडीएम न्यायिक के पद पर भेजा गया है। एसडीएम बुलंदशहर लवी त्रिपाठी को एसडीएम हापुड़ बनाया गया है। एसडीएम बहराइच पंकज दीक्षित को एसडीएम आजमगढ़ बनाया गया है। सहायक निदेशक स्थानीय निकाय शालिनी सिंह को एसडीएम उन्नाव बनाया गया है। एडीएम न्यायिक रायबरेली राजेश कुमार यादव-प्रथम को एडीएम नमामि गंगे एंड ग्रामीण जलापूर्ति मथुरा बनाया गया है। एडीएम नमामि गंगे एंड ग्रामीण जलापूर्ति मथुरा विशाल कुमार यादव को एडीएम रायबरेली बनाया गया है।

**सिद्धार्थ श्रीवास्तव बने छठे राज्य वित्त आयोग के सचिव**

वित्त विभाग के अपर निदेशक सिद्धार्थ श्रीवास्तव को छठें राज्य वित्त आयोग का सचिव बनाया गया है। सचिव की नियुक्ति के बाद आयोग के गठन की प्रक्रिया पूरी हो गई है। शासन के अधिकारियों ने बताया कि अब वित्त आयोग अपना कामकाज शुरू कर सकेगा। तीन साल के लिए गठित यह आयोग पंचायती राज संस्थाओं व नगर निकायों को राज्य सरकार के राजस्व से मिलने वाली हिस्सेदारी तय करेगा। आयोग इन दोनों संस्थाओं के संसाधन बढ़ाने के लिए सुझाव भी देगा। मालूम हो कि शासन ने अपर मुख्य सचिव दीपक कुमार इस आयोग का अध्यक्ष और वित्त विभाग के विशेष सचिव नील रतन कुमार और आलोक दीक्षित को आयोग का सदस्य पहले ही बना चुकी है।

# 29 से शुरू होने वाला विधानसभा सत्र हो सकता है हंगामेदार

राज्य ब्यूरो,लखनऊ

- लोकसभा चुनाव में अप्रत्याशित जीत के बाद सपा विधायकों में जोश
- पेपर लीक व भ्रष्टाचार के मुद्दों को लेकर सरकार को घेरने की तैयारी

**अमृत विचार:** उप्र. विधानसभा का सत्र 29 जुलाई से शुरू होकर दो अगस्त 2024 को संपन्न होगा। पांच दिन चलने वाले उप्र.विधानमंडल सत्र के लिए कार्यक्रम जारी कर दिया गया है। इस छोटे सत्र के हंगामेदार होने की संभावना है।

विधानसभा की ओर से जारी कार्यक्रम के अनुसार पहले दिन सोमवार को औपचारिक कार्य होंगे, अध्यादेशों, अधिसूचनाओं और निगमों को सदन के पटल पर रखा जाएगा। विधेयकों का पुरःस्थापन आदि भी पटल पर रखा जाएगा। इसके अलावा अन्य दिनों में विधायी कार्य होंगे। अतिम दिन शुक्रवार को आधा दिन की कार्यवाही के बाद सदन स्थगित कर दिया जाएगा।

18 वीं लोकसभा चुनाव के बाद शुरू होने वाला पांच दिनी सत्र के हंगामेदार होने की संभावना है। चुनावों में समाजवादी पार्टी को अप्रत्याशित सफलता मिलने के बाद पार्टी विधायकों में जोश है और आगामी 2027 के विधानसभा चुनाव के मद्देनजर सदन में जन हित के मुद्दों को आक्रामक तरीके से उठाने की कोशिश में हैं। पेपर लीक मामले से लेकर महंगाई और भ्रस्टाचार आदि मुद्दों को लेकर सपा, राज्य सरकार को घेरने के मूड में नजर आ रही है।

**सपा के बागी विधायकों पर रहेगी सबकी नजर**

राज्य सभा के चुनाव में सपा का साथ छोड़कर सत्तापक्ष समर्थित प्रत्याशी के साथ खड़े रहने वाले आधा दर्जन से ज्यादा विधायकों पर सदन में नजर रहेगी। इन विधायकों के बैठने को लेकर चर्चाएं शुरू हैं। सूत्रों का कहना है कि इन विधायकों ने सपा में वापसी की इच्छा जतायी थी, मगर सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने मना कर दिया था।

## जीवाश्म पार्क शामिल होगा यूनेस्को की सूची में

**अमृत विचार,लखनऊ:** पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह ने कहा है कि सोनभद्र में स्थित 1400 मिलियन वर्ष पुराने सलखन जीवाश्म पार्क (फासिल पार्क) को यूनेस्कों की सूची में दर्ज कराया जाएगा। इसके लिए दिल्ली में चल रही 46 वीं विश्व धरोहर समिति की बैठक में हिस्सा लेने आए इंटरनेशनल यूनियन फॉर कंजर्वेशन ऑफ नेचर (आईयूसीएन) के निदेशक टिम बैडमैन के साथ बातचीत की गई है। उनके सुझावों को धरातल पर उतारने का कार्य किया जा रहा है।

पर्यटन मंत्री ने बुधवार को बताया कि पार्क को यूनेस्को की सूची में दर्ज कराने के लिए उप्र. इको टूरिज्म बोर्ड की दिल्ली में आईयूसीएन के विशेषज्ञों के साथ बैठक सकारात्मक रही।

# देवरिया मेडिकल कॉलेज में युवक की मौत के मामले की होगी जांच

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- कानपुर देहात में बिना पंजीकरण के संचालित नर्सिंग होम की सीएमओ करेंगे जांच

**अमृत विचार:** देवरिया स्थित महर्षि देवरहा बाबा स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय की इमरजेंसी में इलाज के दौरान युवक की मौत के मामले की जांच होगी। उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने बुधवार को जांच के आदेश दिये हैं। साथ ही कानपुर देहात के झींझक में बिना पंजीकरण के नर्सिंग होम संचालन की भी जांच की जाएगी।

देवरिया के बरियारपुर स्थित बैकुंठपुर निवासी आर्दश जायसवाल (18) की तबीयत अचानक बिगड़ गई थी। परिजन युवक को लेकर महर्षि देवरहा बाबा मेडिकल कॉलेज की इमरजेंसी में पहुंचे थे। परिवारजनों का आरोप है कि अस्पताल में 45 मिनट बाद पर्चा बना और समय पर इलाज न मिलने से युवक की मौत हो गई थी।

उप मुख्यमंत्री ने इस मामले में महाविद्यालय के प्रधानाचार्य को पूरे प्रकरण की जांच के निर्देश दिए गए हैं। वहीं दूसरा मामला, कानपुर देहात के झींझक में बिना पंजीकरण के नर्सिंग होम संचालित करने का है, संबंधित खबर वायरल हुई थी। ब्रजेश पाठक ने संबंधित सीएमओ को मामले की जांच के आदेश दिए हैं।


डलवा कर घी की आहुति कुंड में, करवाएंगे आपसे, हम हवन। जिससे सुखी और समृद्ध रहेंगे आप, खुशहाल रहेगा आपका भवन।।

नियम और शर्तें

★ हवन - आयोजन के समय सम्पूर्ण परिवार की उपस्थिति अनिवार्य है।
★ धरम-करम का कार्य पूर्णतया निःशुल्क है, हवन-पूजन में प्रयुक्त सामग्री, कुंड, लकड़ी, देसी घी व अन्य सभी सामान की व्यवस्था व खर्च हमारी संस्था उठाएगी।
★ अपने घर / प्रतिष्ठान पर हमें लाने-लेजाने की व्यवस्था हवन आयोजित करने वाले की होगी। हवन की बुकिंग मंदिर में आकर ही करनी होगी।

'आग में घी डालना' अति शुभ भी होता है। हवन-पूजन कर इंसान चैन की नींद सोता है।।


मलीहाबाद विधायिका जयदेवी कौशल हवन पूजन करती, संग में साईंधाम ट्रस्ट के पदाधिकारी पूनम पंत व पायल।


साईंधाम ट्रस्ट में निःशुल्क विद्या प्राप्त करने वाले बच्चों को स्नेहाशीष व भंडारा वितरण करती जयदेवी, मंदिर प्रांगण में।

साईंधाम मंदिर फाउंडेशन ट्रस्ट 4/4, टी.सी.जी., होटल हयात के पास, विभूति खंड, गोमती नगर, लखनऊ-10,
9839163047 / 9956384848


**अमृत विचार** एक सम्पूर्ण अखबार

अपने आसपास की घटना, आयोजन की सूचना और फोटो हमें भेजें। इसे अखबार में प्रकाशित किया जाएगा।

इमेल
lkocityreporter@amritvichar.com
व्हाट्सएप
8112979390

**मौसम**

धूप निकलेगी और बादल छाए रहेंगे। उमस बढ़ने की संभावना है।

34.3° अधिकतम तापमान | 28.8° न्यूनतम तापमान

**शहर में आज**

- राजाजीपुरम स्थित देश भारती इंटर कालेज में योग प्रशिक्षण का कार्यक्रम- 8:00 बजे।
- निरालानगर स्थितइंटेक इन्स्टीट्यूट में एतिहासिक संरचनाओं का संरक्षण एवं परिरक्षण विषयक 10 दिवसीय कार्यशाला की शुरूआत- 11:00 बजे।
- संत गाडगे प्रेक्षागृह में संगीत नाटक अकादमी व नाट्य संस्था दर्पण की ओर से नाटक कमेलिया का मंचन- 4:30 बजे।


# नस में सुई डालने की पीजीआई की विशिष्ट विधि को मिला पेटेंट

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** गंभीर बीमारी से ग्रसित मरीजों को दवा चढाने या पोषण देने के लिए नस में बार-बार सुई डालने निजात मिलेगी। संजय गांधी स्नातकोत्तर आयुर्विज्ञान संस्थान (पीजीआई) में क्रिटिकल केयर मेडिसिन विभाग ने सुई डालने की तकनीक का अविष्कार वर्ष 2013 में किया था। मंगलवार को इसे पेटेंट मिल गया। भारतीय पेटेंट कार्यालय में वर्ष 2016 में आवेदन किया गया था। संस्थान के निदेशक प्रो. आरके धीमन ने टीम को बधाई दी।

पीजीआई के डॉ. तन्मय घटक, विभागाध्यक्ष प्रो. आरके सिंह और पूर्व विभागाध्यक्ष प्रो. एके बैरोनिया ने ये अविष्कार किया है। डॉ. तन्मय ने बताया कि क्रिटिकल केयर मेडिसिन विभाग में भर्ती गंभीर मरीजों को दवा से लेकर खाना तक कैथेटर के माध्यम से देना पड़ता है। इसके लिए गले के पास या फिर पैर की मोटी नस में कैथेटर डाला जाता है। गले के पास सुई या सेंट्रल वेनस कैन्युलेशन (सीवीसी) डालना काफी खतरे वाला होता है। इससे अंग क्षतिग्रस्त होने की आशंका बनी रहती है। इसको देखते हुए अल्ट्रासाउंड आधारित सुई डालने की तकनीक उपयोग में लाई गई। इसमें अड़चन थी कि सुई की नोक नजर नहीं आती थी। लिहाजा नस की दीवार क्षतिग्रस्त होने का खतरा बना रहता है। इस खतरे से निपटने के लिए सुई पर माप अंकित करने का प्रयोग किया गया।

सुई पर हर आधे सेंटीमीटर पर निशान लगाए गए। अल्ट्रासाउंड के माध्यम से गहराई मापी गई। ऐसे में सुई डालने वाले को यह पता रहता है कि सुई कितनी भीतर तक धंसानी है।


अविष्कार की गई सुई।

▸▸ तीन डॉक्टरों ने 2013 में किया था अविष्कार, 2016 में किया था पेटेंट के लिए आवेदन


डॉ. तन्मय घटक।


प्रो. आरके सिंह।

▸▸ गंभीर मरीजों को दवा चढ़ाने और पोषण देने में होगी कारगर

## एयरपोर्ट पर आज उबर टैक्सियों की हड़ताल

**अमृत विचार, लखनऊ :** अमौसी एयरपोर्ट पर गुरुवार को उबर टैक्सियां नहीं चलेंगी। शोषण का आरोप लगाकर चालकों ने हड़ताल का एलान कर दिया है। चालकों ने कंपनी पर कर्मचारियों के शोषण का आरोप लगाया है। आरोप है कि एयरपोर्ट परिसर में टोकन प्रणाली खत्म होने के बाद उन्हें परेशान किया जा रहा है। चालक जब अपनी शिकायत करने जाते हैं तो उन्हें उबर से अनुबंध खत्म करने की धमकी देकर भगा दिया जाता है।

# दुबग्गा मंडी में रोकी गई बिजली तो भड़के आढ़ती

### नोटिस के बाद भी नहीं लिए कनेक्शन, ऑडिट की आपत्ति पर रोकी गई बिजली

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : दुबग्गा मंडी समिति में आढ़तियों द्वारा बिजली के कनेक्शन न लेने पर मंडी प्रशासन ने अपनी आपूर्ति रोक दी। तीन दिन से कारोबार प्रभावित होने पर आढ़ती भड़क गए और आपूर्ति बहाल न करने पर 29 जुलाई से मंडी बंद रखने की चेतावनी दी। इस मुद्दे पर यूनियन आज बैठक करके रणनीति बनाएंगे। वहीं मंडी प्रशासन का कहना है कि सुविधा के लिए बिजली दे दी गई थी। लंबे समय से कनेक्शन नहीं कराया गया।

मंडी प्रशासन ने सोमवार को आढ़तियों को दी जाने वाली निशुल्क बिजली आपूर्ति को रोक दिया। बिना बिजली के आढ़तियों का कारोबार ठप हो गया। इलेक्ट्रॉनिक कांटे बंद होने से खरीद-बिक्री हो सकी। आढ़ती सब्जी सड़ने की बात कह रहे हैं। आढ़तियों का कहना है कि मंडी प्रशासन ने बिना किसी नोटिस के बिजली काट दी।

▸▸ आढ़ती बोले- बैठक कर आज लेंगे निर्णय, 29 से बंदी का किया ऐलान

**सीतापुर रोड मंडी से हटाया अतिक्रमण**

सीतापुर रोड स्थित नवीन मंडी में जिला प्रशासन और मंडी समिति की टीम ने बुधवार को अतिक्रमण हटाया। दुकानों के पास सामान रखकर घेरी गई जगह कब्जा मुक्त कराई। कार्रवाई को लेकर आढ़तियों ने विरोध किया और खुद से सामान हटाने के लिए समय मांगा। इस पर कार्रवाई रोक दी गई। मंडी सचिव रेनू वर्मा ने बताया कि आढ़ती खुद तीन चरणों में अतिक्रमण हटाने के लिए समय मांगा है। इसके बाद कार्रवाई करेंगे।

युवा किसान आढ़ती व्यापार मंडल के अध्यक्ष लाला यादव ने बताया कि लाइसेंस में बिजली, पानी, सड़क, सफाईआदि सुविधा शामिल हैं। इसका भी शुल्क देते हैं, ऐसे में बिजली कनेक्शन का कोई औचित्य नहीं है। गुरुवार को संयुक्त यूनियन की बैठक करके प्रदर्शन की रणनीति बनाएंगे। यदि आपूर्ति बहाल न हुई तो 29 जुलाई से मंडी बंद रखेंगे।

मंडी सचिव रेनू वर्मा ने बताया कि बिजली विभाग से कनेक्शन न कराने तक आढ़तियों को मंडी की तरफ से बिजली की सुविधा दी जा रही थी। नोटिस देने पर आढ़तियों ने न ही जवाब दिया और न ही कनेक्शन कराए। 17-18 बार नोटिस दिए जा चुके हैं। बिजली विभाग के शिविर लगवाने की बात कही गई लेकिन आढ़ती सुनने को तैयार नहीं। आढ़तियों के निशुल्क बिजली इस्तेमाल करने पर हर महीने मंडी प्रशासन को 18 लाख रुपये का अतिरिक्त बिल देना पड़ रहा है। राजस्व का नुकसान होने पर आडिट में आपत्ति जताई जा रही है। इस वजह से पिछले माह नोटिस जारी कर कड़ा कदम उठाया गया है। आढ़तों को छोड़कर बाकी परिसर में बिजली आपूर्ति की जा रही है।

## हाई वोल्टेज से घरों के उपकरण फुंके

**अमृत विचार, लखनऊः** बिजनौर पावर हाउस के अंतर्गत ठकुराइनखेड़ा गांव में बुधवार सुबह अचानक हाई वोल्टेज हो गया। जिसके चलते आधा दर्जन घरों के बिजली उपकरण फुंक गए। आनन फानन मे लोगो ने इसकी घटना सूचना उपकेंद्र को दी। जिसके बाद कर्मचारियों ने सप्लाई को बंद कर फाल्ट को सही किया।

गांव का 100 केवीए का ट्रांसफार्मर मंगलवार रात फुंक गया। सूचना पर रात में उसे बदल दिया गया। बुधवार सुबह करीब 9 बजे नए ट्रांसफार्मर में तकनीकी खराबी आने से गांव में हाई वोल्टेज करंट दौड़ गया। इससे घरों में लगे मीटर, पंखे, कूलर और अन्य उपकरण फुंक गए। अनुराग यादव, दिलीप यादव, संदीप यादव सहित 6 लोगों के घरों के सभी उपकरण फुंक गए। सूचना पर बिजली सप्लाई बंद की गई। दूसरा ट्रांसफार्मर लगाकर शाम 6 बजे सप्लाई चालू की गई। करीब 9 घंटे लोगों को बिजली संकट का सामना भी करना पड़ा। अवर अभियंता अंगद कुमार ने बताया कि हाई वोल्टेज से कुछ घरों के उपकरण फुंकने की सूचना मिली थी। अब सप्लाई सामान्य है।


**हर-हर महादेव** बुद्धेश्वर महादेव मंदिर बुधवार को हर-हर महादेव के जयकारों से गूंजता रहा। कांवड़ियों ने दूध और जल से शिवलिंग का अभिषेक किया। मंदिर परिसर के आसपास लगे मेला में बच्चों ने झूले का आंनद लिया और पसंद की चीजें खरीदीं। राजधानी के तमाम शिव मन्दिरों में भी जलाभिषेक और रुद्राभिषेक किया गया।

# पोर्टल हुआ बंद, वंचितों ने किया आवेदन

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** पिछले वित्तीय वर्ष में छात्रवृत्ति और शुल्क प्रतिपूर्ति से वंचित रह गए दशमोत्तर कक्षाओं के 37 हजार से अधिक छात्र-छात्राओं ने आवेदन कर दिया है। अब आवेदन और दस्तावेजों की जांच की जाएगी। 30 अगस्त तक वंचित रह गए छात्र-छात्राओं के खातों में छात्रवृत्ति और शुल्क प्रतिपूर्ति का पैसा पहुंच जाएगा।

वित्तीय वर्ष 2023-24 में समय से परीक्षा परिणाम न घोषित होने सहित कई कारणों से दशमोत्तर कक्षाओं के 37,793 छात्र-छात्राएं छात्रवृत्ति से वंचित रह गए थे। इनमें सामान्य वर्ग के 9100, पिछड़ा वर्ग के 25,479 और अल्पसंख्यक वर्ग के 3214 छात्र-छात्राएं शामिल थे। इनके लिए 15 जुलाई को दोबारा पोर्टल खोला गया था। पोर्टल बुधवार शाम बंद हो गया। 30 जुलाई तक छात्र ऑनलाइन आवेदन की हार्ड कॉपी आवश्यक दस्तावेजों के साथ शिक्षण संस्थानों में जमा करेंगे।

**एक नजर**

**समाधान दिवस कल**

अमृत विचार, लखनऊ : नगर निगम के त्रिलोकनाथ सभागार में शुक्रवार सुबह 11 से दोपहर 2:30 बजे तक जीआईएस समाधान दिवस आयोजित किया जाएगा। इसमें जीआईएस सर्वे में पुनरीक्षित गृहकर के निर्धारण में बढ़ा गृहकर सही कराने के लिए भवन स्वामी आपत्ति दर्ज करा सकते हैं।

**चुनाव 27 को**

अमृत विचार : उप्र. राजकीय आयुर्वेद नर्सेज संघ का चुनाव 27 जुलाई को टूड़ियागंज अस्पताल परिसर में होगा। प्रधानाचार्य एवं चुनाव अधिकारी डॉ. माखनलाल ने बताया कि 26 को नामांकन, नाम वापसी होगी। अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, महासचिव, संयुक्त सचिव और कोषाध्यक्ष का चुनाव होगा।

**नमूने लिए**

**अमृत विचार, लखनऊ :** बंगला बाजार स्थित हलवाई स्वीट्स पर बुधवार को एफएसडीए ने जांच की। दुकान में गंदगी के साथ खराब गुलाब जामुन बिक्री के लिख रखा मिला। एफएसडीए ने दुकान मालिक अवनीश बाजपेई की मौजूदगी में 20 किलो खराब गुलाब जामुन नष्ट कराने के साथ व्यापारी को नोटिस भी दिया। एफएसडीए के सहायक आयुक्त विजय प्रताप सिंह ने बताया कि गुझिया और बेसन के लड्डू का नमूना भी लिया गया है।

**आन्दोलन जारी**

**अमृत विचार।** प्रदेश के चिकित्सा संस्थानों एवं मेडिकल कॉलेजों में मानदेय बढ़ाने की मांग को लेकर आंदोलित इंटर्न चिकित्सकों ने तीसरे दिन बुधवार को अपने-अपने कॉलेजों में कैंडल मार्च निकालकर विरोध प्रदर्शन किया।


बारिश में भीगने का आनंद लेते बाइक सवार। अमृत विचार

## हल्की बारिश से मिली राहत, पारा 34.3 डिग्री

**अमृत विचार, लखनऊ :** लखनऊ और आसपास बुधवार को हल्की बारिश हुई। दिन के तापमान में गिरावट दर्ज की गई।

मौसम विभाग का अनुमान है कि आने वाले दिनों में अच्छी बारिश होने की संभावना है। मौसम अनुसंधान केंद्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक एम दानिश के मुताबिक अच्छी बारिश के कारण लखनऊ का अधिकतम तापमान 34.3 डिग्री रहा, जो 24 घंटे के भीतर 3 डिग्री नीचे आ गया। न्यूनतम पारे में भी गिरावट दर्ज की गई, तापमान 28.8 डिग्री रिकार्ड किया गया। लखनऊ में वर्षा 5.7 मिमी हुई। 48 घंटों में लखनऊ और आसपास इलाकों में तेज बारिश की संभावना है।

## कमेटी कर सकती मकानों पर लगे निशानों की जांच

**अमृत विचार, लखनऊः** कुकरैल रिवर फ्रंट को लेकर मनमाने तरीके से की गई प्रक्रिया की जांच कमेटी कर सकती है। कमेटी में जिला प्रशासन और लखनऊ विकास प्राधिकरण (एलडीए) के अधिकारियों को शामिल किया जाएगा।

कुकरैल रिवर फ्रंट को लेकर अबरार नगर, खुर्रम नगर, पंत नगर, रहीम नगर व इंद्रप्रस्थ नगर में 50 मीटर पर दो हजार से अधिक मकानों पर लगाए गए लाल निशान की जांच कमेटी बनाकर कराने की चर्चा है। इसमें जिला प्रशासन और एलडीए के अधिकारियों को शामिल किया जा सकता है। कमेटी सिंचाई विभाग द्वारा नदी किनारे डूब क्षेत्र में लगाए गए निशान और पूरी प्रक्रिया की जांच करेगी, क्योंकि प्रक्रिया मनमाने तरीके से की गई है।

# पार्क पर अवैध कब्जे को हटाने के लिए दें पुलिस फोर्सः हाईकोर्ट

विधि संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच ने रायबरेली रोड स्थित एल्डिको उद्यान टू के एक पार्क पर अवैध कब्जा कर पक्का निर्माण करने के मामले में सख्त रुख अपनाया है।

न्यायालय ने जिलाधिकारी व सम्बंधित पुलिस अधिकारी को आदेश दिया है कि वे नगर आयुक्त व नगर निगम के उद्यान अधीक्षक को पर्याप्त मात्रा में पुलिस फोर्स मुहैया कराएं ताकि वे उक्त अवैध कब्जे को हटाने के लिए यथोचित कार्रवाई कर सकें। इसी के साथ न्यायालय ने नगर आयुक्त और उद्यान अधीक्षक को छह सप्ताह में कार्रवाई का आदेश दिया है। मामले की अगली सुनवाई 5 सितम्बर को होगी।

▸▸ एल्डिको उद्यान टू के पार्क पर अवैध कब्जे का मामला



यह आदेश मुख्य न्यायमूर्ति अरुण भंसाली व न्यायमूर्ति जसप्रीत सिंह की खंडपीठ ने स्थानीय अधिवक्ता हेमंत कुमार शर्मा की याचिका पर पारित किया। याची की ओर से अधिवक्ता सरजू राम ने दलील दी कि पूरे पार्क पर अवैध निर्माण कर अवधेश प्रताप सिंह व उसकी पत्नी ने कब्जा कर लिया है। वे पार्क के गेट पर ताला लगा के रखते हैं और अपनी सुविधानुसार ही ताला खोलते हैं। आरोप लगाया गया कि उक्त पार्क में बच्चों तक को खेलने की इजाजत नहीं दी जाती।

वहीं नगर आयुक्त और उद्यान अधीक्षक की ओर से पेश हुए अधिवक्ता अमित कुमार द्विवेदी ने न्यायालय को बताया कि उक्त अवैध कब्जे को हटाने के प्रयास किए गए लेकिन पर्याप्त पुलिस फोर्स के आभाव में यह संभव नहीं हो सका। इस पर न्यायालय ने उपरोक्त आदेश पारित किया।

## पोर्टल धीमा होने से अस्पतालों में अटके जन्म और मृत्यु प्रमाणपत्र

**अमृत विचार, लखनऊः** पोर्टल में तकनीकी समस्या होने से सरकारी अस्पतालों और चिकित्सा संस्थानों में जन्म-मृत्य प्रमाणपत्र बनने में दिक्कत आ रही है। बुधवार को लखीमपुर के एक परिवार ने लोहिया संस्थान में हंगामा कर दिया। अस्पताल प्रशासन ने समझा उन्हें शांत कराया।

जन्म और मृत्यु प्रमाण-पत्र के लिए सीआरएस पोर्टल पर पंजीकरण कराना होता है। इसके लिए अस्पतालों में पंजीकरण किया जाता है। पोर्टल का संचालन स्वास्थ्य विभाग की ओर से किया जा रहा है।

एक माह से तकनीक दिक्कत होने से पोर्टल धीमा चल रहा है। पंजीकरण के समय बार-बार ओटीपी मांगा जा रहा है। पूरे दिन में पांच से सात लोगों के प्रमाण-पत्र ही बन पा रहे हैं।

**बाजार** सोना-चांदी के भाव में 48 घंटे के भीतर करीब 3,000 रुपये की गिरावट

# बजट में कस्टम ड्यूटी की राहत से सोना-चांदी धड़ाम

नीरज मिश्र, लखनऊ

**अमृत विचार :** कस्टम ड्यूटी में करीब 9 फीसद की कमी ने ज्वेलरी इंडस्ट्री को रफ्तार दे दी है। नतीजा बजट के महज 48 घंटे के भीतर ही सोने-चांदी के भाव में करीब 3,000 रुपये का अंतर दर्ज किया गया है। 24 कैरेट सोना 22 जुलाई को 74,850 रुपये प्रति 10 ग्राम था और चांदी करीब 91,000 रुपये प्रति किलो थी।

वहीं, बजट के बाद इन दोनों धातुओं की कीमत बुधवार को घटकर 72,000 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गयी। चांदी लुढ़ककर 88,000 रुपये किलो पहुंच गई है। कीमतों में तीन फीसद जीएसटी शामिल है।



**22 जुलाई का भाव**

- सोना (24 कैरेट) - 74,850 रुपये प्रति 10 ग्राम
- चांदी -91,000 रुपये प्रति किलो

**बजट के बाद 24 जुलाई का रेट**

- सोना (24 कैरेट) -72,000 रुपये प्रति 10 ग्राम
- चांदी -88,000 रुपये प्रति किलो

नोट-इसमें तीन प्रतिशत जीएसटी शामिल है।

**सर्राफ बोले, उपभोक्ता और कारोबार दोनों के लिए लाभकारी**

अमीनाबाद के सर्राफ राज रस्तोगी और अमृत जैन की मानें तो बाजार के रफ्तार पकड़ने के आसार हैं। दाम में अभी और गिरावट आएगी। लोग पहले की तरह सोने और चांदी पर भरोसा जताएंगे। कस्टम डयूटी घटने से उपभोक्ता और सर्राफा व्यापार दोनों को ही लाभ मिलेगा।

"सरकार के एक फैसले ने सोने के कारोबार को रफ्तार दे दी है। कस्टम डयूटी में बड़ी राहत से तस्करी में कमी आएगी। सेक्टर अब आर्गेनाइज्ड ढंग से चलेगा। कह सकते हैं कि सोने और चांदी के कारोबार का स्वर्ण युग लौट आया है। बजट के महज दो दिन में ही करीब 3 हजार रुपये की बड़ी गिरावट दर्ज की गई है। सर्राफा बाजार से दूरी बना चुके ग्राहक अब फिर से वापस लौटेंगे।

-अनुराग रस्तोगी, स्टेट हेड इंडिया बुलियन ज्वेलर्स एसोसिएशन

"करीब 3 हजार रुपये का अंतर मात्र दो दिन में दिखा है। सरकार के इस कदम से ग्राहक बाजार की ओर रुख करेंगे। कीमतों में अंतर आया है। निरंतर गिरावट दर्ज की जा रही है। सोना और चांदी लेने वाले उपभोक्ताओं के लिए यह फैसला अच्छा है। कम से कम लोग इसमें निवेश की ओर फिर से बढ़ेंगे।

-सिद्धार्थ जैन, सर्राफ

## प्रबंध नगर योजना पर हुई वार्ता

**अमृत विचार, लखनऊ :** लखनऊ प्रबंध नगर योजना से प्रभावित किसान विधायक योगेश शुक्ला के साथ लखनऊ विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार से मिले। भूमि अधिग्रहण और लंबित मुआवजा को लेकर बैठक की। इसमें पर नियमानुसार समाधान का आश्वासन मिला।

बुधवार को एलडीए में विधायक की उपस्थिति में किसानों से जमीन के प्रतिकर समेत अन्य विषयों पर उपाध्यक्ष से वार्ता हुई। बताया कि आईआईएम रोड स्थित प्रबंध नगर योजना ग्राम-घैला, अल्लूनगर डिगुरिया व ककौली की कुल 2077 एकड़ भूमि पर प्रस्तावित है। लगभग 20 लाख वर्गमीटर क्षेत्रफल में आवासीय उपयोग व सात लाख वर्गमीटर में व्यावसायिक उपयोग के लिए भूखंड सृजित किये जाने हैं।

# 6410 स्कूल वाहन चलने योग्य नहीं

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचारः** प्रदेश भर में 6410 स्कूल वाहन चलने योग्य नहीं हैं। इन वाहनों को 8 जुलाई से चलाए जा रहे जांच अभियान में चिह्नित कर हिदायत दी गई थी, लेकिन अभी तक मानक पूरे नहीं कराए। अब ऐसे वाहन के स्वामियों को नोटिस जारी किए जाएंगे। लखनऊ जिले में ऐसे वाहनों की संख्या 958 है।

परिवहन विभाग प्रदेश भर में 8 जुलाई से स्कूलों वाहनों की जांच के लिए अभियान चला रहा है। इसमें 87658 वाहनों की जांच की गई। इन वाहनों में 12710 वाहनों में फिटनेश, पंजीकरण या अन्य कमियां मिलीं। मानक पूरा न करने पर 2389 का चालान किया गया और 529 वाहन सीज किए गए। इनके वाहन स्वामियों से 97.87 लाख जुर्माना वसूला गया। परिवहन विभाग की विज्ञप्ति के अनुसार जांच के दौरान 6410 वाहन चलने योग्य नहीं पाए गए थे। इनके संचालकों को मानक पूरे करने की हिदायत दी गई थी ,लेकिन उन्होंने अभी तक मानक पूरे नहीं कराए। इन वाहनों के संचालकों को नोटिस जारी किए जाएंगे। स्कूल प्रबंधकों को भी अवैध वाहनों का संचालन न करने की हिदायत दी गई है। लखनऊ मंडल में ऐसे 1465 वाहन चिह्नित किए गए हैं। इसमें सबसे अधिक 958 वाहन लखनऊ के हैं। इनमें कुछ वाहनों के पंजीयन की 15 वर्ष की अवधि पूर्ण हो गई है और कुछ पुनः पंजीयन योग्य नहीं हैं। मंडल में 367 वाहनों के चालान के गए और 108 सीज किए गए। इन वाहन के स्वामियों से 18 लाख रुपये जुर्माना वसूला गया। परिवहन आयुक्त चंद्र भूषण सिंह ने कहा कि अनफिट वाहनों को सड़क पर नहीं चलने दिया जाएगा।

**वाहन परीक्षण केन्द्र शुरू**

**अमृत विचार :** परिवहन विभाग की ओर से बुधवार को ट्रांसपोर्ट नगर लखनऊ में वाहन परीक्षण व प्रमाणीकरण केन्द्र का उद्घाटन किया गया। उक्त केन्द्र पर वाहनों की फिटनेस के साथ-साथ चालकों के स्वास्थ्य परीक्षण की सुविधा मुहैया होगी। वाहन फिटनेस सेंटर में चालकों के स्वास्थ्य परीक्षण से बसों में यात्रा करने वाले यात्रियों को सुरक्षित अपने गंतव्य तक पहुंचने में मदद मिलेगी।

## एक नजर

### योग कोआर्डिनेटर को मिला सम्मान

**अमृत विचार, लखनऊ :** लखनऊ विश्वविद्यालय के फैकल्टी ऑफ योग एंड अल्टरनेटिव मेडिसिन के कोऑर्डिनेटर डॉ. अमरजीत यादव को 10 वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के आयोजन में सराहनीय योगदान प्रदान करने को लेकर आयुष विभाग की ओर से प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। प्रशस्ति पत्र आयुष विभाग की प्रमुख सचिव लीना जौहरी द्वारा जारी किया गया।

### भाषा विश्वविद्यालय में प्रवेश की समय सीमा बढ़ी

**अमृत विचार, लखनऊ :** ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय में सभी विषयों में एडमिशन के लिए समर्थ पोर्टल को पुन: खोल दिया गया है। प्रवेश समन्वयक प्रो. एहतेशाम अहमद ने बताया कि सत्र 2024–25 के लिए बीबीए, एमबीए, बीसीए, एमसीए, बीकॉम, एमकॉम, सभी विषयों में स्नातक, सभी विषयों में परास्नातक, एलएलएम, सभी डिप्लोमा, सभी सर्टिफिकेट कोर्स, बीजेएमसी, एमजेएमसी तथा सभी बीटेक और बीएससी सहित सभी विषयों में बची हुई सीटों के लिए प्रवेश प्रक्रिया 28 जुलाई 2024 तक विस्तारित कर दी गई है।

### नमन ने गोल्ड मेडल समेत 5 पदक जीते

**अमृत विचार, लखनऊ :** सिटी मोन्टेसरी स्कूल राजाजीपुरम प्रथम कैम्पस के कक्षा 12 के छात्र नमन बाजपेयी ने जोनल एथलेटिक्स प्रतियोगिता में 1 गोल्ड मेडल, 3 सिल्वर मेडल एवं 1 ब्रांज मेडल समेत कुल 5 पदक जीते। प्रतियोगिता का आयोजन काउन्सिल फॉर इण्डियन स्कूल सार्टिफिकेट एक्जामिनेशन के तत्वावधान में किया गया। जन–सम्पर्क अधिकारी ऋषि खन्ना ने बताया कि प्रतियोगिता में नमन ने 1500 मी दौड़ में गोल्ड, 800 मी दौड़, 4 गुणा 100 मी रिले एवं 4 गुणा 400 मी रिले में सिल्वर एवं ट्रिपल जम्प में ब्रांज मेडल अपने नाम किया है।

### फुटबॉल प्रतियोगिता 5 से

**अमृत विचार, लखनऊ :** 20वीं अविनाश चन्द्र चतुर्वेदी स्मारक अंर्तविद्यालय फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन 5 से 13 अगस्त तक अविजय चैरिटेबल ट्रस्ट और लखनऊ जिला फुटबॉल संघ के संयुक्त तत्वावधान में चौक स्टेडियम में किया जा रहा है। प्रतियोगिता में लखनऊ स्कूल स्तर की 32 टीमें भाग ले सकती है।

# ज्योतिर्विज्ञान के 7वें सेमेस्टर में पढ़ें वास्तु शास्त्र

## ज्योतिर्विज्ञान विभाग में नए सत्र में शुरू होगा सेमेस्टर

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ


लखनऊ विश्वविद्यालय में अध्ययन के दौरान उपस्थित छात्र। अमृत विचार

- विश्वविद्यालय के छात्रों को अतिरिक्त विषय के रूप में चुनने का दिया गया मौका

**अमृत विचार:** लखनऊ विश्वविद्यालय का ज्योतिर्विज्ञान विभाग स्नातक में अपना सातवां सेमेस्टर शुरू करने जा रहा है। छात्र अपने अध्ययन में भारतीय वास्तु शास्त्र के अलावा अन्य विषयों की भी पढ़ाई कर सकेंगे। विभाग समन्वयक का कहना है कि विश्वविद्यालय के छात्रों को अपनी अध्ययन के दौरान विकल्प चुनने की सुविधा भी दी गई है।

ज्योतिर्विज्ञान विभाग समन्वयक डॉ. सत्यकेतु ने बताया कि अभी तक बीए में केवल छह सेमेस्टर थे, नए सत्र में एक और सेमेस्टर जोड़ा गया है। नेप आधारित मानकों को ध्यान में रखकर इस कोर्स में भारतीय वास्तु शास्त्र के अलावा गोचर विचार तथा ग्रहोपचार, जातकालंकार, लघुजातक, कुण्डली विज्ञान एवं अनुप्रयोग विषयों को पढ़ाया जाएगा। अध्ययन को लेकर सातवां सेमेस्टर विषयवार तीन चरणों में बांटा गया है। डॉ. वर्षा दीपक के निर्देशन में भारतीय वास्तु शास्त्र का अध्ययन कराया जाएगा। गोचर विचार तथा ग्रहोपचार डॉ. विष्णुकांत शुक्ला, जातकालंकार और लघुजातक डॉ. अनुज कुमार शुक्ला और कुण्डली विज्ञान एवं अनुप्रयोग डॉ. अनिल कुमार पोरवाल पढ़ाएंगे। एमए के छात्रों को इंटर डिपार्टमेंटल तृतीय सेमेस्टर में विकल्प के रूप में चुनने की सुविधा भी दी गई है।

**रिटायर्ड कर्नल, इंजीनियर और सेवानिवृत्त अधिकारी सीख रहे ज्योतिष की बारीकियां :** लविवि के ज्योतिर्विज्ञान में दाखिला लेने वाले छात्रों की सूची में रिटायर्ड कर्नल एच एन कौशल, रिटायर्ड पीसीएस अधिकारी डॉ. प्रतिभा त्रिपाठी, बीएसएनएल के सेवानिवृत्त डीजीएम केडी त्रिपाठी सहित कई अन्य शामिल हैं। केडी त्रिपाठी का कहना है कि ज्योतिष हमारी संस्कृति और सभ्यता से जुड़ा हुआ है। इसे सभी को समझना और सीखना चाहिए।

**नए कोर्स के लिए सीटों का हुआ आवंटन :** नए कोर्स के लिए सीटें आवंटित कर दी गई है। पहले सत्र में अभी तक 50 सीटें आवंटित हैं। छात्रों की बढ़ती संख्या को देखते हुए सीटों को बढ़ाने के लिए भी विचार किया जा रहा है। कोर्स छह माह का है।

**भारतीय वेदशाला में होगी प्रयोगात्मक कार्यशाला :** डॉ. अनुज शुक्ला ने बताया कि छात्रों को भारतीय वेदशाला में शंकु यंत्र, यामयोत्तर तुरी यंत्र, सम्राट यंत्र, सष्ठयंश यंत्र की मदद से आकाशीय अक्षांश, दिशा और अक्षांश, क्रांति आदि का अध्ययन कराया जाएगा।

**नए कोर्स में भावों का हुआ विस्तार :** डॉ. सत्यकेतु ने बताया कि कुण्डली के 12 भावों से भिन्न-भिन्न कार्यों का विचार किया जाता है। नैप आधारित कोर्स के माध्यम से इस बार भाव मंजरी विषय को थोड़ा विस्तार दिया गया है। ताकि भावों के विषय में पढ़ने वाले छात्रों को स्पष्टता आए। इसका विचार फलादेश को बताता है।

### मेरिट के आधार पर सीटों का आवंटन

लखनऊ विश्वविद्यालय ने मेरिट के आधार पर सीटों का आवंटन किया है। प्रवेश समन्वयक प्रो. पंकज माथुर ने बताया कि अभ्यर्थी लखनऊ की वेबसाइट पर जाकर अपने पूर्व में दिये गए लॉगिन आईडी पासवर्ड द्वारा सीट आवंटन का विवरण देख सकते हैं।

### तीन पाठ्यक्रमों में काउंसिलिंग 27 को

लखनऊ विश्वविद्यालय ज्योतिर्विज्ञान सहित तीन विषयों में काउंसिलिंग आरंभ कराने जा रहा है। प्रवेश समन्वयक प्रो. पंकज माथुर ने बताया कि ज्योतिर्विज्ञान में काउंसिलिंग 27 को होगी। इनवायरमेंट साइंस और लिंगिस्टिक्स में 26 जुलाई को आवेदनकर्ता अपने मूल प्रमाण पत्रों को लेकर उपस्थित होंगे। विभागीय प्रक्रिया पूरी होने के बाद छात्र–छात्राओं को ऑनलाइन शुल्क भी जमा करना होगा।

# गुरु जी भूले आरटीई अधिनियम, छात्र को पीटा

- दिया धक्का, तो सिर में आई गंभीर चोट, शिक्षक निलंबित
- मोहनलालगंज ब्लाक के प्रा. वि. तमोरिया का मामला

कार्यालय संवाददाता लखनऊ

**अमृत विचार :** शिक्षा का अधिकार अधिनियम आरटीई के तहत किसी भी बच्चे पर विद्यालय में शिक्षकों की ओर से हाथ नहीं उठाया जायेगा। लेकिन शिक्षक इस बात को भूल जाते हैं। इसका ताजा उदाहरण बुधवार को मोहनलालगंज ब्लाक के प्राथमिक विद्यालय तमोरिया में देखने को मिला। यहां सहायक अध्यापक पंकज कुमार तिवारी ने एक छात्र को पीटा और धक्का देकर गिरा दिया। जिससे उसके सिर में गंभीर चोटें आईं। मामले का संज्ञान लेते हुए बेसिक शिक्षा अधिकारी ने आरोपी शिक्षक को सस्पेंड कर दिया है। इस दौरान हाजिरी के लिए शिक्षक को प्राथमिक विद्यालय मीनापुर में संबद्ध किया गया है।

इस बारे में शिक्षा विभाग की ओर से बताया गया कि आरोपी शिक्षक पकंज कुमार तिवारी की ओर से विद्यालय में अनुशासनहीनता भी की जाती है निरीक्षण में विद्यालय में बिना सूचना के अनुपस्थित भी पाये गये थे। वहीं पूर्व में निरीक्षण के दौरान समय से पहले विद्यालय बंद भी पाया जा चुका है। इस संबंध में बेसिक शिक्षा अधिकारी राम प्रवेश ने बताया कि सहायक अध्यापक पंकज तिवारी पर लगे आरोपों की जांच बीईओ मुख्यालय को दी गई है 15 दिनों में रिपोर्ट दने के लिए भी कहा गया है।

### पिटाई मामले में आरोपी शिक्षक के खिलाफ जांच शुरू

**अमृत विचार, लखनऊ :** मलिहाबाद तहसील के राजकीय हाईस्कूल में 10वीं के छात्र और उसके सहपाठी की शिक्षक की ओर से पिटाई किए जाने के मामले का संज्ञान जिला विद्यालय निरीक्षक ने भी लिया है। मामले की जांच के लिए जिला विद्यालय निरीक्षक की ओर से एक कमेटी गठित की गई थी इस कमेटी ने जांच शुरू कर दी है। जिला विद्यालय निरीक्षक राकेश कुमार ने बताया कि जांच कमेटी पीड़ित छात्र व उसके परिजनों से पूछताछ कर शिक्षक के अचारण और व्यवहार के बारे में स्कूल में पढ़ने वाले विद्यार्थियों से भी पूछताछ करेगी। इसके बाद जांच में मिले तथ्यों के आधार पर शिक्षक के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। हालांकि, मलिहाबाद कोतवाली पुलिस ने छात्र के पिता की लिखित शिकायत पर मुकदमा दर्ज किया है। बता दें कि 22जुलाई को मलिहाबाद के पुरवा गांव निवासी 10वीं का छात्र (16) सहपाठी के साथ काकोरी के राजकीय हाईस्कूल में पढ़ने गया था। आरोप है कि कक्षाध्यापक मो. सलीम आशिके रसूल ने छात्र और उसके सहपाठी से कुछ प्रश्न किए थे, उनका उत्तर न मिलने पर कक्षाध्यापक ने छात्र का सिर फोड़ उसके सहपाठी को बुरी तरह पीट दिया था। मंगलवार को छात्र के पिता ने कक्षाध्यापक के खिलाफ मलिहाबाद कोतवाली में एसटी–एससी एक्ट, मारपीट, गाली–गलौज व धमकी देने की धारा में प्राथमिकी दर्ज की थी। वहीं सहायक जिला विद्यालय निरीक्षक जयशंकर श्रीवास्तव ने बताया जल्द ही जांच रिपोर्ट डीआईओएस को दी जायेगी।

### प्रधानाचार्या पर मेहरबान विभाग

**अमृत विचार, लखनऊ :** चिनहट के राजकीय बालिका इंटर कॉलेज (जीजीआईसी) में छुट्टी के बाद शिक्षिकाएं नौवीं की दिव्यांग समेत दो छात्राओं को स्कूल में बंद करके शिक्षकों के चले जाने के मामले में माध्यमिक शिक्षा विभाग कार्रवाई नहीं कर सका है। घटना 8 नंवबर 2023 की है। यहां विद्यालय में छुट्टी के समय दो छात्राओं को प्रधानाचार्या की लापरवाही से बंद कर दिया गया था। प्रधानाचार्या ममता वर्मा दूसरे शिक्षकों के साथ स्कूल के चैनल में ताला लगवाकर घर चली गईं थी। एक कमरे में साथ बैठीं कक्षा 9 की दिव्यांग समेत दो छात्राएं अंदर ही छूट गईं। कुछ देर बाद दोनों छात्राएं बाहर आईं तो गेट पर ताला पड़ा था। चिल्लाकर लोगों से मदद मांगी, लेकिन कोई नहीं आया। छात्राएं अकेला पाकर दहशत में आ गईं। करीब आधा घंटा छात्राओं के घर न पहुंचने पर अभिभावक स्कूल पहुंचे और गेट पर ताला पड़ा देख दंग रह गए। लेकिन प्रधानाचार्या पर आज तक कार्रवाई नहीं हुई। इसमें डीआईओएस टू की भी लापरवाही देखने को मिली।

### सरकारी हो या निजी स्कूल बच्चों पर नहीं उठा सकते हाथ

बेसिक शिक्षा अधिकारी राम प्रवेश ने अमृत विचार से बातचीत में कहा कि विद्यालय सरकारी हो या निजी कहीं पर भी शिक्षक बच्चे पर हाथ नहीं उठा सकते हैं। यदि कोई शिक्षक ऐसा करता है तो उसके खिलाफ कार्रवाई का भी प्रावधान है। उन्होंने बताया कि आरटीई अधिनियम में भी स्पष्ट है कि किसी बच्चे पर हाथ नहीं उठाना है। उन्होंने कहा कि शिक्षक इस बात का विशेष ध्यान रखें तो ज्यादा ठीक है। इस संबंध में सभी विद्यालयों के प्रधानाध्यापकों को भी दिशा निर्देश जारी किए गए हैं कि कोई भी शिक्षक बच्चों पर किसी भी दशा में हाथ न उठाये।

## राज्यपाल देंगी एकेटीयू के छात्रों को स्टार्टअप अवार्ड

**अमृत विचार, लखनऊ :** डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय के छात्रों को राज्यपाल स्टार्टअप अवार्ड देकर सम्मानित करने जा रही हैं। एकेटीयू के कुलपति प्रो. जेपी पांडेय ने बताया कि ये अवार्ड 13 अगस्त को प्रस्तावित दीक्षांत समारोह में सात विभिन्न श्रेणियों-पहला वूमेन लेड स्टार्टअप, दूसरा बेस्ट सोशल इम्पैक्ट स्टार्टअप, तीसरा बेस्ट टेक इनोवेशन स्टार्टअप, चौथा ऐक्सेसिबिलिटी अवार्ड, पांचवां एग्रीकल्चर स्टार्टअप, छठा सस्टेनेबिलिटी चैंपियन और सातवां हेल्थ इनोवेशन स्टार्टअप अवार्ड रहेगा। स्टार्टअप अवार्ड पाने के लिए 5 अगस्त तक छात्रों को आवेदन करना होगा।

# प्रोजेक्ट अलंकार में लाएं तेजी : जैकब

कार्यालय संवाददाता लखनऊ


स्मार्ट सिटी कार्यालय में बैठक करतीं मंडलायुक्त, साथ में जेडी व डीआईओएस।

**अमृत विचार:** अशासकीय सहायता प्राप्त माध्यमिक विद्यालयों में सुधार के लिए शुरू किए गए प्रोजेक्ट अलंकार में गति लाने के लिए मंडलायुक्त डॉ रोशन जैकब ने बुधवार को बैठक की।

स्मार्ट सिटी कार्यालय में आयोजित इस बैठक में माध्यमिक शिक्षा विभाग की ओर से संयुक्त शिक्षा निदेशक डॉ. प्रदीप कुमार और जिला विद्यालय निरीक्षक राकेश कुमार को मंडलायुक्त ने कहा कि एडेड कॉलेजों की गुणवत्ता में सुधार करने पर ध्यान दिया जाये। यहां पढ़ने वाले बच्चों के अभिभावकों से भी फीडबैक लिया जाए ताकि कॉलेज को सुधारने में विद्यालयों के जीर्णोद्धार का कार्य प्राथमिकता पर कराया जाए। उन्होंने के निर्देश कार्यदाई संस्थाओं को दिए गये।

### सभी निर्माण कार्य समय से पूरे करने के निर्देश

बैठक में मण्डलायुक्त ने कहा कि परिषदीय विद्यालयों में ऑपरेशन कायाकल्प संतृप्तिकरण, निपुण भारत मिशन, पीएम श्री विद्यालय, मुख्यमंत्री अभ्युदय विद्यालय, मध्यान्ह भोजन योजना, उच्चीकृत कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों में निर्माण कार्य, विद्यालयों में सहयोगात्मक पर्यवेक्षण एवं जिला स्तरीय ब्लॉक स्तरीय टास्क फोर्स सदस्यों एवं विभागीय अधिकारियों सभी निर्माण कार्यों को समय सीमा के अंतर्गत ही पूरा करना होगा।

# कारगिल विजय दिवस की मनाई गई 25वीं वर्षगांठ

कार्यालय संवाददाता लखनऊ



जनेश्वर मिश्र पार्क में आयोजित बैंड कॉन्सर्ट कार्यक्रम में प्रस्तुति देते सेना के जवान। अमृत विचार

**अमृत विचार :** कारगिल युद्ध के वीरों को श्रद्धांजलि देते हुए भारतीय सेना की सूर्या कमान ने कारगिल विजय दिवस की 25वीं वर्षगांठ मनाई गई। इस अवसर पर जनेश्वर मिश्र पार्क में एक संगीत कार्यक्रम का आयोजन किया। इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लिया जो जाबांज बहादुर सैनिकों के बलिदान के प्रति गहरे राष्ट्रीय गौरव और सम्मान को दर्शाती है।

बैंड कॉन्सर्ट में 11 गोरखा राइफल्स रेजिमेंटल सेंटर के मिलिट्री और पाइप बैंड ने आकर्षक धुनों का प्रदर्शन किया। बैंड की देशभक्ति के गीतों और पारंपरिक सैन्य धुनों की मनमोहक प्रस्तुतियों ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया और उनमें राष्ट्रवाद और श्रद्धा की गहरी भावना जागृत हुई। कारगिल विजय दिवस के महत्व को रेखांकित करते हुए, उपस्थित लोगों को भावनात्मक और प्रेरणादायक क्षणों से भरी एक शाम का आनंद लिया। संगीत कार्यक्रम ने राष्ट्र के लिए सर्वोच्च बलिदान देने वालों हमारे शहीदों का सम्मान करते हुए कृतज्ञता और स्मरण में सभी को एक साथ एकत्रित होने का अवसर प्रदान किया।

इस कार्यक्रम में लेफ्टिनेंट जनरल मुकेश चड्ढा, एसएम, वीएसएम, चीफ ऑफ स्टाफ, मध्य कमान उपस्थित थे। उन्होंने उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए सैन्य बैंड को सम्मानित किया

### मेरी हर सांस देश के नाम हो जाए : कर्नल ज्ञानेंद्र प्रताप

**अमृत विचार, लखनऊ :** कारगिल विजय दिवस रजत महोत्सव के उपलक्ष्य में नवयुग कन्या महाविद्यालय और एपीसेन गर्ल्स डिग्री कॉलेज में कार्यक्रम का आयोजन हुआ। कार्यक्रम के दौरान देशभक्ति से जुड़े विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। नवयुग महाविद्यालय में 19 उप्र गर्ल्स बटालियन एनसीसी विंग द्वारा याद करो कुर्बानी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कर्नल ज्ञानेंद्र प्रताप सिंह कौशिक ने अपने संबोधन में कहा कि 3 मई 1999 से 26 जुलाई 1999 तक कारगिल की बर्फीली चोटियों पर कठिन परिस्थितियों में अत्यंत बहादुर के साथ थल सेना, वायु सेना और नौसेना ने साहस का परिचय दिया। उन्होंने कारगिल से संबंधित चित्रों का प्रदर्शन करते हुए समस्त घटनाक्रम को समझाते हुए कहा कि मेरी हर सांस देश के नाम हो जाए। उन्होंने वीडियो के माध्यम से भी कारगिल युद्ध के दौरान जान की बाजी लगाने वाले जवानों के शौर्य का प्रदर्शन भी किया। इस अवसर पर कैडेट साक्षी सोनकर, एवं जिया थापा ने देशभक्ति पर आधारित एकल नृत्य प्रस्तुत किए। कैडेट पूजा गौतम, जुल्फी राजपूत, महिमा, बुशरा हामिद, खुशी सिंह, जिया, प्रिया सिंह, सरिका ने देशभक्ति पर आधारित पिरामिड नृत्य की प्रस्तुति दी। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि द्वारा पोस्टर प्रतियोगिता के विजई कैडेट्स को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया।

## शिक्षा सप्ताह: सरकारी स्कूलों में मनाया गया खेल दिवस

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** शिक्षा सप्ताह के मौके सभी सरकारी विद्यालयों में खेल दिवस का आयोजन किया गया। इस दौरान नन्हें खिलाड़ियों ने अपनी प्रतिभा का परिचय दिया वहीं दूसरी ओर प्राचीन खेलों में बच्चों का उत्साह देखने को मिला।

बच्चों को कबड्डी, खो-खो, रस्सी कूद, लूडो, कैरम, गिल्ली डंडा, पकड़म-पकड़ाई, विष अमृत, छुपम-छुपाई, चोर पुलिस, ऊंची कूद, लम्बी कूद, कुश्ती, स्टेपु, शतरंज, कित-कित धा, कटिया, बांस कूद, कुर्सी दौड़, जलेबी दौड़, लंगड़ी दौड़ आदि के आयोजन ने विद्यार्थियों में उत्साह भर दिया। इस बारे में जानकारी देते हुए शिक्षा महानिदेशक कंचन वर्मा ने बताया कि आयोजन ने बच्चों में खेल के प्रति जागरूकता और रुचि को बढ़ावा दिया।

### डिग्री का प्रयोग ही सफलता की कुंजी : राजीव सिंह

**अमृत विचार, लखनऊ :** नेशनल पीजी कॉलेज ने अपनी स्थापना के 50 वर्ष पूरे होने का उत्सव मनाया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में उच्च न्यायालय, इलाहाबाद के न्यायमूर्ति राजीव कुमार उपस्थित रहे। न्यायमूर्ति राजीव सिंह ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि सलीका हो तो हर बात सुनी जाती है। केवल डिग्री प्राप्त करना ही पर्याप्त नहीं है, बल्कि आज की दुनिया में इसका प्रयोग ही सफलता की कुंजी है। प्राचार्य प्रो. देवेन्द्र कुमार सिंह ने कहा कि पिछले 50 वर्षों में हमें मिली सफलताओं का जश्न मनाने और भविष्य के लिए हमारी योजनाओं को साझा करने के लिए उत्साहित हैं। विशिष्ट अतिथि प्रो. एसपी सिंह ने कहा कि यदि किसी को ऊंचाई तक पहुंचना है, तो एक निर्धारित उद्देश्य के साथ सही दिशा में आगे बढ़ने के महत्व पर जोर देना होगा। इस मौके पर महाविद्यालय की वार्षिक पत्रिका अभिव्यक्ति का विमोचन किया गया।

## राजस्व कर्मियों के मानसिक स्वास्थ्य पर शोध

**अमृत विचार, लखनऊ :** लखनऊ विश्वविद्यालय के मनोविज्ञान विभाग ने राजस्व कर्मियों के मानसिक स्वास्थ्य पर शोध किया है। शोध राजस्व कर्मियों के बीच पनप रहे समृद्धि के मनो सामाजिक सहसंबंध पर आधारित है।

मनोविज्ञान विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ. अर्चना शुक्ला ने बताया कि शोध छात्रा गरिमा सिंह द्वारा किया गया, जो वाणिज्य कर विभाग में राज्य कर अधिकारी के रूप में कार्यरत हैं। यह शोध सरकारी सेवाओं में कर्मचारियों के मानसिक स्वास्थ्य, उत्थान और समृद्धि में योगदान देने वाले कारकों और राजस्व कर्मियों के अन्य पहलुओं को समझने पर केंद्रित है। शोध में द्वितीय श्रेणी के कुल 150 राजस्व अधिकारियों द्वारा शामिल करते हुए तैयार किया गया है।

**महिला और पुरुष अधिकारियों ने समृद्धि को दिए रूप :** शोध में महिला एवं पुरुष अधिकारियों में समृद्धि की अनुभूति को साझा किया गया। महिला राजस्व कर्मियों ने समृद्धि की व्याख्या खुशी और संतुष्टि के संदर्भ में की है। वहीं पुरुष कर्मियों ने इसे सफलता और क्षमता स्वरूप दिया। महिला अधिकारियों ने परिवार को अपना सहारा बताया। पुरुष अधिकारियों ने मित्रों को विस्तृत स्वरूप दिया।

क्या ऑपरेशन ही एक मात्र समाधान है ?
SINCE 2006
जोड़ों का दर्द, गठिया, स्पॉन्डिलाइटिस में!
कहीं आप इन जटिल रोगों से परेशान तो नहीं? जोड़ों का दर्द, गठिया, स्पॉन्डिलाइटिस, रूमेटॉइड अर्थ राइटिस, स्लिपडिस्क, कमर दर्द, कंधे का दर्द/फ्रोजेन शोल्डर, स्याटिका, मांसपेशियों का दर्द, एड़ी का दर्द, वातरक्त (GOUT) इत्यादि।
दर्द की दवाइयाँ खाकर अपने शरीर को नुकसान न पहुंचाये – आयुर्वेद अपनायें
VACHAK वाचक आयुर्वेद®

आइए इसी संबंध में डॉक्टर ओम प्रकाश वर्मा जी से हुई बातचीत के कुछ अंश

प्रश्न 1: गठिया रोग की पहचान कैसे करें ?
उत्तर : गठिया रोग का सबसे प्रमुख लक्षण है जोड़ों में दर्द होना जब जोड़ों में दर्द व सूजन कुछ दिन या हफ्तों में ठीक ना हो और चलते फिरते या उठते बैठते दर्द होने लगे तो हमें चाहि, कि किसी अच्छे डॉक्टर से सलाह लें

प्रश्न 2: डा0 कहते हैं कि आपके घुटनों का गिरीश सूख गया है तो यह गिरीश क्या होता है?
उत्तर : यहां एक गाढ़ा तरल पदार्थ है जिसे सायनोवियल फ्लुएड कहते हैं जो आपके जोड़ों को हिलने डुलने में मदद करता है और आपस में रगड़ खाने से रोकता है

प्रश्न 3: रूमेटोइड अर्थराइटिस क्या है?
उत्तर : यह एक ऑटोइम्यून डिजीज है जिसमें शरीर की इम्युनिटी स्वस्थ कोशिकाओं को ही नुकसान पहुंचाना शुरू कर देती हैं जो जोड़ों में दर्द सूजन और जकड़न का कारण बनती है इसे आयुर्वेद में आमवात के नाम से जाना जाता है

प्रश्न 4: क्या बिना ऑपरेशन के गठिया में आराम हो सकता है?
उत्तर : आयुर्वेद शास्त्र के अनुसार गठिया एक जटिल बीमारी है तथा इसमें ऑपरेशन नहीं बताया गया है यह वातव्याधि के अंतर्गत आता है जिसमें वात नाशक व रसायन औषधियों का प्रयोग किया जाता है जिससे जोड़ो में चिकनाहट बनना शुरू हो जाता है और जोड़ों का दर्द व सूजन कम हो जाने से मरीज को चलने फिरने में आराम हो जाता है

प्रश्न 5: क्या अत्यधिक पेन किलर खाना नुकसानदायक है?
उत्तर : हां अत्यधिक पेन किलर खाने से हमारे शरीर को नुकसान हो सकता है विशेषतया हमारे पेट व गुर्दे को नुकसान पहुंच सकता है

प्रश्न 6: डॉक्टर साहब बिना दर्द की दवा के मरीज को आराम कैसे मिलेगा?
उत्तर : जोड़ों में दर्द का मुख्य कारण जोड़ों के अंदर उपस्थित गिरीश का कम हो जाना जिससे हड्डियां आपस में रगड़ खाती है जिससे दर्द व सूजन की स्थिति पैदा होती है आयुर्वेदिक औषधियों में एंटीऑक्सीडेंट मल्टीविटामिन Antiinflammatory व रसायन गुण होते हैं जिससे जोड़ों में चिकनाहट उत्पन्न होती है इस कारण हड्डियां आपस में रगड़ कम खाती हैं जिससे दर्द व सूजन में आराम हो जाता है

प्रश्न 7: सवाल घुटनों के दर्द व गठिया में क्या क्या नहीं खाना चाहिए?
उत्तर : आयुर्वेद के अनुसार जोड़ों का दर्द व गठिया वात व्याधि के अंतर्गत आती है अतः वाद वर्धक आहार-विहार जैसे उड़द की दाल कटहल घुईया बैगन भिंडी राजमा मटर कद्दू वा देर रात तक जागना हानिकारक होता है

प्रश्न 8: गठिया रोग में क्या क्या खाना फायदेमंद होता है?
उत्तर : गठिया रोग में सूप सलाद हरी सब्जियां दूध मट्ठा पनीर अंजीर अखरोट पपीता अनार इत्यादि खाना फायदेमंद होता है

प्रश्न 9: डॉक्टर साहब गठिया से पीड़ित मरीजों को क्या सलाह देना चाहते हैं?
उत्तर : गठिया से पीड़ित मरीजों को नियमित रूप से तेल की मालिश सिकाई व एक्सरसाइज करना चाहिए तथा सीढ़ी ज्यादा ना चढ़े व नीचे ना बैठे तथा जल्द से जल्दआयुर्वेद विशेषज्ञ की सलाह लें जिससे आप की बीमारी आगे ना बढ़े

प्रश्न 10: अच्छा डॉक्टर साहब यदि कोई मरीज ऑपरेशन कराने के बाद भी उसे दर्द या तकलीफ रह जाती है तो क्या ऐसे मरीजों में भी आयुर्वेदिक दवाइयां लाभकारी होंगी?
उत्तर : हां बिल्कुल ऑपरेशन के बाद भी यदि मरीज को दर्द या तकलीफ रह जाती है तो आयुर्वेदिक दवाइयों से इलाज किया जा सकता है


डॉ. ओम प्रकाश वर्मा
MD (आयुर्वेद) आयुर्वेद स्पेशलिस्ट

पुरस्कार एवं सम्मान
- सन 2015 में प्रसिद्ध मीडिया हाउस के द्वारा इन्हें बेस्ट आयुर्वेदिक चिकित्सक के सम्मान से सम्मानित किया गया
- सन 2017 में माननीय यूपी कैबिनेट मिनिस्टर श्रीमती रीता बहुगुणा जोशी जी ने मार्वल हेल्थ आइकॉन अवार्ड से सम्मानित किया
- सन 2017 में ही माननीय महामहिम राज्यपाल उत्तर प्रदेश श्री राम नाईक जी द्वारा पर्सनालिटी ऑफ इंडिया के सम्मान से सम्मानित किया गया
- श्री बी एस डी आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल द्वारा टी.बी. दिवस पर एक कार्यक्रम में डॉक्टर साहब को उनके योगदान हेतु सम्मानित किया गया
- चैनल न्यूज 18 यूपी/उत्तराखंड ने कार्यक्रम लाइफ लाइन में डॉक्टर ओम प्रकाश वर्मा को यूपी के हेल्थ मिनिस्टर माननीय श्री सिद्धार्थ नाथ सिंह जी द्वारा सम्मानित किया गया
- संस्कृत संस्थान द्वारा मानव सेवा के कार्य में निशुल्क योगदान के लिए सम्मानित किया गया
- संस्था एक पहल द्वारा माननीय मेयर लखनऊ श्रीमती संयुक्ता भाटिया द्वारा यूपी आई कॉन अवार्ड से सम्मानित किया गया

Web : www.vachak.in
अपॉइन्टमेंट के लिए सम्पर्क करें –
7080239313
7570060266

आलमबाग
पता: शॉप नं0 206, तालकटोरा रोड, निकट आलमबाग चौराहा, लखनऊ नियर बृजवासी बेकरी
परामर्श समय– सुबह 10:00 से 02:00 तक

मुंशीपुलिया
पता: 638/010 फरीदीनगर पिकनिक स्पॉट रोड, मुंशीपुलिया, लखनऊ नियर साहू पैलेस
परामर्श समय– सांय 06:00 से 09:00 तक

रविवार सांय अवकाश

## एक नजर

### मारपीट करने वालों पर कार्रवाई नहीं करने का आरोप

अमृत विचार, माल : थाना अंतर्गत निकरोजपुर गांव में खेत बटाई लेने पर हुए विवाद में दो पक्षों में जमकर मारपीट हुई। पीड़ित रिंकू उर्फ देवेश ने पुलिस को बताया कि उसने चाचा की जमीन बटाई ली है। इससे नाराज पड़ोसियों ने उसके परिवार के महेन्द्र तिवारी को लात-घूसों से पीटकर जान से मारने की धमकी दी। पीड़ित ने प्रार्थना-पत्र देने के तीन दिन बाद भी पुलिस पर सुनवाई नहीं करने का आरोप लगाया है।

### वाहनों से सामान चुराने वाले दो गिरफ्तार

अमृत विचार, काकोरी : पारा पुलिस वाहनों से सामान चुराने वाले दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इंस्पेक्टर बृजेश कुमार वर्मा के मुताबिक 14 जून को एवन सिटी निवासी अजीत त्रिपाठी ने प्रार्थना-पत्र दिया था। बताया कि सफाई का काम करने वाले विपिन मिश्रा को काम से निकाल दिया था। उसने बस की स्टेपनी चुरा ली। इंस्पेक्टर ने बताया कि मामले में विपिन मिश्रा निवासी ग्राम कुरौली, अयोध्या और साथी अजय कुमार को बुधवार को पकड़ा गया। उनके कब्जे से स्टेपनी व 340 रुपये बरामद किए गए है।

### यात्री का बैग लेकर भागा ई-रिक्शा चालक

अमृत विचार, लखनऊ : नाका क्षेत्र में यात्री का ई-रिक्शा चालक द्वारा बैग लेकर भागने का मामला सामने आया है। इंस्पेक्टर वीरेंद्र त्रिपाठी के मुताबिक, प्रयागराज के सिरसा निवासी निशांत मिश्रा ने प्रार्थना-पत्र दिया। बताया कि कंपनी के कार्य से लखनऊ आए थे। 20 जुलाई को कैसरबाग से रात करीब 10.15 बजे ई-रिक्शा से चारबार मेट्रो स्टेशन के नीचे उतरे। चालक को देने के लिए पर्स से रुपये निकालने लगे। इसी दौरान चालक बैग समेत ई-रिक्शा लेकर भाग निकला। इंस्पेक्टर ने बताया कि चालक की पहचान के लिए सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही हैं।

### ऑटो चालक को पीटने वाला पुलिसकर्मी निलंबित

अमृत विचार, लखनऊ : पुलिस आयुक्त ने ऑटो चालक को पीटने वाले पुलिसकर्मी को निलंबित कर दिया है। कमता चौराहा के पास पुलिसकर्मी द्वारा ऑटो चालक को पीटने का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था। मामले में पुलिस कमिश्नर अमरेंद्र सेंगर ने टीएसआई राजेंद्र कुमार को निलंबित कर दिया है।

### शटर तोड़कर दुकान में चोरी का प्रयास

अमृत विचार, तालकटोरा : थाना अंतर्गत राजाजीपुरम निवासी सौरभ यादव की ब्रेकरी की दुकान ई ब्लॉक में है। मंगलवार रात चोरों ने दुकान का शटर तोड़कर चोरी का प्रयास किया। फिलहाल अंदर शीशे का दरवाजा होने से नहीं घुस सके। पीड़ित ने बुधवार को थाने में प्रार्थना-पत्र दिया है।

# ससुराल गए युवक का शव बाग में फंदे से लटका मिला

संवाददाता, काकोरी/ माल


श्याम


घटनास्थल पर मौजूद परिजन और ग्रामीण। अमृत विचार

अमृत विचार : माल क्षेत्र में ससुराल से पत्नी को विदा कराने गए युवक का शव बुधवार को बाग में फंदे पर लटका मिला। परिजन ने पत्नी समेत अन्य सुसरालवालों पर हत्या कर शव लटकाने का आरोप लगाते हुए पुलिस से कार्रवाई की मांग की है।

पारा कोतवाली क्षेत्र के सरोसा गांव निवासी हरिराम ने बताया कि भाई श्याम (28) की ससुराल माल क्षेत्र के भनौरा गांव में है। उसकी पत्नी रीता मायके में थी। 22 जुलाई को वह बेटी प्रतिमा (6) के साथ पत्नी को विदा कराने ससुराल गया था। हरिराम के मुताबिक, बुधवार शाम करीब 5 बजे ससुरालवालों ने फोन कर बताया कि श्याम ने गांव के बाहर आम के बाग में फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली है। हादसे की जानकारी होते ही परिजन भनौरा पहुंचे। उन्होंने मायके वालों पर हत्या कर शव फंदे से लटकाने का आरोप लगाया है। इंस्पेक्टर ने बताया कि मृतक के परिजन ने बहू समेत अन्य के खिलाफ प्रार्थना-पत्र दिया है। शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। रिपोर्ट में मौत का कारण स्पष्ट होने पर कार्रवाई की जाएगी।

**युवक ने पिया कीटनाशक, मौत** : माल थाना क्षेत्र के कुराखर में अज्ञात कारणों के चलते राजकुमार (30) ने मंगलवार को कीटनाशक पी लिया था। जानकारी नहीं होने के चलते परिजनों ने उसे अस्पताल में भर्ती नहीं कराया। बुधवार को उसकी मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

**▸▸ भाई ने हत्या कर शव लटकाने का लगाया आरोप**

### बेटी बोली, पापा को मम्मी, मामा, नाना व नानी ने मारा

हरिराम का कहना है कि वह भनैरा पहुंचा तो श्याम का शव आम के बाग में लटका मिला। पत्नी रीता ने बताया कि पति ने आत्महत्या की है। कारण पता नहीं है। जबकि बेटी प्रतिमा ने बताया कि पापा को मामा, नाना, नानी और मम्मी ने मिलकर मारा है।

### शरीर पर मिले चोट के निशान

परिजनों ने बताया कि श्याम के हाथ पर चोट के कई निशान थे। इससे लग रहा है कि पहले उसके साथ मारपीट की गई है। घटनास्थल की घर से दूरी महज 1 किलोमीटर है। वहां पर डिस्पोजल गिलास और एक कोल्ड ड्रिंक की बोतल भी पड़ी मिली।

# युवक की हत्या के मामले में इंस्पेक्टर बंथरा निलंबित

संवाददाता, सरोजनीनगर

अमृत विचार : बंथरा में बिजली ठीक करने को लेकर हुए विवाद में हितेश उर्फ रितिक पांडे (20) की हत्या के मामले में बुधवार को जेसीपी क्राइम आकाश कुलहरि ने इंस्पेक्टर बंथरा हेमंत कुमार राघव को निलंबित कर दिया।

इसी मामले में मंगलवार को हलका इंचार्ज उपनिरीक्षक सुभाष चंद्र यादव, सहयोगी दारोगा सुशील यादव और कांस्टेबल यतेन्द्र को भी निलंबित किया गया था। जेसीपी के अनुसार, अब तक की जांच में इंस्पेक्टर समेत घटना में जिन पुलिसकर्मियों की लापरवाही सामने आई है। उनके निलंबन की कार्रवाई की गई है। इसके साथ ही अन्य बिंदुओं पर जांच के लिये एसीपी को जिम्मेदारी सौंपी गई है। बताया कि उनकी रिपोर्ट में जो भी पुलिसकर्मी दोषी मिलेंगे उनके खिलाफ विभागीय कार्रवाई की जाएगी।

### परिजन को ढांढस बंधाने पहुंचे सपा नेता

बंथरा गांव में सपा नेताओं के अलावा कई संगठनों के लोग परिजन को ढांढस बंधाने पहुंचे। इनमें यूपीसीएलएफ के पूर्व अध्यक्ष वीरेंद्र तिवारी, सपा प्रदेश उपाध्यक्ष सीएल वर्मा, जिलाध्यक्ष जय सिंह जयंत, जिला महासचिव शब्बीर अहमद खान, विधानसभा अध्यक्ष चंद्रशेखर यादव समेत अन्य शामिल हैं। उन्होंने मामले में दोषियों पर कड़ी कार्रवाई की मांग की है।

# दूध टैंकर की टक्कर से स्कूटी चालक मां की मौत, बेटी घायल

## बेटी को स्कूल से घर ले जाते समय रास्ते में हुआ हादसा

संवाददाता, लखनऊ/सरोजनीनगर

अमृत विचार : सरोजनीनगर क्षेत्र में कानपुर रोड पर तेज रफ्तार दूध के टैंकर ने स्कूटी सवार मां-बेटी को टक्कर मार दी। स्कूटी से छिटक कर दूर गिरने से बेटी बच गई, जबकि टैंकर के नीचे आने से मां की मौत हो गई। यह हादसा बेटी को स्कूल से घर ले जाते समय हुआ।

सरोजनीनगर इंस्पेक्टर शैलेंद्र गिरी के मुताबिक, कंचनपुरी कॉलोनी निवासी भारतीय जीवन बीमा निगम के सहायक असिस्टेंट नीरज चौधरी की पांच वर्षीया बेटी निष्ठा एक निजी कॉलेज में पढ़ती है। रोज की तरफ ही बुधवार दोपहर छुट्टी होने पर पत्नी प्रिया (30) बेटी को लेने स्कूटी से स्कूल गई थी। बेटी को लेकर घर लौटते समय सरोजनीनगर थाने से कुछ दूरी पर कानपुर रोड स्थित हज हाउस के पास पीछे से आए तेज रफ्तार दूध के टैंकर ने स्कूटी में टक्कर मार दी। हादसे में बेटी छिटक कर दूर जा गिरी, जबकि मां टैंकर के नीचे आकर गंभीर रूप से घायल हो गयी। राहगीरों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने प्रिया को लोकबंधु अस्पताल पहुंचाया। जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। हादसे के बाद आरोपी चालक टैंकर छोड़ कर भाग निकला। इंस्पेक्टर ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। टैंकर कब्जे में ले लिया है। परिजन की तरफ से प्रार्थना-पत्र मिलने पर कार्रवाई की जायेगी।


प्रिया

### चार दिन पहले ही खरीदी थी नई स्कूटी

नीरज चौधरी ने बताया चार दिन पहले ही बेटी को स्कूल से लाने- ले जाने पत्नी के लिये नई स्कूटी खरीदी थी। हादसे के बाद से बेटी सदमे में है। उसका रो-रोकर बुरा हाल हो रहा है। वहीं हादसे के बाद कानपुर रोड पर करीब एक घंटे जाम की स्थिति बनी रही।

### स्कॉर्पियो की टक्कर से बाइक चालक की मौत

गोसाईंगंज क्षेत्र में किसान पथ पर तेज रफ्तार स्कॉर्पियो की टक्कर से घायल बाइक चालक ने ट्रॉमा सेंटर में दम तोड़ दिया। पुलिस ने पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर कार्रवाई की बात कही है। पुलिस के मुताबिक, मूलत : हरदोई निवासी सूरज (31) गोसाईंगंज के बेहटा गांव में पत्नी अनीता, बेटी प्रियांशी व बेटा सूर्यांश के साथ रहता है। वह पेटीएम कंपनी में एजेंट था। मंगलवार देर शाम किसान पथ पर ड्रीम वैली पुल के पास चिनहट की ओर से आई स्कॉर्पियो ने बाइक सवार सूरज को टक्कर मार दी। स्कॉर्पियो चालक ने उसे लोहिया अस्पताल पहुंचा कर परिजन को हादसे की सूचना दी। लोहिया से सूरज को ट्रॉमा रेफर कर दिया गया। जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। परिजन ने स्कॉर्पियो चालक की लापरवाही से हादसा होने का आरोप लगाते हुए प्रार्थना-पत्र दिया है।

**ई-रिक्शा पलटा, दबकर मजदूर की मौत** : सरोजनीनगर क्षेत्र में ई-रिक्श पलटने से घायल मजदूर की मौत हो गई। ठाकुरगंज के आसियामऊ निवासी शफीक (21) मजदूरी करता था। भाई रफीक ने बताया कि शफीक फुफेरे भाई सलमान के साथ ई-रिक्शा पर प्लाई बोर्ड लादकर सरोजनीनगर गया था। हाइडिल कॉलोनी स्कूटर इंडिया के बीच एलिवेटेड रोड के पास ई-रिक्शा का पहिया रोड के किनारे बने गड्ढे में चला गया। इससे रिक्शा पलटने से शफीक दब गया। जबकि सलमान ने कूद कर जान बचाई। आसपास के लोगों की मदद से सलमान ने रिक्शा सीधा कर शफीक को लोकबंधु अस्पताल पहुंचाया। जहां डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। फिलहाल परिजन ने मामले में पुलिस से सलमान से पूछताछ की मांग की है। इंस्पेक्टर ने बताया कोई प्रार्थना-पत्र नहीं मिला है।

**बाइक की टक्कर से मजदूर की मौत** : पीजीआई क्षेत्र में हुए सड़क हादसे में मजदूर की मौत हो गई। पुलिस के मुताबिक, तेलीबाग स्थित डिफेंस कॉलोनी निवासी सोनू (45) मजदूरी करते थे। रिश्तेदार चंदन प्रकाश ने बताया कि सोनू मंगलवार सुबह पैदल मजदूरी करने घर से निकला था। कॉलोनी के बाहर बाइक सवार ने टक्कर मार दी। सिर के बल गिरने से सोनू गंभीर रूप से घायल हो गया। परिजन ने उसे लोकबंधु अस्पताल पहुंचाया। जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने बुधवार को पोस्टमार्टम के बाद शव परिजन को सौंप दिया।

## कक्षा-8 की छात्रा का फंदे से लटका मिला शव

अमृत विचार, आलमबाग : आशियाना क्षेत्र में कक्षा-8 की छात्रा का शव फंदे से लटका मिला। मां ने घटना का कारण पता होने से इनकार किया है। पुलिस के मुताबिक, मूलतः दार्जिलिंग निवासी निमाकित पांच माह से रुचिखंड में किराये के कमरे में बेटी दिया (13) के साथ रह रही है। निमाकिता निजी कंपनी में सिक्योरिटी गार्ड है। पति निर्मल बड़ी बेटी के साथ गांव में रहते हैं। मंगलवार दोपहर दिया ने प्रथम तल पर बने कमरे में दुपट्टे से पंखे में फंदा लगा लिया। मां पड़ासियों की मदद से छात्रा को लोकबंधु अस्पताल ले गयी। जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। इंस्पेक्टर का कहना है कि मौके से कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है।

# गोली मारकर किशोर ने की आत्महत्या

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : गाजीपुर थाना क्षेत्र में बुधवार तड़के चाचा की लाइसेंसी रिवॉल्वर से किशोर ने कनपटी पर गोली मार कर आत्महत्या कर ली। फिलहाल पुलिस ने पोस्टमार्टम के लिए शव भेजा है।

पुलिस के मुताबिक, मूलतः गाजीपुर जनपद के विश्वेश्वरगंज निवासी पिता शैलेंद्र सिंह व्यवसायी हैं। बताया कि छोटा बेटा प्रत्यूष सिंह (19) दो वर्ष पहले इंटरमीडिएट की परीक्षा में फेल हो गया था। इसके बाद से डिप्रेशन में था। प्रत्यूष का कल्याण सिंह कैंसर अस्पताल से इलाज चल रहा था। हालत में सुधार होने पर वह एक वर्ष पहले बड़े भाई उदित राज सिंह के साथ देहरादून में रह कर पढ़ाई कर रहा था।

एक माह पहले तबियत फिर से बिगड़ने पर इलाज कराने चाचा सत्येंद्र सिंह निवासी इंदिरानगर के हरियरनगर के घर आया था। सत्येंद्र का कहना है कि मंगलवार रात खाना खाकर परिवार के साथ बगल के कमरे में सो रहे थे। जबकि प्रत्यूष दूसरे कमरे में अकेला सोया था। सुबह जब परिजन जागे तो प्रत्यूष के कमरे का दरवाजा नहीं खुला। खिड़की से अंदर झांक कर देखा तो कमरे में प्रत्यूष लहूलुहान पड़ा मिला।

डीसीपी उत्तरी आर अभिजीत शंकर ने बताया कि पुलिस ने रिवॉल्वर व खोखा कब्जे में लिया है। मौके से कोई सुसाइड नोट बरामद नहीं हुआ। फोरेंसिक टीम ने साक्ष्य एकत्रित किए हैं।

### ▸▸ गोली सिर के आर-पार

लाइसेंसी रिवॉल्वर चाचा सतेंद्र का था। प्रत्युष की कनपटी में गोली लगी थी। जो सिर के आरपार होकर दीवार में जा धंसी। सत्येंद्र ने बताया उनके कमरे में कूलर और फर्राटा पंखा चल रहा था। इसके चलते गोली चलने की आवाज नहीं सुनाई दी।


प्रत्युष

### ▸▸ लाइसेंस निरस्त करने की कार्रवाई

एसीपी गाजीपुर विकास जायसवाल का कहना है कि सत्येंद्र ठेकेदारी करते हैं। सत्येंद्र को रिवॉल्वर लॉक करके अलमारी में रखनी चाहिए थी। उनकी भी लापरवाही सामने आयी है। रिवॉल्वर के लाइसेंस के निस्तीकरण की कार्रवाई की जा रही है।

# सेवानिवृत्त लेफ्टिनेंट की पत्नी से बदमाशों ने लूटी चेन

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : पीजीआई इलाके की सब्जी मंडी में बाइक सवार बदमाशों द्वारा सेवानिवृत्त लेफ्टिनेंट की पत्नी से चेन लूट का मामला सामने आया है। 19 जुलाई को भी इसी स्थान पर लुटेरों ने एक महिला की चेन लूटी थी।

पुलिस के मुताबिक, सेवानिवृत्त लेफ्टिनेंट राम बहादुर सिंह शहीद पथ के पास मानसरोवर योजना में बने आवास में रहते हैं। पत्नी सुधा के साथ वह शनिवार रात सब्जी खरीदने तेलीबाग सब्जी मंडी गए थे। वह कार में सब्जी रख रहे थे, तभी बाइक सवार बदमाश पत्नी की चेन लूट कर भाग गए। सेवानिवृत्त लेफ्टिनेंट का आरोप है कि पुलिस ने शिकायत के तीन दिन बाद रिपोर्ट दर्ज की। इंस्पेक्टर ब्रजेश चंद्र तिवारी ने बताया कि बदमाशों की पहचान के लिए कैमरों के फुटेज खंगाले जा रहे हैं।

### चेन व मोबाइल लूटने वाले दो बदमाश गिरफ्तार

अमृत विचार : कृष्णानगर पुलिस ने चेन व मोबाइल लूटने वाले दो बदमाशों को गिरफ्तार कर दो घटनाओं का खुलासा किया। आरोपियों ने लूट की वारदात अंजाम देने के लिए दो लाख की बाइक खरीदी थी। कब्जे से लूट की चेन व मोबाइल बरामद किया है। डीसीपी दक्षिण तेज स्वरूप सिंह के मुताबिक, गीतापल्ली आलमबाग निवासी भूपेंद्र सिंह ने 9 मार्च को बेटी से मोबाइल लूट की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। आरोपियों की पहचान सदर सीतापुर निवासी मो. अलकमर और सिधौली निवासी रेहान उर्फ आर्यन के रूप में हुई।

## सार-संक्षेप

### दिल्ली में तैनात औषधि निरीक्षक के मकान में चोरी

अमृत विचार, आलमबाग : दिल्ली स्थित स्वास्थ्य मंत्रालय में औषधि निरीक्षक के बंद मकान से चोरों द्वारा गहने, नकदी व ऑफिशियल दस्तावेज चोरी होने का मामला सामने आया है। घटना कृष्णानगर कोतवाली क्षेत्र स्थित उनके मकान की है। मंगलवार को उन्होंने चोरी का मामला दर्ज कराया है। इंस्पेक्टर प्रदुम्न कुमार सिंह के मुताबिक, पीड़ित कालीचरन ने बताया कि मूलत : वह हमीरपुर जनपद के अकौना निवासी हैं। कृष्णानगर के महाराजापुरम कॉलोनी में उनका मकान है। जो एक माह से बंद पड़ा था। 20 जुलाई को घर पहुंचे तो चोरी का पता चला। सूचना पर पुलिस ने पहुंचकर जांच की। इंस्पेक्टर ने बताया कि आरोपियों की पहचान के लिए आसपास के कैमरों के फुटेज खंगाले जा रहे हैं।

### ई-रिक्शा चालक आज नगर निगम मुख्यालय पर करेंगे प्रदर्शन

अमृत विचार, लखनऊ : ई-रिक्शा चालकों ने बुधवार को नगर निगम मुख्यालय में अपर नगर आयुक्त से मुलाकात कर ऑटो-टेम्पो की तरह ई-रिक्शा के लिए स्टैंड और चार्जिंग प्वाइंट बनाने की मांग की है। ई-रिक्शा का रूट शहर से बाहर करने पर नाराजगी जताई। इन मांगों को लेकर ई-रिक्शा चालक गुरुवार को सुबह 11 बजे से नगर निगम मुख्यालय के बाहर प्रदर्शन करेंगे। इस मौके पर अपर नगर आयुक्त पंकज श्रीवास्तव, ई-रिक्शा एंड ई-आटो चालक संयुक्त मोर्चा के उपाध्यक्ष इरफान खान, कोषाध्यक्ष शैलेंद्र सिंह सहित अन्य पदाधिकारी और पुलिस के अधिकारी उपस्थित रहे।

### एमबीए के छात्र को पिस्टल की बट से पीटा

अमृत विचार, लखनऊ : बीबीडी क्षेत्र में रह कर एमबीए की पढ़ाई कर रहे छात्र ने दो युवकों पर पिस्टल की बट से पीटकर दिनभर कमरे में बंद रखने का आरोप लगाया है। पीड़ित छात्र का कहना है कि घटना के कारण उसको पेपर छूट गया। शिकायत पर पुलिस मामले की जांच में जुटी है। इंस्पेक्टर अजय नारायण सिंह के मुताबिक, संस्कार सिंह ने बताया कि प्रयागराज के झूंसी नगर का मूल निवासी है। 23 जुलाई को वह अपने फ्लैट पर था। उसे फोन कर सौरभ नायक ने मिलने के लिए अपने फ्लैट बुलाया और गाली- गलौज करने लगा। विरोध करने पर सौरभ व उसके साथी सुमित ने रॉड व पिस्टल की बट से जमकर पीटा। इससे उसे गंभीर चोटें आईं। आरोप है कि युवकों ने उसे रात भर कमरे में बंद रखा। इसके चलते उसका एमबीए सेकेंड सेमेस्टर का पेपर भी छूट गया। घटना सुबह पांच बजे की है। इंस्पेक्टर ने बताया आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज किया है।

### लापता डिलीवरी ब्वॉय व अज्ञात महिला का गोमती में मिला शव

अमृत विचार, लखनऊ : हजरतगंज क्षेत्र में बैकुंड धाम के पास गोमती नदी में बुधवार को लापता डिलवरी ब्वॉय का शव मिला। इंस्पेक्टर विक्रम सिंह के मुताबिक, ठाकुरगंज के लालाबाग निवासी राज प्रजापति (24) फूड कम्पनियों के लिए डिलवरी करता था। सोमवार सुबह राज बिना बताए घर से निकला था। पिता मुन्नालाल के मुताबिक, कई बार कॉल करने के बाद भी फोन नहीं उठा। तलाश के दौरान मंगलवार को जीजा संजीव को दुबग्गा घैला पुल के पास राज की बाइक खड़ी मिली। जीजा ने बताया कि पुलिस ने फोन कर बैकुंड धाम के पास राज का शव मिलने की सूचना दी थी। उन्होंने हत्या कर शव नदी में फेंकने की आशंका जताई है। दूसरी ओर गोमतीनगर क्षेत्र में नदी में बुधवार को अज्ञात महिला का शव मिला है। पुलिस के मुताबिक, रिवर फ्रंट के पास गोमती नदी के आसपास मौजूद लोगों ने शव देख सूचना दी। महिला की उम्र तकरीबन 28 वर्ष होगी। शव लगभग चार दिन पुराना प्रतीत हो रहा है। पुलिस ने बताया कि पहचान नहीं हो सकी। इसके चलते मोर्च्युरी में रखवाया है।

### पल्लेदार ने फंदा लगाकर दी जान

अमृत विचार, लखनऊ : हसनगंज क्षेत्र में पल्लेदार के फंदा लगाकर जान देने का मामला सामने आया है। पुलिस के मुताबिक, मूलत : हरदोई के अतरौली निवासी धीरज (28) डालीगंज के मुंशीगंज में किराए के मकान में रहकर पल्लेदारी करता था। पिता मेवा लाल ने बताया धीरज की पत्नी मीरा सोमवार को झगड़ा कर मायके चली गई थी। इसी के चलते रात में उसने फंदा लगाकर जान दे दी।

### सरिया गोदाम मालिक ने युवकों को बंधक बनाकर पीटा

अमृत विचार, आलमबाग : कृष्णानगर कोतवाली क्षेत्र में दो युवकों को सरिया गोदाम के मालिक द्वारा साथियों के साथ मिलकर बंधक बना पीटने का मामला सामने आया है। दोनों पर गोदाम से सरिया चुराने का आरोप है। फिलहाल सूचना पर पहुंची पुलिस दोनों को बंधकों को मुक्त करा कार्रवाई कर रही है। इंस्पेक्टर पीके सिंह के मुताबिक, सरोजनीनगर क्षेत्र के बदाली खेड़ा निवासी हर्षित और आलमबाग के गीता पल्ली निवासी दिवाकर तिवारी डेढ़ वर्ष से एलडीए कॉलोनी में सरिया गोदाम के पार्थ क्लियरिंग कंपनी के ऑफिस में काम करते थे। दोनों का आरोप है कि बुधवार दोपहर गोदाम मालिक पार्थ महाना ने दोनों को ऑफिस बुलाया। वहां पहुंचे तो पार्थ, राजीव, हर्षित और नितीन अग्रवाल ने गोदाम से सरिया चोरी का आरोप लगाया। विरोध करने पर मालिक समेत अन्य लोगों ने दोनों को बंधक बनाकर पिटाई की। इंस्पेक्टर का कहना है कि पीड़ित पक्ष ने गोदाम मालिक और उनके साथियों के खिलाफ प्रार्थना-पत्र दिया है। वहीं गोदाम मालिक ने दोनों पर सरिया चोरी करने का आरोप लगाया है।

### लोकबंधु अस्पताल परिसर से ई-रिक्शा चोरी

अमृत विचार, आलमबाग : लोकबंधु अस्पताल परिसर से चोरों ने ई-रिक्शा पार कर दिया। कृष्णानगर कोतवाली इंस्पेक्टर पीके सिंह के मुताबिक, सरवन नगर बिजनौर निवासी मो. शोएब ने प्रार्थना-पत्र दिया। बताया कि 8 जुलाई को दोस्त जब्बार अली की पत्नी को लोकबंधु अस्पताल ई- रिक्शा से लेकर पहुंचा था। ई-रिक्शा अस्पताल परिसर में खड़ा कर अंदर चला गया। कुछ देर बाद लौटा तो रिक्शा चोरी हो चुका था। पुलिस ने रिक्शा चोरी की रिपोर्ट दर्ज की है।

# सीआईएसएफ अधिकारी की बेटी से एक लाख की ठगी

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**▸▸ कुरियर कंपनी कर्मचारी बन झांसे में लिया**

अमृत विचार : सरोजनीनगर कोतवाली में सीआईएसएफ अधिकारी ने बेटी के साथ धोखाधड़ी कर एक लाख की ठगी की रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस आरोपियों की पहचान का प्रयास कर रही है।

इंस्पेक्टर शैलेंद्र गिरी के मुताबिक, शांतिनगर निवासी राजेश मिश्रा सीआईएसएफ में राज पत्रित अधिकारी हैं। वर्तमान में नई दिल्ली गृह मंत्रालय में तैनात हैं। राजेश की बेटी भाग्य लक्ष्मी आईआईएम जम्मू से एमबीए कर रही है। कुछ दिन पूर्व भाग्य लक्ष्मी के पास अंजान नंबर से कॉल आई। कॉलर ने खुद को फैडेक्स कुरियर कंपनी का कर्मचारी बता उनके नाम का कोरियर रिलीज कराने के लिए एक लाख रुपये देने की बात कही। झांसे में आयी छात्रा ने अकाउंट में रुपये ट्रांसफर कर दिए। दोबारा और रुपयों की मांग पर शक हुआ तो छात्रा ने नेशनल साइबर पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराई। इंस्पेक्टर ने बताया कि साइबर टीम जांच कर रही है।

## अवैध तमंचे से फायर करने वाले प्रधान पुत्र को पकड़ा

अमृत विचार, लखनऊ: मोहनलालगंज पुलिस ने अवैध तमंचे से फायर करते हुए फोटो वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल करने के मामले में आरोपी को पकड़ा है। इंस्पेक्टर आलोक राव के मुताबिक, फायरिंग करने वाला आठवीं का छात्र है। सोशल मीडिया पर पोस्ट डालने के लिए छात्र ने तमंचे से फायरिंग की थी। जिसका वीडियो दोस्तों ने मोबाइल से रिकॉर्ड की थी। यही वीडियो सोशल मीडिया में वायरल हुआ था। आरोपी महिला ग्राम प्रधान का बेटा है। इंस्पेक्टर ने बताया कि छात्र के पास तमंचा कहां से आया, इसकी जांच की जा रही है।

# डॉक्टर व स्टाफ को तीमारदारों ने पीटा

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : गोमती नगर के एक अस्पताल में मंगलवार देर रात इलाज के दौरान मरीज की मौत के बाद भड़के परिजन ने डॉक्टर और स्टाफ की पिटाई कर दी। हंगामे के दो वीडियो वायरल हुए हैं। इनमें तीमारदार वेटिंग हॉल में डॉक्टर की पिटाई करते दिख रहे हैं। मामले में आरोपियों पर रिपोर्ट दर्ज की गई है।

घटना गोमती नगर विस्तार सेक्टर-4 के अग्नस अस्पताल की है। मामले में इंस्पेक्टर सुधीर अवस्थी ने बताया कि अस्पताल के डॉ. रविसुधीर अवस्थी ने प्रार्थना-पत्र दिया। बताया कि डॉ. रवि देव के साथ मारपीट की गई है। बुधवार सुबह डॉ. रवि देव मरीज देख रहे थे। तभी तीमारदारों की डॉक्टर और स्टाफ नर्स के साथ बहस शुरू हो गई। एक तीमारदार ने स्टाफ पर हाथ उठा दिया। हंगामा बढ़ा तो स्टाफ भाग खड़ा हुआ। मरीज के परिजन डॉक्टर को कमरे से खींचकर वेटिंग हॉल में ले आए और पीटने लगे। डॉक्टर पर कुर्सी उठाकर फेंकी। बताया जा रहा है कि मरीज की मौत हो चुकी थी।

तीमारदारों ने बताया कि पहाड़पुर गांव निवासी श्याम कुमार को 18 जुलाई को अग्नस अस्पताल में भर्ती कराया था। श्याम कुमार को न्यूरो की दिक्कत थी। मंगलवार देर रात इलाज के दौरान मौत हो गई। लेकिन मौत के बाद भी डॉक्टर इलाज कर रहे थे। पूछने पर डॉक्टर नाराज हो गए और जाने को कह दिया। जिसके बाद विवाद शुरू हो गया।

### आईएमए ने की घटना की निंदा

डॉ. रवि देव के साथ अस्पताल में हुई मारपीट की घटना की इंडियन मेडिकल एसोसिएशन (आईएमए) ने कड़ी निंदा की है। इस संबंध में बुधवार को आईएमए भवन में डॉक्टरों की बैठक आयोजित की गई। एसोसिएशन की अध्यक्ष विनीता मित्तल और सचिव डॉ. संजय सक्सेना ने बताया कि पुलिस प्रशासन से आरोपियों पर सख्त कार्रवाई करने की मांग की गई है।

# नौ करोड़ के मकान का तीन करोड़ में करा लिया बैनामा

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : अलीगंज क्षेत्र निवासी मकान मालिक से नौ करोड़ का मकान तीन करोड़ कीमत दिखा बैनामा कराने का मामला सामने आया है। राशि भुगतान के लिए जो चेक दिए गए उनकी भी समय सीमा निकल गई। पीड़ित महिला ने पति की मानसिक हालत ठीक नहीं होने का हवाला देते हुए दंपति पर धोखाधड़ी का आरोप लगा थाने में मामला दर्ज कराया है।

इंस्पेक्टर विनोद कुमार तिवारी के मुताबिक, कल्पना यादव पत्नी राजेश कुमार यादव निवासी देहरादून, उत्तराखंड ने प्रार्थना-पत्र दिया। बताया कि उनके पति राजेश कुमार के नाम से अलीगंज में मकान है। जिसको बेचने के लिए इंदिरानगर निवासी सुनील कुमार से 9.36 करोड़ में बात तय हुई थी।



पति ने 15 जनवरी 2022 में उप निबंधक कार्यालय में सुनील व उनकी पत्नी मंजू के नाम बैनामा करा दिया। लेकिन बैनामा के कागजात में मकान की कीमत 3.36 करोड़ ही दर्शायी गई। पीड़िता का कहना है कि पति मानसिक बीमार हैं। इसके चलते आरोपी दंपति ने दो-दो करोड़ के तीन चेक डीडी के माध्यम से दिए। बैंक में लगाने को लेकर पति को टरकाते रहे। इसके चलते चेक लगाने के लिए तय अंतिम तारीख भी निकल गई। पीड़िता को इसकी जानकारी हुई तो सुनील से संपर्क कर तय सौदे के मुताबिक, 9.36 करोड़ का भुगतान करने को कहा।

कल्पना का आरोप है कि रुपये मांगने पर दंपति ने देहरादून स्थित उसके घर गुंडे भेज कर धमकी दिलाई। पति को उसके खिलाफ भड़का दिया। इससे वह दोनों नाबालिग बेटों को साथ लेकर अलग रह रहे हैं। उसने पति व बच्चों की जान को खतरा बताया है। इंस्पेक्टर ने बताया कि आरोपी दंपति के खिलाफ धोखाधड़ी समेत अन्य धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की है।

### ▸▸ पशु चिकित्सक से हड़पे 23 लाख

अमृत विचार : गोमतीनगर विस्तार कोतवाली में पशु चिकित्सक ने जमीन दिलाने के नाम पर 23 लाख रुपये की धोखाधड़ी की रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस के मुताबिक, वरदान खंड निवासी डॉ. ओमप्रकाश सिंह ने प्रार्थना-पत्र दिया। बताया कि लखीमपुर खीरी निवासी जितेंद्र मिश्रा वेटलाइफ कंपनी में एमआर है। जो काम के सिलसिले में उनके पास आता था। जितेंद्र ने बताया कि उसके जीजा संतोष गोमतीनगर विनीतखंड में जमीन बेच रहे हैं। आप चाहें तो सस्ती दर पर प्लॉट ले सकते हैं। हामी भरने पर जितेंद्र को एक प्लॉट दिखाया गया। लोकेशन पसंद आने पर डॉक्टर ने 23 लाख रुपये दिए लेकिन प्लॉट का बैनामा कराने में टाल-मटोल करने लगा। ओमप्रकाश ने जांच की तो पता चला कि दूसरे की जमीन दिखा कर रुपये हड़प लिए हैं। इंस्पेक्टर ने बताया कि जांच में मिले तथ्यों के आधार पर कार्रवाई की जायेगी।

### ▸▸ प्लांट बेचने के नाम पर 40 लाख की ठगी

अमृत विचार, सरोजनीनगर : क्षेत्र के शांति नगर निवासी सीमा दुबे ने कानपुर के हेमंत विहार निवासी अमित कुमार के खिलाफ प्लॉट बेचने के नाम पर धोखाधड़ी कर 40 लाख रुपये हड़पने की थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। सीमा का कहना है कि अमित कुमार ने उसे कृष्णानगर में एक प्लॉट दिखाया। जिसकी रजिस्ट्री सिंधु नगर निवासी प्रदीप कुमार लालवानी के नाम थी। रजिस्ट्री की फोटो कॉपी दिखाते हुए अमित ने कहा कि उक्त प्लाट की पावर ऑफ अटॉर्नी उसके पास है। पीड़िता का कहना है कि आरोपी ने विश्वास में लेकर प्लॉट की रजिस्ट्री कराने के नाम पर उससे 3 जुलाई को 2 लाख रुपये और बाद में अकाउंट में आरटीजीएस के माध्यम से 38 लाख रुपये ट्रांसफर करा लिए। जब रजिस्ट्री कराने को कहा तो अमित बहाना बनाने लगा। संदेह होने पर इस संबंध में जानकारी कराई तो अमित का आधार कार्ड और पता फर्जी निकला। उसका भू स्वामी से कोई संबंध नहीं है। आरोप है कि अब अमित फोन नहीं रिसीव कर रहा है। फिलहाल पुलिस रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच कर रही है।

## छात्रा के अश्लील फोटो और वीडियो शिक्षिका के पास भेजे

अमृत विचार, लखनऊ/ पीजीआई : पीजीआई क्षेत्र निवासी छात्रा के अश्लील फोटो व वीडियो उसके विद्यालय की शिक्षिका के पास भेजे जाने का मामला सामने आया है। इंस्पेक्टर ने बताया कि सर्विलांस की मदद से आरोपियों की पहचान करने का प्रयास किया जा रहा है। इंस्पेक्टर बृजेश चंद्र तिवारी के मुताबिक, क्षेत्र निवासी पीड़ित पिता ने बताया कि उनकी बेटी क्षेत्र के एक सरकारी विद्यालय में पढ़ती है। आरोप है कि सहेली ने बेटी पर दबाव बना कर बेटी के ही नंबर से उसके फोटो व वीडियो व्हाट्सअप नंबरों पर भिजवा दिए। कुछ दिन बाद फोटो व वीडियो एडिट कर अश्लील बना शिक्षिका के नंबर पर भेजे गए। शिक्षिका ने इसकी सूचना पीड़िता के पिता को फोन पर दी।

## एक नजर

### प्रो. हिमांशु शेखर बने राज्य आयुक्त दिव्यांगजन

**अमृत विचार, लखनऊ :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के अनुमोदन के बाद राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने डॉ. शकुंतला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास के पूर्व कुलपति प्रोफेसर हिमांशु शेखर झा को राज्य आयुक्त दिव्यांजन के पद पर नियुक्त किया। इनकी नियुक्ति कार्यभार ग्रहण करने की तिथि से तीन वर्ष के लिए की गई है। प्रो. हिमांशु शेखर झा पुनर्वास विश्वविद्यालय के वरिष्ठतम आचार्य हैं और समाजशास्त्र और समाजविज्ञान विभाग के संस्थापक विभागाध्यक्ष के साथ ही कला एवं संगीत संकाय के संस्थापक अधिष्ठाता रह चुके हैं।

### राष्ट्रीय महासचिव बने सुदर्शन

अमृत विचार, लखनऊ : समाजवादी बाबासाहेब आंबेडकर वाहिनी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मिठाई लाल भारती ने राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देश पर रामबाबू भारती सुदर्शन को समाजवादी बाबासाहेब आंबेडकर वाहिनी का राष्ट्रीय महासचिव मनोनीत किया है। सुदर्शन के मनोनयन पर संगठन के पदाधिकारियों ने हर्ष व्यक्त किया है।

### गुरु नानक डिग्री कॉलेज में हुआ टेबलेट वितरण

**अमृत विचार, लखनऊ :** स्वामी विवेकानंद सशक्तिकरण योजना के अंतर्गत गुरु नानक गर्ल्स डिग्री कॉलेज में टेबलेट वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व राज्य सूचना आयुक्त उपस्थित रहीं। कार्यक्रम में उपस्थित पूर्व राज्य सूचना आयुक्त किरन बाला चौधरी ने कहा कि इस योजना का मुख्य उद्देश्य छात्राओं को डिजिटलाइज करना है, ताकि वे अपनी जिज्ञासाओं एवं अपनी वैचारिक क्षमताओं को व्यापकता प्रदान कर सकें। प्राचार्या डॉ. सुरभि जी गर्ग की उपस्थिति में मुख्य अतिथि द्वारा टेबलेट वितरित किए गए। कार्यक्रम का संयोजन डॉ. रंजीत कौर और डॉ. कीर्ति पटेल ने किया।

# स्टॉप पेमेंट के बाद भी बैंक ने कर दिया भुगतान, आयोग ने उपभोक्ता को दी राहत

## पति की मौत के बाद ग्रेच्युटी की धनराशि 2 लाख रुपये बैंक खाते में आई

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- ससुराल वालों ने ब्लैंक चेक पर हस्ताक्षर कराकर भुगतान के लिए बैंक में लगा दिए
- महिला ने बैंक को स्टॉप पेमेंट लगाने के संबंध में दिया प्रार्थना पत्र, भुगतान होने पर खटखटाया उपभोक्ता आयोग का दरवाजा

**अमृत विचार :** पति के खाते में आई ग्रेच्युटी की राशि का भुगतान करना बैंक को महंगा पड़ गया। राज्य उपभोक्ता आयोग ने पूरा मामला सुनने के बाद महिला को 1 लाख 86 हजार रुपये भुगतान करने के साथ ही मानसिक प्रताड़ना के लिए 50 हजार रुपये भुगतान करने का आदेश दिया।

मालवीय नगर न्यू ऐशबाग निवासी जया मिश्रा का खाता कैनरा बैंक की अरावली मार्ग स्थित इंदिरा नगर शाखा में है। जया के पति की मौत 6 जुलाई 2018 को हो गई थी और पति की ग्रेच्युटी 2 लाख रुपये 31 अक्टूबर 2018 को उक्त खाते में आ गई। जया ने आरोप लगाया कि ससुराल वालों ने षड़यंत्र के तहत कुछ ब्लैंक चेक पर हस्ताक्षर करा लिए। षड़यंत्र की जानकारी मिलने पर बैंक में अपने खाते के समस्त चेकों को कैंसिल/स्टॉप पेमेंट के लिए 12 मार्च 2019 को प्रार्थना पत्र दिया। जिस पर बैंक ने 12 मार्च 2019 को 354, 236 और 354 रुपये चेक कैंसिल करने का शुल्क काट लिया। इसके बावजूद 14 मार्च 2019 को बैंक ने खाते से चेक संख्या-35621940 के माध्यम से 1 लाख 86 हजार रुपये पशुपति मिश्रा के पक्ष में भुगतान कर दिया। इसके अलावा 15 मार्च 2019 को चेक संख्या-35621939 से 50 हजार रुपये दुर्गावती मिश्रा के नाम से बैंक में लगाया गया। बैंक ने स्टॉप पेमेंट न दर्शाते हुए खाते में धनराशि न होना दर्शाया। 15 मार्च 2019 को ही एक लाख रुपये का चेक संख्या-35621938 ससुर सुधाकर मिश्रा ने भुगतान के लिए बैंक में लगाया। बैंक ने स्टॉप पेमेंट का कोई निर्देश अंकित नहीं किया। इसकी शिकायत 10 जुलाई 2020 को बैंकिंग लोकपाल से की गई, मगर कोई कार्यवाही नहीं हुई।

जिला उपभोक्ता आयोग ने मामले को स्वीकार करते हुए सुनवाई की। दोनों पक्षों को सुनने के बाद बैंक को आदेशित किया कि निर्णय की तिथि से 30 दिनों के भीतर जया मिश्रा को 1 लाख 86 हजार रुपये मय 9 प्रतिशत वार्षिक ब्याज के साथ वाद दाखिल करने की तिथि से वास्तविक भुगतान की तिथि तक अदा करें। साथ ही मानसिक कष्ट के लिए दो लाख रुपये और वाद-व्यय के लिए 10 हजार रुपये भी उक्त अवधि में अदा करें। निर्धारित 30 दिनों की अवधि में उक्त धनराशियां अदा न करने पर बैंक को धनराशियों पर 12 प्रतिशत वार्षिक ब्याज के साथ भुगतान करना होगा।

बैंक ने जिला उपभोक्ता आयोग के निर्णय के विरुद्ध राज्य उपभोक्ता आयोग में गुहार लगाई। राज्य उपभोक्ता आयोग के अध्यक्ष व न्यायाधीश अशोक कुमार और सदस्य सुधा उपाध्याय ने पूरा मामला सुना। आयोग ने 1 लाख 86 हजार रुपये की धनराशि 7 प्रतिशत प्रतिवर्ष साधारण ब्याज के साथ जया मिश्रा को भुगतान करने के आदेश दिए। साथ ही, मानसिक प्रताड़ना के लिए 50 हजार और वाद व्यय के लिए 10 हजार रुपये एक माह के भीतर देने के आदेश दिए। जिला उपभोक्ता आयोग के शेष आदेश को निरस्त कर दिया।

# भारतीय रेल संघर्ष मोर्चा ने किया प्रदर्शन

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** चारबाग रेलवे स्टेशन पर सोशलिस्ट पार्टी (इंडिया) और भारतीय रेल संघर्ष मोर्चा के तत्वाधान में रेवड़ी दुकानदार और रेलगाड़ी चालकों ने सरकार के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया। चालकों की मांग है कि बंद की गई सवारी गाड़ियां जल्द शुरू की जाएं। प्रदर्शनकारियों के साथ किसान यूनियन के नेता और कार्यकर्ता भी मौजूद रहे। आरपीएफ और पुलिस के द्वारा रोकने पर उनकी तीखी बहस भी हुई है। फिलहाल उनकी मांगों के मानने का आश्वासन दिया। जिसके बाद प्रदर्शन कर्मी मान गए।

प्रदर्शनकारियों को संबोधित करते हुए भारतीय रेल संघर्ष मोर्चा के उमा शंकर मिश्र ने कहा कि रेलवे में स्लीपर श्रेणी एवं सामान्य श्रेणी के डिब्बों में की गई कटौती को बहाल किया जाए। आईआरसीटीसी को पूरी तरह से भारतीय रेल के तहत लाया जाए। रेलगाड़ियों की दुर्घटना रोकने के लिए अतिरिक्त लोको पायलेटों की भर्ती की जाए।



चारबाग स्टेशन के बाहर प्रदर्शन करते भारतीय रेल संघर्ष मोर्चा व सोशलिस्ट पार्टी के कार्यकर्ता।

## वीडीओ अभ्यर्थियों ने पिकप भवन पर किया प्रदर्शन

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** वीडीओ (ग्राम पंचायत अधिकारी) भर्ती 2018 का परिणाम नहीं आने से नाराज अभ्यर्थियों ने बुधवार को गोमती नगर में पिकप भवन पर प्रदर्शन किया। अभ्यर्थियों का कहना है कि यूपीएसएसएससी द्वारा परिणाम जारी नहीं किया जा रहा है। मौके पर पहुंची पुलिस ने अभ्यर्थियों को बस में बैठाकर ईको गार्डन भेज दिया।

अभ्यर्थियों का कहना है कि परीक्षा को लेकर पहले विभागीय जांच हुई। इसके बाद फिर से समिति की जांच हुई। तब परीक्षा को निरस्त करने का फैसला लिया गया। निरस्त होने के बाद बिना फीस लिए दोबारा परीक्षा करानी थी। यह परीक्षा जून 2023 में दोबारा आयोजित हुई थी। लेकिन अभी तक परिणाम जारी नहीं हो सका।

उल्लेखनीय है कि यूपीएसएसएससी द्वारा ग्राम पंचायत अधिकारी सहित 1953 पदों पर भर्ती परीक्षा को धांधली के कारण रद्द कर दिया गया था। उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग ने साल 2018 में ग्राम पंचायत अधिकारी, ग्राम विकास अधिकारी और समाज कल्याण पर्यवेक्षक के 1953 पदों पर भर्ती निकाली थी। इसके बाद पुनः परीक्षा कराई गई थी जिसका परिणाम डेढ़ वर्ष पहले जारी हो चुका था।



बुद्धा रिसर्च इंस्टीट्यूट ऑडिटोरियम में आयोजित मेघा बरसे रे कार्यक्रम में शामिल महिलाएं। अमृत विचार

## सार-संक्षेप

### बैंकिंग सेक्टर की उपेक्षा करने वाला है बजट : आरएन शुक्ला

**अमृत विचार, लखनऊ :** इंडियन बैंक आफिसर्स एसोसिएशन से जुड़े सदस्यों ने इस बजट को ग्रामीण अर्थव्यवस्था के लिए हितकारी लेकिन मध्य वर्ग के लिए निराशाजनक बताया है। इंडियन बैंक आफिसर्स एसोसिएशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष रामनाथ शुक्ला ने बजट पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि मुद्रा लोन की सीमा बढ़ाने से बेरोजगारी की समस्या पर कुछ रोक अवश्य लगेगी। इस के साथ ही 6 हजार रुपए का बेरोजगारी भत्ता भी युवाओं को राहत देगा। लेकिन यह बजट इस प्रकार के प्रावधानों को जमीन पर उतारने की प्रक्रिया के मामले में शून्य है।

### छुट्टी पर गए सुन्नी वक्फ बोर्ड के अध्यक्ष जुफर फारुकी

**अमृत विचार, लखनऊ :** बहुजन समाज पार्टी, समाजवादी पार्टी और भारतीय जनता पार्टी तीनों की सरकारों में सुन्नी सेन्ट्रल वक्फ बोर्ड के अध्यक्ष की कुर्सी पर मजबूती से जमे रहे जुफर फारुकी के अचानक चार महीने की छुट्टी पर चले जाने की वजह से बोर्ड में चर्चाओं का बाजार गर्म हो गया है। उनकी गैर मौजूदगी में अध्यक्ष की जिम्मेदारी अदनान फारुख शाह को दी गई है। इनके अलावा बोर्ड के पांच सदस्यों को भी अहम जिम्मेदारियां दी गई हैं। वह अचानक से इतनी लम्बी छुट्टी पर क्यों गए हैं इस बारे में किसी के पास जानकारी नहीं है।

### प्राथमिक स्कूल के बच्चों ने देखा जादू और कठपुतली शो

**अमृत विचार, लखनऊ :** राजधानी के नरही स्थित प्राथमिक विद्यालय में बुधवार को स्वतंत्रता संग्राम सेनानी डॉ. दरबारी लाल अस्थाना का जन्मोत्सव मनाया गया। डॉ. दरबारी लाल अस्थाना ट्रस्ट की ओर से किये गये इस समारोह में जादूगर सुरेश और उनकी टीम ने देशभक्ति और पानी बचाने का संदेश दिया। राजेन्द्र त्रिपाठी और शिब्बू की टीम ने कठपुतली शो के माध्यम से पौधारोपण और सफाई की अहमियत बताई। प्रधानाचार्य रचना पाण्डेय ने विद्यालय परिसर में अमरुद का पौधा रोपा। इस मौके पर विद्यालय की प्रधानाचार्य के अलावा अध्यापिका शेफाली शर्मा, मुदित कुमार शर्मा, अश्विनी कुमार, मनीष चौहान और राम कैलाश का सम्मान भी किया गया।

### जीवन में राष्ट्र की भूमिका महत्वपूर्णः प्रो. रामचन्द्रा

**अमृत विचार, लखनऊ :** बाबासाहेब भीमराव आंबेडकर विश्वविद्यालय में गृह विज्ञान विद्यापीठ, बीबीएयू एवं भारतीय शिक्षण मंडल, अवध प्रांत ने मिलकर व्यास पूजा एवं शोध आनंदशाला कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ के निदेशक ने की। आईक्यूएसी के निदेशक प्रो. राम चन्द्रा ने कहा कि जीवन के सार को हम सभी को समझना आवश्यक है। हमारे जीवन में राष्ट्र की महत्वपूर्ण भूमिका है। मुख्य वक्ता प्रो. प्रीति सक्सेना ने शोधपत्र लेखन विषय से सम्बन्धित पहलुओं की जानकारी दी। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर इलाहाबाद उच्च न्यायालय के पूर्व न्यायाधीश रघुनाथ किशोर रस्तोगी उपस्थित रहे।

### महिला सशक्तीकरण और रोजगार पर छात्रों का संवाद

**अमृत विचार, लखनऊ :** लखनऊ विश्वविद्यालय और एपीसेन गर्ल्स पीजी कॉलेज में बजट को लेकर चर्चा आयोजित हुई। लखनऊ विश्वविद्यालय में व्यापार प्रशासन विभाग की ओर से बजट पर आधारित वर्कशॉप का आयोजन हुआ। डॉ. अजय प्रकाश द्वारा केंद्रीय बजट से संबंधित रोजगार, महिला सशक्तिकरण, कौशल विकास, एमएसएमई, मध्यम वर्ग पर चर्चा की गई। डॉ. निशांत कुमार ने इस पर चर्चा की कि उपभोक्ता खर्च अर्थव्यवस्था की स्थिति को कैसे सुधार सकता है और इस बजट में उपभोक्ता खर्च को बढ़ावा देने के लिए बहुत कुछ है। उधर, एपी सेन मेमोरियल गर्ल्स पीजी कॉलेज के वाणिज्य विभाग द्वारा बीकॉम तृतीय और पंचम सेमेस्टर की छात्राओं ने अपने विचार रखे।

# मेघा बरसे रे कार्यक्रम में रही सावन गीतों की धूम

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** जरिया फाउंडेशन के तत्वाधान में बुधवार को गोमतीनगर स्थित अंतरराष्ट्रीय बौद्ध शोध संस्थान के प्रेक्षागृह में मेघा बरसे रे कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत जरिया फाउंडेशन की संयोजक ममता जिंदल ने की। कार्यक्रम में स्वपनिल दीवान, सुनीता राय, वर्षा जिंदल और रेखा खत्री ने लोक नृत्य प्रस्तुत किया।

इस मौके पर रिमझिम बरसे सावन, सावन का महीना पवन करे शोर जैसे गीतों पर महिलाएं जमकर थिरकीं। कार्यक्रम में आने वालों को पौधे भेंट कर उनसे पौधारोपण की अपील की गई। जरिया फाउंडेशन की ओर से व्यापार मंडल के अध्यक्ष अमरनाथ अग्रवाल, महामंत्री योगेंद्र सिंह, विधि संयोजक शैलेंद्र शर्मा अटल, वरिष्ठ उपाध्यक्ष चंद्रशेखर अग्रवाल, संजय जायसवाल, राकेश त्रिपाठी का पटका पहनाकर सम्मान किया गया। महामंत्री योगेंद्र सिंह ने कहा कि भारत एक कृषि प्रधान देश है, भारत की अर्थव्यवस्था एवं रोजगार कृषि पर आधारित है. मेघा बरसे यानी देश धन धान्य व समृद्धि की ओर अग्रसर है। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से प्रीति सिंह, मनीष पंडित, पूनम कुमार, नीलम मिश्रा और आरती गुर्जर की मौजूदगी रही।

## लखनऊ के भूपेन्द्र राजस्थान में होने वाली सेव द टाइगर प्रदर्शनी के क्यूरेटर

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** भारत सरकार द्वारा संचालित सेव टाइगर प्रोजेक्ट के 51 साल पूरे होने पर राजस्थान के रणथंभौर, सवाई माधोपुर स्थित रणथंभौर राष्ट्रीय उद्यान में सेव द टाइगर शीर्षक से अखिल भारतीय पेंटिंग प्रदर्शनी का आयोजन 26 जुलाई से किया जा रहा है। प्रदर्शनी के क्यूरेटर लखनऊ के युवा चित्रकार भूपेंद्र अस्थाना और कोऑर्डिनेटर लखनऊ बुक फेयर के संयोजक मनोज एस चंदेल हैं।

प्रदर्शनी के बारे में भूपेंद्र कुमार अस्थाना ने बताया कि सेव द टाइगर प्रदर्शनी जयपुर आर्ट समिट के द्वारा रणथंभौर राष्ट्रीय उद्यान में लगाई जा रही है। प्रदर्शनी में देश भर से कुल 18 चित्रकारों की कलाकृतियों को प्रदर्शित किया जाएगा। इस मौके पर एक कला शिविर का भी आयोजन किया जाएगा जिसमें देश के 21 चित्रकार शामिल होंगे।

यही प्रदर्शनी टाइगर इन मेट्रो शीर्षक से पिछले साल लखनऊ के हज़रतगंज मेट्रो स्टेशन परिसर में लगाई गयी थी। उसी श्रृंखला में यह प्रदर्शनी राजस्थान में होने जा रही है। प्रदर्शनी में उत्तर प्रदेश, बिहार, राजस्थान, छत्तीसगढ़, झारखंड, जमशेदपुर, महाराष्ट्र, नई दिल्ली और उड़ीसा के चित्रकार अपनी कलाकृतियों को प्रदर्शित करेंगे।

# आइटा चैंपियनशिप : पूर्वी और वैदेही सेमीफाइनल में

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** झारखंड की पूर्वी पटवा ने शीर्ष वरीय मध्य प्रदेश की वैदेही शिंदे पर 7-5, 6-0 से हराते हुए अंडर-12 आइटा चैंपियनशिप के बालिका वर्ग के सेमीफाइनल में प्रवेश किया। इस आयुवर्ग के एक और मुकाबले में महाराष्ट्र की नक्षत्रा अय्यर ने महाराष्ट्र की दूसरी वरीयता प्राप्त सिद्धि सिंह को 6-4, 6-1 से हराते हुए प्रतियोगिता से बाहर कर दिया।

विजयंत खंड मिनी स्टेडियम के टेनिस एरीना में खेली जा रही प्रतियोगिता के अंडर-12 बालिका वर्ग के क्वार्टर फाइनल मुकाबलों के तहत कर्नाटक की अनीषा ने यूपी की सौंदर्या को 6-3, 6-3 और यूपी की अदित्रि सिंह ने यूपी की लावान्या सिंह को 3-2 रिटायर पराजित किया। प्रतियोगिता के अंडर-14 बालिका एकल में यूपी की ताशी किरन ने यूपी की सौंदर्या जायसवाल को 6-1,6-2, मध्य प्रदेश की वैदेशी शिंदे ने यूपी की सिद्धि सिंह को 6-3, 6-2,महाराष्ट्र की नक्षत्रा अय्यर ने महाराष्ट्र की अनिका नय्यर को 3-6, 6-0, 6-4 और झारखंड की पूर्वी पटवा ने कर्नाटक की अनिषा जायसवाल को 6-2, 6-0 से हराते हुए सेमीफाइनल में प्रवेश किया। प्रतियोगिता के अंडर-14 बालिका वर्ग के क्वार्टर फाइनल मुकाबलों के अंतर्गत शीर्ष वरीय यूपी के कौस्तुभ सिंह ने यूपी के वैभव सरोज को 6-3, 6-4, दूसरी वरीयता प्राप्त रोहिन राज ने बिहार के अविनाश राय को 6-4, 6-0, चौथी वरीयता प्राप्त पश्चिम बंगाल के नोमान अख्तर ने यूपी के विराट सिंह को 6-4, 6-3 और यूपी के ध्रुव सिंह ने मध्य प्रदेश के आराध्य मिश्रा को 6-0, 6-1 से पराजित किया। प्रतियोगिता के अंडर-12 बालक एकल में यूपी के अच्युत जायसवाल ने महाराष्ट्र के अर्जुन मूर्ति को 6-1, 6-0, यूपी के आयुष्मान पाठक ने छत्तीसगढ़ की अजयविक पुरी को 6-2, 6-2, कर्नाटक की सिद्धार्थ ने यूपी के कृष्णा सिंह को 6-1, 6-1 और यूपी के आरव शुक्ला ने यूपी के आदित्य यादव को 6-0, 6-0 से हराते हुए सेमीफाइनल में प्रवेश किया।

### यूनाइटेड क्लब ने एलडीए को हराया

**अमृत विचार, लखनऊ :** एक्स स्टूडेंट्स मेंस यूनाइटेड क्लब ने एलडीए बी को 5-0 से मात देते हुए जिला फुटबॉल लीग में पूरे अंक प्राप्त किए। दूसरे मुकाबले में लखनऊ फुटबॉल क्लब ने कॉल्विन क्लब को 2-0 से हराया। चौक स्टेडियम में खेली जा रही लीग में बुधवार को पहला मुकाबला एक्स स्टूडेंट्स और एलडीए बी के बीच खेला गया। मुकाबले में एक्स स्टूडेंट्स के खिलाड़ी शुरुआत से ही खेल पर हावी रहे। खेल के 25वें मिनट में तारिक ने पहला गोल किया। मध्यांतर के ठीक बाद अनस ने साथी खिलाड़ी के पास पर गोल करते हुए एक्स स्टूडेंट्स को 2-0 से बढ़त दिलाई। जिसके दो मिनट बाद ही अनस ने बेहतरीन गोल करके एक्स स्टूडेंड्स को 3-0 से आगे कर दिया। 49वें मिनट में तारिक ने एलडीए की रक्षापंक्ति को धता बताते हुए मैदानी गोल किया। मैच का आखिरी गोल खेल के 57वें मिनट में आया, जो आसिफ के नाम रहा। इसके बाद कोई भी टीम गोल नहीं कर सकी, और एक्स स्टूडेंट्स ने 5-0 के बड़े अंतर से जीत दर्ज करते हुए जिला फुटबॉल लीग में विजयी अंक अर्जित किए।


## कार्यालयः खण्ड विकास अधिकारी, चित्रकूटधाम कर्वी (चित्रकूट)

पत्रांकः 672 / क्षेत्रपंचायत / टेन्डर नोटिस/2024–25 दिनांक 24.07.2024

**निविदा सूचना**

15वाँ केन्द्रीय वित्त / पंचम राज्य वित्त योजनान्तर्गत क्षेत्र पंचायत चित्रकूटधाम कर्वी द्वारा कराये जाने वाले निम्नलिखित कार्यों को कराये जाने हेतु विकासखण्ड कार्यालय, चित्रकूटधाम कर्वी में पंजीकृत ठेकेदारों से दिनांक 08.08.2024 को अपरान्ह 2.00 बजे तक निम्न विवरण के अनुसार निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं, जो उसी दिन अपरान्ह 3.30 बजे विकासखण्ड चित्रकूटधाम कर्वी में JE RED/MI, सहायक विकास अधिकारी (पचांयत) / सहकारिता / आई0एस0बी0 तथा खण्ड विकास अधिकारी चित्रकूटधाम कर्वी (टेन्डर समिति) की उपस्थिति में निविदादाताओं के समक्ष खोली जायेगी। निविदा प्रपत्र की बिक्री दिनांक 25.07.2024 से 08.08.2024 के मध्य प्रातः 10:30 बजे से अपरान्ह 1:00 बजे तक कार्यालय के कार्यदिवस में खण्ड विकास अधिकारी चित्रकूटधाम कर्वी से निविदा प्रपत्र मूल्य की अदायगी कर क्रय किये जा सकते हैं।

| क्र0 सं0 | कार्य का नाम | प्राक्कलन की अनुमानित धनराशि (लाख में) | 2% धरोहर धनराशि (रू0 में) | निविदा मूल्य रू0 में |
|---|---|---|---|---|
| 1 | ग्रा0पं0 कर्वी माफी में रामकिशोर के घर से गोवर्धन कुम्हार के घर तक नाला व ढक्कन का निर्माण कार्य | 9.98 | 20000 | 1000 |
| 2 | ग्रा0पं0 भगनपुर के मजरा ठर्री मे रमेश पटेल के घर से चुनकावन पटेल के घर तक इण्टरलॉकिंग खण्डजा व मध्य में नाली का निर्माण कार्य | 9.98 | 20000 | 1000 |
| 3 | ग्रा0पं0 भगनपुर में रामलाल के घर से जगलपाल के घर तक इण्टरलॉकिंग खण्डजा निर्माण कार्य | 9.98 | 20000 | 1000 |
| 4 | ग्रा0पं0 खमरिया में गोकुल के घर से रामबहोरी के घर तक इण्टरलॉकिंग खडण्जा निर्माण कार्य | 3.43 | 7000 | 500 |
| 5 | ग्रा0पं0 खमरिया में गौतमपुर में मेनरोड से रामस्वयेवर एवं जगन्नाथ के घर तक इण्टरलॉकिंग खण्डजा निर्माण कार्य | 3.43 | 7000 | 500 |
| 6 | ग्रा0पं0 बिहारा में रघुवीर यादव के पुरवा की रोड में नत्थू वकील के पुरवा के आगे पुलिया निर्माण कार्य | 5.27 | 10500 | 1000 |
| 7 | ग्रा0पं0 भगनपुर में लल्लू पाण्डेय के घर से तालाब तक नाला निर्माण कार्य | 9.99 | 20000 | 1000 |
| 8 | ग्रा0पं0 भगनपुर में दादूलाल के घर से अच्छेलाल यादव के घर तक नाला निर्माण कार्य | 9.99 | 20000 | 1000 |
| 9 | ग्रा0पं0 बन्दरी में पीतूपुर तालाब सम्पर्क मार्ग में खजहवा बहरा में पुलिया निर्माण कार्य | 5.27 | 10500 | 1000 |
| 10 | ग्रा0पं0 बिहारा में रघुवीर यादव के पुरवा की रोड में मेवालाल के खेत के नीचे पुलिया निर्माण कार्य | 5.27 | 10500 | 1000 |
| 11 | ग्रा0पं0 बन्दरी में पीतूपुर तालाब सम्पर्क मार्ग में लल्लू के खेत के पास पुलिया निर्माण कार्य | 5.27 | 10500 | 1000 |
| 12 | ग्रा0पं0 भगनपुर में श्री चन्द्र पटेल के घर से हैण्डपम्प तक नाला निर्माण कार्य | 9.99 | 20000 | 1000 |
| 13 | ग्रा0पं0 संग्रामपुर में प्राथमिक विद्यालय चौधरी के पुरवा में पुलिया निर्माण कार्य | 5.75 | 11500 | 1000 |
| 14 | ग्रा0पं0 भगनपुर के मजरा ठरी में संतोष पटेल के घर से मईयादीन पटेल के घर की ओर बने नाले में ढक्कन निर्माण कार्य | 3.99 | 8000 | 500 |
| 15 | ग्रा0पं0 भगनपुर के मजरा ठरह्न में जुम्मन के घर से हैदरअलि के घर तक नाला निर्माण कार्य | 9.99 | 20000 | 1000 |
| 16 | ग्रा0पं0 बगलई में राजाभइया कुशवाहा के घर से राजकिशोर यादव के घर तक नाला निर्माण कार्य | 9.98 | 20000 | 1000 |
| 17 | ग्रा0पं0 खम्हरिया में शंकर के घर से राजकरण के घर तक नाला निर्माण कार्य | 9.94 | 20000 | 1000 |
| 18 | ग्रा0पं0 इटरौर भीषमपुर के प्राथमिक विद्यालय बनवारीपुर में टाईल्स पुट्टी पुताई एवं छत मरम्मतीकरण का कार्य | 9.99 | 20000 | 1000 |
| 19 | ग्रा0पं0 भारतपुर में हीरालाल प्रजापति के घर के पास पुलिया निर्माण कार्य | 5.44 | 11000 | 1000 |
| 20 | ग्रा0पं0 खम्हरिया के रघुनन्दनपुरवा में रघुनन्दनपुरवा सम्पर्क मार्ग में पुलिया निर्माण कार्य | 3.28 | 6500 | 500 |
| 21 | ग्रा0पं0 इटरौर भीषमपुर के प्राथमिक विद्यालय बनवारीपुर में बाउन्ड्रीवाल एवं कैम्पस में इण्टरलॉकिंग खण्डजा निर्माण कार्य | 9.98 | 20000 | 1000 |
| 22 | ग्रा0पं0 करारी में गौशाला के रास्ते में नाला के पास पुलिया निर्माण कार्य | 9.97 | 20000 | 1000 |
| 23 | ग्रा0पं0 इटरौर भीषमपुर के बनवारीपुर में मालती के घर से बिन्दा के बोर के आगे तक डब्लू बी एम सड़क निर्माण कार्य | 9.97 | 20000 | 1000 |
| 24 | ग्रा0पं0 इटरौर भीषमपुर के बनवारीपुर में पुलिया से दुनगु वर्मा के पुरवा की ओर डब्लू बी एम सड़क निर्माण कार्य | 9.97 | 20000 | 1000 |
| 25 | ग्रा0पं0 द्गवां के मजरा खरैहा में रामपाल वर्मा के घर तक नाला निर्माण कार्य | 9.97 | 20000 | 1000 |
| 26 | ग्रा0पं0 छपरा माफी के मजरा लुडहा में राजा पाण्डेय के खेत के पास पुलिया निर्माण कार्य | 9.95 | 20000 | 1000 |
| 27 | ग्रा0पं0 छपरा माफी के मजरा लुडहा में बाबूलाल के पुरवा के पास पुलिया निर्माण कार्य | 9.95 | 20000 | 1000 |

निविदा शर्तेः–
1. निविदा में सामग्री आपूर्ति के सम्बन्ध में दरें स्वीकृत लागत से प्रतिशत में कम या अधिक में प्रत्स्तुत करना होगा।
2. सबसे कम दरों वाली फर्म का टेन्डर स्वीकृत किया जायेगा एवं सामग्री की मात्रा कम या अधिक हो सकती है।
3. निविदा दाता को निविदा के साथ 100 रु0 का स्टाम्प एवं 1 रुद्व की रसीदी टिकट में हस्ताक्षर होना चाहिए।
4. निविदा को बिना कारण निरस्त करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी में निहित होगा। राशर्त निविदा स्वीकार नहीं होगी।
5. किसी कार्य पर धन उपलब्ध न होने की दशा में कार्यादेश धन उपलब्ध के बाद निर्गत / भुगतान किया जायेगा।
6. फर्म की निविदा स्वीकृत आदेश जारी होने के पश्चात् सम्बन्धित का भुगतान बजट प्राप्त होने की स्थिति में हो सकेगा।
7. एक टेन्डर फार्म केवल एक ही कार्य के लिए अनुमन्य होगा।
8. निविदा स्वीकृत के तीन दिन के अन्दर अपने एग्रीमेन्ट को पूर्ण कराने की जिम्मेदारी सम्बन्धित फर्म/ठेकेदार की होगी।
9. सामग्री में से नियमानुसार व्यापारकर, आयकर, रायल्टी एवं अन्य अनुमन्य कटौती की जायेगी।
10. यदि शासन स्तर से या विवाद की स्थिति में कार्य पर रोक लगायी जाती है तो स्वीकृत कार्य का भुगतान करना सम्भव नहीं होगा एवं न्यायालय में वादयोग्य नहीं होगा। समस्त अधिकार अधोहस्ताक्षरी के पास निहित होगा।
11. अनिवार्य रूप से श्रम विभाग में पंजीकरण कराना होगा एवं 1 प्रतिशत लेबरसेस की कटौती पृथक् से की जायेगी।
12. विकास खण्ड चित्रकूटधाम कर्वी में ठेकेदार पंजीकृत होने का प्रमाण पत्र ।
13. पंजीकृत ठेकेदार को अपना हैसियत प्रमाणपत्र, चरित्र प्रमाण पत्र, रजिस्ट्रेशन फार्म, जी0एस0टी0 नं0, पैनकार्ड, आधारकार्ड, श्रम प्रवर्तन का अधिष्ठान पंजीयन निविदा के साथ ही प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।

(गोमती सिंह)
प्रमुख
चित्रकूटधाम कर्वी

(धर्मजीत सिंह)
खण्ड विकास अधिकारी
चित्रकूटधाम कर्वी

मूर्खशिष्योपदेशेन दुष्टास्त्रीभरणेन च।
दु:खितै: सम्प्रयोगेण पण्डितोऽप्यवसीदति॥

मूर्ख शिष्य को पढ़ाने पर, दुष्ट स्त्री के साथ जीवन बिताने पर तथा दुखियों- रोगियों के बीच में रहने पर विद्वान व्यक्ति भी दुखी हो ही जाता है।

## संपादकीय

# धरोहरों का संरक्षण

संयुक्त राष्ट्र की संस्था यूनेस्को हर साल विश्व धरोहर समिति का आयोजन करती है, जिसके तहत विश्व की प्राचीन विरासतों को विश्व धरोहर के रूप में चिन्हित किया जाता है। विश्व धरोहर समिति के इस वर्ष का आयोजन भारत में हो रहा है। भारत में यह आयोजन पहली बार हो रहा है। 21 जुलाई से शुरू हुआ यह आयोजन 31 जुलाई तक चलेगा। समिति वैश्विक धरोहरों से संबंधित मामलों का प्रबंधन करती है तथा स्थलों को विश्व धरोहर सूची में शामिल करने के बारे में निर्णय लेती है। हालांकि भारत हमेशा से यूनेस्को समेत संयुक्त राष्ट्र की सभी इकाइयों तथा क्रियाकलापों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेता रहा है, पर इस सम्मेलन की मेजबानी यह दर्शाती है कि विश्व के सांस्कृतिक परिदृश्य में भी भारत का महत्व बढ़ रहा है। समिति के 46 वें सत्र के उद्घाटन के अवसर पर प्रधानमंत्री मोदी ने ठीक ही कहा कि भारत इतना प्राचीन है कि यहां वर्तमान का हर बिंदु किसी न किसी गौरवशाली अतीत की गाथा कहता है। प्राचीनता के साथ-साथ विविधता भी भारतीय सभ्यता की एक प्रमुख विशिष्टता है। इसलिए धरोहरों में भी हमें बहुलता के साथ-साथ विविधता के दर्शन होते हैं। इस अवसर पर पूर्वोत्तर भारत के ऐतिहासिक मोइदम को लोकप्रिय विश्व धरोहर सूची में शामिल करने के लिए नामित किया गया है। इससे पूर्व भारत के 42 स्थल इस सूची में स्थान प्राप्त कर चुके हैं। धरोहर और विरासत का संरक्षण हमारा प्रमुख दायित्व है। इनके बारे में शोध और अनुसंधान भी निरंतर जारी रहना चाहिए।

संस्कृति और इतिहास भी वैचारिक संघर्षों की भूमि होते हैं। ऐसे संघर्षों में पूर्वाग्रह प्रभावी तत्व बन जाते हैं। इस स्थिति में पुरातन के संबंध में हमारी समझ धूमिल हो जाती है तथा हम अतीत के आयामों से पूर्णता एवं समग्रता से परिचित होने से वंचित रह जाते हैं। अक्सर अज्ञान और अनदेखी से विरासतें नष्ट हो जाती हैं। उनका नष्ट होना इतिहास एवं संस्कृति की वृहत पुस्तिका से एक अध्याय के विलुप्त हो जाने जैसा है। भारत अपनी धरोहरों के संरक्षण तथा पर्यटन को बढ़ावा देने के साथ-साथ दुनिया के अनेक देशों में ऐसे कार्यों में सहयोग दे रहा है। सरकार के प्रयासों से विदेशों में रखी हुईं अमूल्य धरोहरों को देश में वापस लाने के काम में तेजी आई है। अब तक 350 से अधिक कलाकृतियों को भारत लाया जा चुका है। इससे हमारी सांस्कृतिक समृद्धि में वृद्धि हुई है। विश्व धरोहर समिति की दस दिन चलने वाली बैठक में बीते साल के कामकाज की समीक्षा होगी। इस आयोजन में 150 से अधिक देशों के दो हजार से ज्यादा प्रतिनिधि भाग ले रहे हैं। धरोहरों के संरक्षण के आर्थिक लाभ भी हैं। सरकार और विभिन्न संस्थाओं के साथ-साथ नागरिकों को भी इसमें योगदान देना चाहिए।

# विकसित भारत की संकल्पना



डॉ. विकास प्रधान
असिस्टेंट प्रोफेसर
बीसलपुर (पीलीभीत)

कृषि आधारित अर्थव्यवस्था में कृषि को जिसकी वृद्धि दर महज 1.8 प्रतिशत गत वर्ष रही हो प्रथम वरीयता इस बजट में मिलना महत्वपूर्ण है, किंतु आंकड़ागत धन आवंटन में कृषि फिर भी पीछे रह गई, जिससे चार प्रतिशत की वृद्धि दर पाना निश्चय ही मुश्किल होगा। जबकि कृषिगत भूमि का संकुचन निरंतर बढ़ता जा रहा है और कृषि पर आय नहीं अन्न की निर्भरता बढ़ती जा रही है।

आज भी एक रुपए में सर्वाधिक हिस्सा लगभग 27 प्रतिशत उधारियों से प्राप्त हो रहा है, वहीं व्यय में 19 प्रतिशत ब्याज अदायगी में। इस पर नवीन विकल्प तलाशने होंगे प्रति व्यक्ति आय को सिर्फ जनसंख्या में भाग देकर बढ़ता हुआ देखना विकास नहीं हो सकता, बल्कि मनरेगा जैसी अन्य योजनाओं का निर्माण कर नवीन आय का निर्माण करना आवश्यक है। अन्यथा रुपए 48 .21 लाख करोड़ राशि का बड़ा बजट भारतीय अर्थव्यवस्था के एक हिस्से को तथा एक निश्चित जनसंख्या के जहाज को विकास की ऊंची उड़ान (टेक ऑफ स्टेज आफ डेवलपमेंट) की ओर तो ले जाएगा, लेकिन इसे लैंड कैसे और कहां करना है का विकल्प नहीं होगा और पूर्ण जनसांख्यिकी लाभांश नहीं मिल सकेगा।

मंगलवार को अंतरिम बजट 2024-2025 के चार प्रमुख स्तंभों गरीब, किसान, महिला और युवा का उल्लेख करते हुए माननीय वित्त मंत्री ने नौ नवीन प्राथमिकताओं के साथ भारतीय अर्थव्यवस्था को तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की बात, विकसित भारत की संकल्पना के साथ वित्तीय वर्ष 2024-2025 का पूर्ण बजट प्रस्तुत किया है।

कृषि आधारित अर्थव्यवस्था में कृषि को जिसकी वृद्धि दर महज 1.8 प्रतिशत गत वर्ष रही हो प्रथम वरीयता इस बजट में मिलना महत्वपूर्ण है, किंतु आंकड़ागत धन आवंटन में कृषि फिर भी पीछे रह गई, जिससे चार प्रतिशत की वृद्धि दर पाना निश्चय ही मुश्किल होगा। जबकि कृषिगत भूमि का संकुचन निरंतर बढ़ता जा रहा है और कृषि पर आय नहीं अन्न की निर्भरता बढ़ती जा रही है। कृषि हेतु उत्पादकता से अधिक अनुकूलनीयता का उल्लेख करना आकर्षित करता है, जिसमें राष्ट्रीय सहकारिता नीति को व्यवस्थित करना दलहन व तिलहन में आत्मनिर्भरता पाना आदि पुरानी बातों को ही समाहित किया गया है, लेकिन जलवायु अनुकूलित नई किस्म के बीज विकसित करना और सब्जी उत्पादन हेतु नई सप्लाई चैन बनाना सराहनीय कदम है। अब चुनौती यह है कि कृषि शोध व कृषि में सार्वजनिक निवेश का बढ़ाना आवश्यक है।

द्वितीय प्राथमिकता में पुनः रोजगार व प्रशिक्षण को सम्मिलित करना प्रधानमंत्री पैकेज योजना का एक अंग है, जिसमें कामगारों में महिलाओं की भागीदारी बढ़ाना तथा 5 वर्षों में 20 लाख युवाओं को कौशल प्रशिक्षण देना कौशल विकास केंद्र की पुरानी अवधारणा को आगे बढ़ना ही है अर्थात इसमें कुछ नया नहीं है। जब तक उनकी उत्पादकता पर काम न किया जाए, एक कारण यह है कि आर्थिक सर्वेक्षण में जब वित्त मंत्री स्वयं स्वीकार चुकी हैं कि राष्ट्र में 50 प्रतिशत स्नातक रोजगार योग्य नहीं है, इसका दोष किसे दिया जाए? नीतियों में खामियां, पाठ्यक्रम का गैर व्यवसायीकरण या शिक्षा व्यवस्था। बजट में रुपए 7.5 लाख तक के ऋण की सुविधा उपलब्ध कराना, घरेलू संस्थानों में उच्चतर शिक्षा के लिए रुपए 10 लाख तक ऋण की वित्तीय सहायता और उसे पर ब्याज छूट के लिए ई-वाउचर देना युवाओं को आकर्षित कर सकता है, किंतु वही प्रशिक्षित युवा व शिक्षित युवा बाजार में अपने लिए या बाजार उसके लिए कितने अवसर उपलब्ध करा पता है, का प्रश्न रोजगार परकता पर अभी प्रश्न ही है जिसका उत्तर खोजना होगा। इसी क्रम में समावेशी मानव संसाधन व सामाजिक न्याय की अवधारणा में समावेशी तत्व महत्वपूर्ण है जिसे लघु व कुटीर उद्योगों में बजट आवंटन को बढ़ाकर मुद्रा ऋण की राशि को 10 से 20 लाख करना, 5 वर्षों में 1 करोड़ युवाओं को इंटर्नशिप के अवसर प्रदान करना आदि सहायक सिद्ध होंगे और अर्थव्यवस्था विकास की ओर अग्रसर होगी।

विकसित भारत हेतु औद्योगिक विकास के रूप में औद्योगिक पार्क व औद्योगिक गलियारों को विकसित करने का बजट यह प्रावधान निश्चित ही आर्थिक वृद्धि को बढ़ावा देगा। बशर्ते अवसंरचना विकास नीतिगत निर्णय व समय विलंबना का शिकार न हो। वित्त मंत्री ने एक बड़ी धनराशि लगभग 11.11 लाख करोड़ पूंजीगत रूप में व्यय करने की बात कही है, जो सबसे महत्वपूर्ण है, जिसमें विनिर्माण व संरचना विकास हेतु व्यय प्रस्तावित है, ध्यान रहे कि इससे शहरीकरण को बढ़ावा मिलेगा, किंतु यह ग्रामीण वातावरण को और दूषित न करें। शहरों में शहरी हाट के विकास से अधिक ग्रामीण साप्ताहिक हाट को प्रोत्साहन देने से मुद्रा वेग व मुद्रा गुणक अधिक बलवान होगा, जिसकी आवश्यकता भी है। ऊर्जा सुरक्षा हेतु प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना उत्साहवर्धक है। साथ ही परमाणु रिएक्टरों का अनुसंधान व विकास व थर्मल पावर प्लांट में स्वदेशी प्रौद्योगिकी का प्रयोग ऊर्जा संरक्षण व निर्माण को बल देगा, जिसकी आवश्यकता भी है। पर्यटन व नवाचार में आंध्र प्रदेश व बिहार को वरीयता देने के अलावा बजट में कुछ नहीं है, जो भारत जैसी अर्थव्यवस्था का विकास की राह में अवरुद्धता उत्पन्न कर सकते हैं। साथ ही अंतरिक्ष अर्थव्यवस्था को बढ़ावा देते हैं हुए पूंजीगत आवंटन की अधिक धनराशि का व्यय जनकल्याण हेतु पूंजीगत व्यय में कटौती करके ही संभव होगा, जो वर्तमान में विकासशील भारत के हित में नहीं होगा। इन दोनों में संतुलन समय की मांग है। अगली पीढ़ी के सुधारों में सम्मिलित दायरों जैसे भूमि संबंधी कार्य, एनपीएस, वात्सल्य, आदि में शिक्षा स्वास्थ्य परिवहन पर्यावरण को भी सम्मिलित किया जा सकता था।

भारत ग्रामीण राष्ट्र है और ग्रामीण आर्थिक विकास व ग्रामीण अर्थव्यवस्था की समृद्धि के बिना विकसित भारत का सपना अधूरा है। वित्तमंत्री की प्रशंसा की जानी चाहिए कि ग्रामीण विकास हेतु बजट में 1.80 लाख करोड़ की व्यवस्था की गई है, जो ग्रामीण अव संरचना को विकसित करेगा। रक्षा क्षेत्र में जी.डी.पी (सकल घरेलू उत्पाद) का सबसे बड़ा हिस्सा व्यय करना समय की मांग हो सकती है, किंतु शिक्षा व स्वास्थ्य में अभी भी सार्वजनिक निवेश अत्यधिक कम है, जो चिंताजनक है। यद्यपि रेल मंत्रालय को 2.55 लाख करोड़ की सौगात बजट में दी गई है, लेकिन रेल सहित परिवहन विभाग में नवाचार, नए साधन, नई रेलगाड़ियां की बात स्पष्ट नहीं है। अर्थशास्त्र की भाषा में बात की जाए तो नौकरीपेशा व्यक्ति हतोत्साहित हुआ है, जिसे बचत करने, नया घर बनाने आदि का कोई प्रोत्साहन बजट में नहीं मिला, क्योंकि पुराने टैक्स स्लैब में 80 सी में बचत का दायरा हो या होम लोन की लालसा सब सिमट गई है, जिससे थोड़ा कर बचाने के लिए नए कर रिजीम में प्रवेश बचत को हतोत्साहित करेगी और अर्थव्यवस्था में इन्फ्लेशनरी प्रेशर अर्थात् महंगाई का दबाव बढ़ाएगी। साथ ही राजकोषीय घाटे का लक्ष्य तीन प्रतिशत जिसे बहुत पहले लक्षित किया गया था वर्तमान के 4.9 प्रतिशत राजकोषीय घाटे का होना उन निर्णय व अधिनियमों की विफलता का संकेत है।

एक तरफ घरेलू बचतों का हतोत्साहन व दूसरी तरफ निजी निवेश पर अल्पकाल में 20 प्रतिशत तथा दीर्घकाल में 12.5 प्रतिशत तक का बड़ा ब्याज देना तर्कसंगतता के रूप में अर्थव्यवस्था को असंतुष्ट करने जैसा है। यह संतुलन अत्यधिक उपभोग की अवस्था को जन्म दे सकता है, जिसके लिए संभवतः भारतीय अर्थव्यवस्था तैयार नहीं है।

आज भी एक रुपए में सर्वाधिक हिस्सा लगभग 27 प्रतिशत उधारियों से प्राप्त हो रहा है, वहीं व्यय में 19 प्रतिशत ब्याज अदायगी में। इस पर नवीन विकल्प तलाशने होंगे प्रति व्यक्ति आय को सिर्फ जनसंख्या में भाग देकर बढ़ता हुआ देखना विकास नहीं हो सकता, बल्कि मनरेगा जैसी अन्य योजनाओं का निर्माण कर नवीन आय का निर्माण करना आवश्यक है। अन्यथा रुपए 48.21 लाख करोड़ राशि का बड़ा बजट भारतीय अर्थव्यवस्था के एक हिस्से को तथा एक निश्चित जनसंख्या के जहाज को विकास की ऊंची उड़ान (टेक ऑफ स्टेज आफ डेवलपमेंट) की ओर तो ले जाएगा, लेकिन इसे लैंड कैसे और कहां करना है का विकल्प नहीं होगा और पूर्ण जनसांख्यिकी लाभांश नहीं मिल सकेगा।

## प्रसंगवश

# बजट से वृद्ध निराश



रघोत्तम शुक्ला
सेवानिवृत्त पीसीएस

हिंदू धर्म और संस्कृति में वृद्ध जनों के सम्मान और सेवा संबंधी बड़ी-बड़ी बातें कही गई हैं। मनुस्मृति कहती है कि 'अभिवादनशील और नित्य वृद्धों की सेवा करने वाले की चार चीजें बढ़ जाती हैं: आयु, विद्या, यश और बल'। महाभारत में उल्लेख है कि 'वह सभा ही नहीं है, जिसमें वृद्ध न हों'।

वाल्मीकि प्रसंग है कि रामायण में जब भरत श्रीराम को मनाने वन में गए हैं तो राम ने उनसे कुशल प्रश्न पूछने के बहाने सारी राजनीति सिखलाई है। श्रीराम उनसे पूछते हैं कि "तात! क्या तुम देवतावों, पितरों, भृत्यों, पिता के समान आदरणीय वृद्धों, वैद्यों और ब्राह्मणों का सम्मान करते हो?" और अब तो संयुक्त राष्ट्र संघ की सामान्य सभा द्वारा भी 1 अक्टूबर का दिन "अंतर्राष्ट्रीय वृद्ध दिवस" के रूप में मनाने की अपेक्षा की गई है। वह मनाया भी जाता है। हालांकि सद्यः प्रस्तुत किए गए देश के आम बजट में वृद्धों की अवहेलना जारी है। वे बेचारे कुछ सुविधाओं के लिए आस लगाए बैठे थे, किंतु निराशा ही हाथ लगी। कुछ समय पहले तक उन्हें रेल किराए में छूट मिलती थी, जो मोदी सरकार ने खत्म कर दी थी। सोचा था अबकी शायद यह रियायत बहाल हो जाए, पर ऐसा नहीं हुआ। चूंकि वृद्धजन युवाओं के समान पुरुषार्थ करने से तो रहे, अतः उन्हें डाकघर, बैंक आदि में जमा धन राशियों पर अधिक ब्याज मिलने की आशा रहती है। मोदी काल में ये दरें निरंतर घटीं। इससे उनका जेब खर्च कम का कम ही बना रहा। आयकर में उन्हें जैसी और जो अल्प सुविधा अब तक थी, वही बनी रही। उससे आगे उन्हें कुछ भी नहीं मिल सका, जबकि महगाई बराबर बढ़ रही है। उनकी कर छूट सीमा अवश्य बढ़ाई जानी चाहिए थी, किंतु ऐसा नहीं हुआ।

पुरानी पेंशन बहाल नहीं की गई। कोरोना काल में रोकी गई मंहगाई भत्ते की किश्त भी नहीं प्रदान की गई, जबकि कहा यह जा रहा है कि भारत विश्व की तीसरी अर्थव्यवस्था बन चुका है। समाज में वृद्धों के साथ उपेक्षा और अत्याचार की खबरें आम हैं। संतानें उन्हें प्रताड़ित करती हैं, घर से निकाल देती हैं। इस पर जो कानून है, वह अव्यवहारिक है। फिलहाल केंद्र सरकार बुजुर्गों को रामभरोसे ही छोड़े है।

# शिक्षा में गुणवत्ता की आवश्यकता



डॉ. हेमंत कुमार झा
एसोसिएट प्रोफेसर, पाटलिपुत्र विवि, पटना (बिहार)

अधिक निराशा की बात यह है कि इस स्थिति को सुधारने की कोई प्रशासनिक इच्छा शक्ति तो नहीं ही दिखाई जा रही, राजनीतिक इच्छा शक्ति का भी घोर अभाव है।

नए आर्थिक सर्वेक्षण में सरकार ने स्वीकार किया है कि देश के विश्वविद्यालयों से डिग्री लेकर निकलने वाला हर दूसरा नौजवान किसी काम के लायक नहीं होता। यानी पचास प्रतिशत, कहें तो आधे डिग्रीधारी नौजवान किसी नौकरी के लायक नहीं होते। कुछ वर्ष पहले चैंबर ऑफ कॉमर्स ने यह अनुपात इससे भी भयानक बताया था। कहा गया था कि देश के तकनीकी संस्थानों से निकलने वाले पचहत्तर प्रतिशत तकनीकी ग्रेजुएट किसी काम के लायक नहीं होते, जबकि पचासी प्रतिशत सामान्य ग्रेजुएट किसी नौकरी के लायक नहीं होते।

अब, सरकार है तो अपनी रिपोर्ट में कुछ लाज बचाकर ही बातें करेगी। इसलिए पचासी और पचहत्तर प्रतिशत को पचास प्रतिशत के दायरे में समेट कर नए आंकड़े जारी किए गए। जब कोई ग्रेजुएट होकर रोजगार के बाजार में उतरता है तो उसे "किसी काम के लायक नहीं" का तमगा पहना देना बहुत आसान है, लेकिन यह जिम्मेदारी लेने को कोई तैयार नहीं होता कि आखिर किसी नौजवान को इस शिक्षण तंत्र ने कैसे "नालायक" बनाकर अकेला छोड़ दिया। न सिर्फ बनाकर, बल्कि अब वे उसे नालायक बता भी रहे हैं। क्या इसमें उस नौजवान की एकांत जिम्मेदारी है या हमारे शिक्षण तंत्र की विफलता भी इसमें शामिल है? सीधा सादा मामला बनता है शिक्षण की गुणवत्ता का और उस माहौल का, जो हम उस नौजवान को देते हैं। यानी, हमारा तंत्र अरबों रुपए खर्च कर करोड़ों नौजवानों को "किसी काम के लायक नहीं" की माला पहना कर जिंदगी के बियाबान में भटकने छोड़ देता है और हम विश्व गुरु आदि के दिवास्वप्न में डूबने लग जाते हैं। इस संदर्भ में कुछ बातें काबिले गौर हैं। आर्थिक सर्वेक्षण में देश भर के पचास प्रतिशत डिग्री धारियों के किसी लायक नहीं होने की बात कही गई है। यानी इसमें देशभर में फैले विश्वविद्यालयों, अन्य शैक्षणिक संस्थानों के साथ ही तमाम आईआईटी, आईआईएम, एनआईटी आदि के साथ ही बीएचयू, जेएनयू, डीयू, हैदराबाद यूनिवर्सिटी आदि जैसे नामचीन संस्थान भी शामिल हैं। सरकार ने अपनी रिपोर्ट में औसत निकालकर आंकड़े प्रस्तुत किए हैं। थोड़ी गहराई से सोचें तो आईआईटी, आईआईएम, जेएनयू आदि से निकलने वाले नौजवानों में ऐसी संख्या आनुपातिक रूप से कम होगी, जिन्हें किसी लायक नहीं कह सकें बनिस्पत बिहार-यूपी आदि के सामान्य संस्थानों से निकलने वालों के। मन थर्रा उठता है अगर यह सोचा जाए कि देश भर के पचास प्रतिशत "किसी लायक नहीं" बन पाने वालों में बिहार के विश्वविद्यालयों से निकलने वाले बच्चों का अनुपात क्या होगा?

इनमें बिहार जैसे पिछड़े राज्यों में अवस्थित निजी विश्वविद्यालयों या अन्य निजी संस्थानों से निकलने वाले बच्चों का अनुपात क्या होगा। कोई रिपोर्ट अगर जारी हो और सच से पर्दा उठ सके तो पता चले कि बिहार, उत्तर प्रदेश आदि में अवस्थित अधिकतर सरकारी और निजी शैक्षणिक संस्थान प्रतिभाओं के हंता बन कर रह गए हैं। देश के ऐसे नौजवान, जो डिग्री हासिल करने के बाद नियोक्ताओं के शब्दों में "किसी नौकरी के लायक" नहीं होते, आनुपातिक रूप से उनकी सबसे अधिक पैदावार हिंदी पट्टी के इन इलाकों में ही होती है। इससे भी अधिक निराशा की बात यह है कि इस स्थिति को सुधारने की कोई प्रशासनिक इच्छा शक्ति तो नहीं ही दिखाई जा रही, राजनीतिक इच्छा शक्ति का भी घोर अभाव है। लगता ही नहीं कि बिहार जैसे भयानक बेरोजगारी से ग्रस्त निर्धन राज्य के राजनीतिज्ञों को अपने विश्वविद्यालयों की दशा-दिशा से कोई मतलब भी है। सबकी आंखों के सामने हमारे अधिकतर विश्वविद्यालय सर्वाधिक भ्रष्ट सरकारी ऑफिसों में शुमार हो चुके हैं, जहां दिन-रात नियम कानूनों की खुलेआम हत्या होती है, जहां शिक्षा की गुणवत्ता पर सिर्फ मुंह जबानी बातें होती हैं, जहां के नामांकित छात्र इस देश के सबसे अधिक अभागे छात्रों में शुमार हैं और जहां से निकलने वाले अधिकांश ग्रेजुएट सच में किसी काम के लायक नहीं होते।

यह सब कोई कुछेक व्यक्तियों और समूहों की कारस्तानी नहीं, बिहार के अधिकतर विश्वविद्यालयों में प्रतिभाओं की, उत्साहों की, शैक्षणिक गुणवत्ता की, निष्ठाओं की, नियमों की, कानूनों की बाकायदा संस्थानिक हत्या होती है और यह सब कोई लुक छिप कर नहीं, खुला खेल फर्रुखाबादी की तर्ज पर होता है। बिहार सरकार को चाहिए कि वह केंद्र सरकार की तर्ज पर कोई विशेष सर्वेक्षण करवाए, जिससे हम जान सकें कि हमारे राज्य के संस्थानों से निकलने वाले कितने प्रतिशत ग्रेजुएट किस लायक बन पा रहे हैं।

## सोशल फोरम

# श्वेत प्रासाद में अश्वेत महिला



अजय तिवारी
वरिष्ठ लेखक, नई दिल्ली


अमेरिका के इतिहास में पहली बार ऐसा हो रहा है कि कोई महिला और वह भी अश्वेत राष्ट्रपति पद की दावेदार बनी है। इसके प्रमुख सबक हैं। पहला, पूंजीवाद यदि अपने ही हितों में काम करे तो प्रत्यक्ष रूप में सामाजिक भेदभाव के संस्कार दूर करता है। वह सामाजिक उत्पीड़न और विषमता दूर नहीं करता, लेकिन उन पर टिके सामंती संस्कारों को दूर करता है।

दूसरा, कमला हैरिस की उम्मीदवारी की घोषणा स्वयं निवर्तमान राष्ट्रपति जो बाइडेन ने की है। यह 'अबकी बार ट्रम्प सरकार' का मुकाबला करने का डेमोक्रेट्स का आह्वान है। मुझे कमला हैरिस के "भारतीय" मूल से कोई खास उत्साह नहीं हो रहा है, लेकिन रिपब्लिकन की तुलना में डेमोक्रेट्स अमेरिका के लिए बेहतर हैं। तीसरा, अमेरिकी समाज में जनतांत्रिक चेतना, पूंजीवाद के दायरे में ही, इतनी तो है कि "भारतीय" मूल की उम्मीदवार को लेकर मुंडन कराने, धराशायी होने की धमकियां नहीं दी जा रही हैं, बल्कि भारतीय मूल के अमेरिका जा-बसैयों की शक्ति का पता चलता है। यह शक्ति केवल राजनीतिक नहीं है। हर क्षेत्र में भारतवंशी अग्रणी हैं। अब "मूल" निवासियों ने इनके प्रतिनिधि को शासन के शीर्ष पद के लिए प्रस्तावित किया है।

चौथा, अमेरिका अब एकमात्र महाशक्ति है। उसके राजनीतिक पटल का विश्व परिदृश्य पर असर पड़ता है। फिलिस्तीन पर इस्राइली हमलों के खिलाफ अमेरिकी विश्वविद्यालयों में जो विरोध प्रदर्शन हुए थे, उसके बाद विद्यार्थियों को खुफियागिरी, धमकी और पुलिस कार्रवाई का सामना करना पड़ा। यह सब डेमोक्रेट बाइडेन के काल में हुआ। फिर भी वैश्विक राजनीति की दृष्टि से रिपब्लिकन की तुलना में डेमोक्रेट्स बेहतर हैं। ओबामा अश्वेत थे और वे डेमोक्रेटिक पार्टी में एक महिला को पीछे करके आए थे। इतिहास ने करवट बदली है और उसी डेमोक्रेटिक पार्टी में ओबामा के वारिस बाइडेन ने अश्वेत महिला को अपना उम्मीदवार घोषित किया है।

-फेलबुक वॉल से

# क्या अवधेश प्रसाद होंगे सपा के मुख्यमंत्री दावेदार



नवेद शिकोह
वरिष्ठ पत्रकार

यूपी के आगामी विधानसभा चुनाव में बसपा के पास दलित समाज की घर वापसी करने का एक ये प्लस प्वाइंट है कि मायावती मुख्यमंत्री की दावेदारी का अकेला दलित चेहरा होंगी। इसकी काट न एनडीए के पास है और न इंडिया के पास।

दलित वोट बैंक उत्तर प्रदेश की सियासत का टर्निंग प्वाइंट बन गया है। यहां बसपा हाशिए पर है तथा इंडिया और एनडीए बराबर की शक्तियां बनकर किसी भी चुनाव के लिए दो-दो हाथ करने को तैयार हैं। लोकसभा चुनाव में यूपी के नतीजों के हिसाब से तो इंडिया एनडीए पर भारी है। यूपी में भाजपा की हार और इंडिया की जीत के तमाम कारणों में एक बड़ा कारण ये है कि दलित समाज का बड़ा हिस्सा भाजपा और बसपा से खिसक कर इंडिया यानी सपा और कांग्रेस के साथ दिखाई दिया। आगे भी बहुत कुछ इस बात पर निर्भर करेगा कि दलित वर्ग किसके साथ आ रहा है और किसका साथ छोड़ रहा है।

बताते चलें कि अब से करीब दस बरस पहले यूपी में बसपा का इस समाज पर एकछत्र राज चलता था। पूर्व में 2014 के लोकसभा चुनाव से पहले भाजपा के तत्कालीन राष्ट्रीय अध्यक्ष अमित शाह ने यूपी में दलितों-पिछड़ों का विश्वास जीतने की रणनीति में सफलता हासिल करने का सिलसिला शुरू किया था। गैर यादव पिछड़ी जातियों के बड़े वर्ग के साथ दलित समाज का करीब आधा हिस्सा भाजपा को निरंतर चुनावी सफलताएं दिलाने में सफल रहा। ऐसे में ज्यों-ज्यों भाजपा मजबूत होती गई बसपा उतनी ही कमजोर होती गई। 2024 के लोकसभा चुनाव में सूबे में एक नया बदलाव आया और भाजपा व बसपा से जुड़ा दलित वर्ग छिटककर सपा और कांग्रेस (इंडिया) पर विश्वास करता दिखा। भाजपा को अतिआत्मविश्वास था कि गरीब-वंचित वर्ग को फ्री राशन और गरीब कल्याण योजनाएं जोड़े रहेंगी, किंतु आरक्षण, जाति जनगणना और बढ़ते निजीकरण की चर्चाओं के बीच संविधान की रक्षा सबसे बड़ा चुनावी मुद्दा बन गया। महंगाई और बेरोजगारी ने भी असर किया और यूपी में भाजपा को भारी नुकसान उठाना पड़ा। बसपा की सियासी निष्क्रियता, गठबंधन की राजनीति के इस दौर में मायावती का अकेले चुनाव लड़ने का फैसला, पार्टी संयोजक आकाश आंनद द्वारा भाजपा पर आक्रामक होने पर उन्हें बैठा देने जैसे घटनाक्रम से बसपा पर भाजपा की बी टीम के आरोप गहरे होते गए।

इससे मुस्लिम समाज ने तो बसपा को सिरे से खारिज किया ही बचाखुचा अच्छा खासा दलित समाज भी इंडिया के साथ आ गया। बसपा के मूल वोटबैंक को लगा कि पार्टी सुप्रीमो चाहती ही नहीं हैं कि उनकी पार्टी सत्ता में भागीदारी निभाए। ऐसे में भाजपा से नाखुश दलित समाज को न चाहकर भी बसपा के बजाय इंडिया को मजबूत करना बेहतर लगा। बसपा यदि अपना अस्तित्व बचाने के लिए यूपी के आगामी विधानसभा चुनाव तक यानी ढाई-तीन वर्ष निरंतर सपा या कांग्रेस जैसे विपक्षी दलों के बजाय सत्तारूढ़ भाजपा के खिलाफ आक्रामक रही, पार्टी सुप्रीमो मायावती मुस्लिम-मुस्लिम का पहाड़ा छोड़कर दलित समाज के लिए जमीनी संघर्ष करती नजर आईं, संविधान की रक्षा जैसे विषयों पर गंभीर दिखीं, जाति जनगणना, आरक्षण जैसे मुद्दों पर मुखर रहीं। निजीकरण के खिलाफ मोर्चा खोला या प्राइवेट कंपनियों में आरक्षण की मांग दमदार तरीके से उठाई तो बसपा अपना खोया दलित जनाधार भाजपा और इंडिया से थोड़ा बहुत वापस लाकर सूबे में त्रिकोणीय ताकत के समीकरण पैदा कर सकती है।

यूपी के आगामी विधानसभा चुनाव में बसपा के पास दलित समाज की घर वापसी करने का एक ये प्लस प्वाइंट है कि मायावती मुख्यमंत्री की दावेदारी का अकेला दलित चेहरा होंगी। इसकी काट न एनडीए के पास है और न इंडिया के पास। सपा मुखिया चाहें तो पार्टी और इंडिया हित में वो त्याग की भावना दिखाकर दलित राजनीति का बड़ा ट्रंप कार्ड खेलकर अपनी सफलता की रफ्तार को आगे बढ़ा सकते हैं। अयोध्या में भाजपा को पराजित कर ऐतिहासिक जीत हासिल कर एक बड़ा राजनीतिक संदेश देने वाले सपा के वरिष्ठ नेता, कई बार के विधायक, मौजूदा सपा सांसद अवधेश प्रसाद को अखिलेश यादव यूपी के मुख्यमंत्री का दावेदार बनाकर बड़ी सियासी चाल चल सकते हैं। खुद मुख्यमंत्री बनने का मोह छोड़कर यदि अखिलेश यादव ने ऐसा कदम उठा लिया तो उनको अनेक लाभ मिलने की संभावना बन जाएगी। वो राष्ट्रीय फलक पर और तेजी से उभरेंगे, उनका कद राष्ट्रीय राजनीति में और भी ऊंचा हो जाएगा। दलित समाज से सपा की पुरानी कड़वाहट पूरी तरह दूर हो जाएगी। खुद जीतने की कोशिश के बजाय भाजपा को जिताने और बार-बार सपा को हराने कि रणनीति बनाने वाली बसपा को इस तरह सपा अच्छा सबक भी सिखा सकती है।

देश के अधिकांश राजनीतिक दल परिवारवादी कहलाते हैं। कांग्रेस और समाजवादी पार्टी को अक्सर परिवार वाद के आरोपों से घेरा जाता है। कांग्रेस ने इन इल्जामों से घिरी अपनी छवि को तोड़ने की हर संभव कोशिश समय-समय पर की है। दस साल चलने वाली यूपीए सरकार में सोनिया गांधी प्रधानमंत्री बन सकती थीं, लेकिन पार्टी कार्यकर्ताओं की मांग के बाद भी उन्होंने पीएम बनना स्वीकार नहीं किया। राहुल गांधी को प्रत्यक्ष रूप से प्रधानमंत्री की दावेदारी का चेहरा नहीं बनाया गया। मौजूदा समय में राहुल गांधी या सोनिया गांधी के बजाय कांग्रेस के दलित चेहरे मल्लिकार्जुन खड़गे को राष्ट्रीय अध्यक्ष बनाया गया। शायद यही सब कारण रहे कि आज कांग्रेस हाशिए से बाहर निकलकर अपनी पुरानी सियासी ताकत हासिल करने के लक्ष्य की तरफ बढ़ती दिख रही है।

सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव को अपने सहयोगी दल कांग्रेस के गांधी परिवार से त्याग की भावना सीखना चाहिए। यूपी में दलित चेहरे को मुख्यमंत्री का दावेदार बनाकर सपा अपने पीडीए की धार को और भी मजबूत कर देती है तो ताज्जुब नहीं कि अखिलेश यादव भविष्य की राष्ट्रीय राजनीति में प्रधानमंत्री पद की दावेदारी का बड़ा चेहरा बन जाएं।

# व्यक्ति और समाज का सापेक्ष संबंध



डॉ. राजेंद्र रंजन चतुर्वेदी
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

समाज अनेकानेक व्यवस्थाओं की एक व्यवस्था है। अब अनेकानेक की कोई संख्या तो बतला नहीं सकूंगा। कैसे बतलाऊं? जीवन का विस्तार असीम है और इस विस्तार की दिशाएं या कोण भी अगणित हैं। इस विस्तार, दिशाओं और कोणों में कितनी संस्थाएं या व्यवस्थाएं काम कर रही हैं? इसे कौन बतला सकता है?

ये संस्थाएं या व्यवस्थाएं परिवार से लेकर विश्वसंस्थाओं तक फैली हुई हैं। ये व्यवस्थाएं न्याय से भी जुड़ी हैं, शिक्षा और चिकित्सा से भी जुड़ी हैं। ये संस्थाएं या व्यवस्थाएं पुलिस सेना रक्षा संचार से भी संबद्ध हैं। राजनीति और प्रशासन से भी जुड़ी हैं। ये व्यवस्थाएं धार्मिक भी हैं, आर्थिक, व्यापारिक, औद्योगिक भी हैं। ये व्यवस्थाएं कृषि से भी जुड़ी हैं। ये व्यवस्थाएं स्थानीय भी हैं और विश्वस्तरीय भी हैं। ये संस्थाएं, व्यवस्थाएं या संगठन बनते और बिगड़ते रहते हैं, आगे भी बढ़ते हैं, पीछे भी हो जाते हैं। इनमें विरोध और अंतर्विरोध भी होते हैं, लेकिन इनके बीच एक संतुलन या समन्वय हमेशा बना रहता है। यह संतुलन और समन्वय ही समाज के स्वस्थ होने का लक्षण है। संतुलन समन्वय का आधार परस्पर विश्वास तथा परस्पर विश्वास का आधार सत्य है, लेकिन जब सत्य के स्थान पर छल आ जाता है, तब भरोसा भी विचलित हो जाता है, जब भरोसा विचलित हो जाता है, तब संतुलन और समन्वय गड़बड़ा जाता है, तब समाज के स्वास्थ्य की चिंता होती है, क्योंकि समाज स्वस्थ है तो व्यक्ति भी स्वस्थ होगा, उसके जीवन में सुख चैन होगा, लेकिन समाज ही अस्वस्थ होगा तब व्यक्ति का स्वस्थ रह पाना कठिन होता चला जाएगा।

झूठ, छल, कपट, अपराध, हिंसा, जबरदस्ती जैसी घटनाएं बढ़ती चली जाएंगी। मत्स्य न्याय या जंगलराज जैसा हो जाएगा। अशांति हो जाएगी। यह व्यक्ति और समाज का सापेक्ष संबंध है।

## एक नजर

### केजीएमयू कुलपति ने किया मेस का उद्घाटन

**अमृत विचार, लखनऊ :** केजीएमयू में रेजीडेन्ट छात्रावास के नवीनीकृत मेस का उद्घाटन बुधवार को संस्थान की कुलपति प्रो. सोनिया नित्यानंद ने किया ने किया। इस दौरान उन्होंने मेस के खाने की गुणवत्ता परखने साथ साफ–सफाई का निरीक्षण भी किया। छात्रावास में पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश भी दिया गया। प्रो. जिलेदार रावत, प्रो. अनित परिहार सहित लगभग 50 छात्र छात्राएं और कर्मचारी मौजूद रहे।

### स्वास्थ्य शिविर में 150 की जांच

**अमृत विचार, लखनऊ :** मेडनोल डायबिटीज केयर की ओर से बुधवार को इंजीनियरिंग कॉलेज चौराहा स्थित नारायण प्लाजा में निशुल्क जांच शिविर लगाया गया। डॉक्टर अशरफ ने बताया शिविर में करीब 150 लोग आए। जिनकी थायराइड, कोलेस्ट्रॉल, ब्लड प्रेशर व शुगर आदि बीमारियों का परीक्षण कर दवा वितरित की गई।

### देश भारती के मेधावी विद्यार्थियों का सम्मान

**अमृत विचार, लखनऊ :** राजाजीपुरम स्थित देश भारती पब्लिक कॉलेज में बलिदानी वंदन श्रृंखला के तहत मेधावी विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। कॉलेज के प्रबन्धक और राष्ट्रीय कवि वेदव्रत वाजपेयी ने 75 फीसदी से अधिक अंक पाने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। हसन, देवांश, अनुष्का, आयुष राय, अतीफा, अर्णव, उत्कर्ष, श्रेया, आकांक्षा, को सम्मानित किया गया।

# महाकुंभ पर खर्च होंगे 12075.69 लाख

## शासन ने दी 30 परियोजनाओं को मंजूरी, मुख्य सचिव की बैठक में लिया गया फैसला

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** प्रयागराज महाकुंभ मेला 2025 के भव्य आयोजन पर 12075.69 लाख रुपये खर्च होंगे। शासन ने महाकुंभ से जुड़ी 30 परियोजनाओं को मंजूरी दे दी। मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह की अध्यक्षता में बुधवार को मेला की शीर्ष समिति की बैठक में प्रस्तावों को स्वीकृति दी गई।

बैठक में मोती लाल नेहरू मेडिकल कॉलेज की 2584.12 लाख रुपये लागत की दो परियोजनाओं, स्वास्थ्य विभाग की 5823.02 लाख रुपये लागत की 19 परियोजनाओं, पर्यटन विभाग की 351 लाख रुपये लागत की एक परियोजना, प्रयागराज विकास प्राधिकरण की 789.34 लाख रुपये लागत की एक परियोजना, उद्यान विभाग की 755.18 रुपये लागत की तीन परियोजनाओं, सीएंडडीएस की 1249.79 लाख रुपये लागत की दो परियोजना, उप्र जल निगम की 523.24 करोड़ रुपये लागत की एक परियोजना व सिंचाई विभाग की एक परियोजना शामिल है।

### विदेशी मेहमानों के लिए 55 प्रीमियम टेंट लगाए जाएंगे

महाकुम्भ में आने वाले विदेशी पर्यटकों व वीआईपी मेहमानों को सुव्यवस्थित व्यवस्था उपलब्ध करने के लिए पर्यटन विभाग की ओर से 351 लाख रुपये की लागत से मेला क्षेत्र के परेड ग्राउंड में 55 प्रीमियम टेंट लगाये जाएंगे। आईईआरटी पुलिया (पीपल के पेड़ के पास) से गंगा नदी तट तक सड़क चौड़ीकरण व सौन्दर्यीकरण का कार्य 789 .34 लाख रुपये की लागत से कराया जाएगा।

### स्थापित की जाएगी डमरू व नटराज की मूर्ति

सीएंडडीएस के जरिये नगर क्षेत्र में 15 चिन्हित स्थानों पर 751 लाख रुपये की धनराशि से थीमैटिक वेस्ट टू वंडर इंस्टालेशन की स्थापना की जाएगी, जिसमें डमरू व नटराज आदि की मूर्ति स्थापित की जाएगी। इन कलाकृतियों को कल्चर मार्बल के माध्यम से बनाया जायेगा।

### क्लीन और ग्रीन होना चाहिए महाकुंभ-मुख्य सचिव

मुख्य सचिव ने कहा कि आगामी महाकुंभ–2025 क्लीन और ग्रीन होना चाहिए। मेला क्षेत्र में स्थापित शौचालय साफ होने चाहिए। शौचालयों की प्रतिदिन सफाई हो रही है या नहीं, यह सुनिश्चित कराने के लिये थर्ड पार्टी से निरीक्षण कराने की व्यवस्था की जाय। दूषित जल गंगा नदी में प्रवाहित नहीं होना चाहिए। शत–प्रतिशत घरों को सीवर लाइन से जोड़ने की कार्रवाई सुनिश्चित कराई जाय।

# ब्लॉक के चलते बाघ एक्सप्रेस समेत कई ट्रेनों को रोककर चलाया जाएगा

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ



**अमृत विचार :** वाराणसी मंडल के देवरिया स्टेशन पर इंजीनियरिंग कार्य के लिए ब्लॉक किए जाने के कारण बाघ एक्सप्रेस समेत कई अन्य ट्रेनों को रोककर चलाया जायेगा।

ट्रेन नम्बर-13020 काठगोदाम-हावड़ा बाघ एक्सप्रेस लखनऊ मंडल पर 27 जुलाई, 1, 3, 8, 10 और 15 अगस्त, को 70 मिनट नियंत्रित कर चलायी जायेगी। उसी क्रम में 22532 मथुरा जं.-छपरा एक्सप्रेस लखनऊ मंडल पर 27 जुलाई, 1, 3, 8, 10 और 15 अगस्त को 45 मिनट और 14674 अमृतसर-जयनगर शहीद एक्सप्रेस लखनऊ मंडल पर 27 जुलाई, 3, 10 और 15 अगस्त को 90 मिनट के नियंत्रित कर चलाई जायेगी।

पोरबन्दर-मुजफ्फरपुर एक्सप्रेस समेत कई ट्रेनें चलेंगी बदले मार्ग से

मेहसाणा-पालनपुर रेल खंड पर डेरोवां-सिद्धपुर-छापी स्टेशनों के मध्य दोहरीकरण के परिप्रेक्ष्य में नॉन इंटरलॉक कार्य के लिए ब्लॉक दिये जाने के पोरबन्दर-मुजफ्फरपुर एक्सप्रेस समेत कई ट्रेनों को बदले मार्ग से चलाया जायेगा। जिनमें पोरबन्दर से 26 जुलाई को चलने वाली 19269 पोरबन्दर-मुजफ्फरपुर एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग मेहसाणा-पाटन-भिलडी-पालनपुर के रास्ते चलाई जायेगी।

इसी क्रम में साबरमती बीजी से 27 जुलाई को चलने वाली 19409 साबरमती बीजी-गोरखपुर एक्सप्रेस मेहसाणा-पाटन-भिलडी-पालनपुर के रास्ते, साबरमती बीजी से 29 जुलाई, को चलने वाली 19401 साबरमती बीजी-लखनऊ एक्सप्रेस मेहसाणा-पाटन-भिलडी-पालनपुर के रास्ते और साबरमती बीजी से 27 जुलाई को चलने वाली 15270 साबरमती बीजी-मुजफ्फरपुर एक्सप्रेस मेहसाणा-पाटन-भिलडी-पालनपुर के रास्ते चलाई जाएगी।

# एक ही पंजीकरण नंबर से गोदाम व दुकान को जोड़ने की मांग

**अमृत विचार, लखनऊ :** खाद्य सुरक्षा सहायक आयुक्त विजय प्रताप सिंह के साथ बुधवार को लखनऊ व्यापार मंडल कार्यालय में मंडल के प्रतिनिधियों ने बैठक की।

अध्यक्ष अमरनाथ मिश्र ने अध्यक्षता व वरिष्ठ महामंत्री पवन मनोचा ने संचालन किया। सहायक आयुक्त ने व्यापारियों को पक्का बिल लेने के लिए जागरूक किया। व्यापारियों ने फूड्स लाइसेन्स पंजीकरण व रेन्यूवल में आ रहीं समस्याएं बताईं। कहा, जीएसटी की भांति एक ही पंजीकरण नम्बर पर गोदाम व दुकान को जोड़ने की सुविधा होनी चाहिए। इससे व्यापारी को बिल पर अलग-अलग नम्बर नहीं डालना पड़ेगा। अध्यक्ष अमरनाथ मिश्र ने कहा, अधिकारी व्यापार मण्डल के साथ समन्वय बना कर दुकानों पर जाएं। बिना वजह परेशान नहीं किया जाए।

# आंखों और मुंह में सूखापन शोग्रेंस सिंड्रोम के लक्षण

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▶▶ विश्व शोग्रेंस सिंड्रोम दिवस पर केजीएमयू में कार्यशाला आयोजित

**अमृत विचार :** केजीएमयू के क्लीनिक इम्यूनोलॉजी एंड रिम्यूटोलॉजी विभाग के प्रेक्षागृह में शोग्रेंस सिंड्रोम दिवस पर बुधवार को कार्यशाला का आयोजन किया गया।

विभागाध्यक्ष डॉ. पुनीत कुमार ने बताया कि मुंह, आंखों में सूखापन, जोड़ों में दर्द और चलने पर थकान महसूस होना गंभीर बीमारी शोग्रेंस सिंड्रोम के लक्षण हो सकते हैं। इसे अनदेखा न करें, बीमारी की शुरुआत में इलाज कराने से इस पर काबू पाया जा सकता है।

डॉ. पुनीत ने बताया कि शोग्रेंस सिंड्रोम प्रभावित मरीज में लार व आंसू बनाने वाली ग्रंथियां ठीक से काम नहीं करती हैं। इससे मरीज को मुंह हमेशा सूखा महसूस होता है। इससे भोजन को निगलने, चखने व बोलने में कठिनाई हो सकती है। आंखों में सूखापन होने से किरकिराहट, खुजली के साथ दृष्टि धुंधली हो जाती है। आंखों के संक्रमण का खतरा बना रहता है। लगातार आई ड्रॉप डालने की जरूरत होती है।

डॉ. पुनीत ने बताया कि मरीज को थोड़ी-थोड़ी देर में पानी पीते रहना चाहिए। शुगर फ्री च्युइंगम भी खा सकते हैं। चश्मा लगाएं और सूखापन से बचाने के लिए आई ड्रॉप डालें। कार्बोनेटेड पेय, और मसालेदार भोजन, नमकीन, अम्लीय और सूखे खाद्य पदार्थों के सेवन से बचें।

# घोसियाना में भारी विरोध के बीच पकड़े 19 पशु

**अमृत विचार, लखनऊ :** नगर निगम जोन 3 के महानगर स्थित घोसियाना क्षेत्र में नगर निगम के कैटल कैचिंग दस्ते ने भारी विरोध के बीच 19 पशु पकड़कर आलमबाग स्थित कांजी हाउस में बंद कराए। इनमें 15 गाय और 4 भैंस शामिल हैं।

पशु कल्याण अधिकारी डॉ. अभिनव वर्मा के नेतृत्व में दस्ते ने जैसे ही क्षेत्र में अभियान शुरू किया, लोगों ने पशुओं को घर में बंद कर बाहर से ताला लगा दिया। महिलाओं को आगे करके विरोध प्रदर्शन किया।

कार्रवाई का डेयरी संचालकों ने विरोध करते हुए टीम के साथ गाली-गलौच और धक्का-मुक्की की। भारी पुलिस बल और स्थानीय पुलिस की मौजूदगी में टीम ने दो कमरों का ताला तोड़कर 8 पशु पकड़ लिए। पशु कल्याण अधिकारी ने बताया कि लोग सकरी गलियों में जानवर पाल रहे थे। जिससे क्षेत्र में गंदगी हो रही थी।

## सार-संक्षेप

### एसीपी ने मिशन शक्ति के तहत किया जागरूक

**अमृत विचार, निगोहां :** बुधवार को निगोहां कस्बे में स्तिथ संत फ्रंसिस इंटर कॉलेज में मिशन शक्ति अभियान के तहत एसीपी मोहनलालगंज राधारमण सिंह ,प्रभारी निरीक्षक निगोहां अनुज कुमार तिवारी व महिला आरक्षी आरती के द्वारा छात्र–छात्राओं व महिलाओं के साथ होने वाले अपराधों से अवगत कराते हुए उन्हें उनके कानूनी अधिकारों की जानकारियां दी गई। जिसके बाद छात्र– छात्राओं के साथ विद्यालय में मौजूद शिक्षकों को पम्पलेट भी बांटकर टोल फ्री नंबर 1090 ,112,181,1930 की विधिवत जानकारी दी गयी,तथा थाने पर गठित महिला हेल्प डेस्क के बारे में जानकारी देते हुए ऑनलाइन ठगी से बचने के उपायों के बारे में जानकारियां दी गई। इससे पहले कॉलेज के प्रधानाचार्य विजय क्रिस्टा ने एसीपी मोहनलालगंज राधा रमण सिंह और प्रभारी निगोहां अनुज कुमार तिवारी को प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम में प्रधानचार्य सहित कॉलेज का अन्य स्टाफ व छात्र–छात्राएं मौजूद रहे।



बुद्धेश्वर महादेव मंदिर के परिसर में पसरा सन्नाटा। अमृत विचार

### ऐतिहासिक बुद्धेश्वर धाम मेले में पसरा सन्नाटा

**अमृत विचार, काकोरी :** पारा–मोहान रोड स्थित ऐतिहासिक बुद्धेश्वर महादेव मंदिर पर मेले में आने वाले भक्तों का सन्नाटा पसरा रहा। बुद्धेश्वर मंदिर के चारों तरफ प्रशासन की कड़ी नाकेबंदी रही। वहीं मेले में झूलों सहित बच्चों के मनोरंजन के लिए लगने वाले संसाधनों की प्रशासन ने अनुमति नहीं दिया। बुद्धेश्वर मंदिर विकास महासभा के अध्यक्ष राजेश शुक्ला ने बताया कि उपजिलाधिकारी सदर व पुलिस की कार्यशैली की वजह से भक्तों ने दूरी बना ली है, प्रशासन ने मंदिर में आने वाले चारों तरफ के रास्तों पर नाकेबंदी कर दी है, जिससे यहां पर आने वाले लोगों को काफी नाराजगी है।

### कॉलोनी का मुख्य अभियंता ने किया निरीक्षण

**अमृत विचार, लखनऊ :** ट्रांसगोमती के मुख्य अभियंता सुशील गर्ग ने बुधवार को मुंशीपुलिया डिवीजन के सेक्टर 14 न्यू पावर से पोषित शिवाजीपुरम कॉलोनी के ट्रांसफार्मर का निरीक्षण किया। उन्होंने क्षेत्र लो वोल्टेज और ओवरलोड की समस्या के निराकरण के संबंध में अधिकारियों से बात की। मुख्य अभियंता ने बताया कि शिवाजीपुरम कॉलोनी में आए दिन वोल्टेज की शिकायतें मिल रही हैं। क्षेत्र में बदले गए एबीसी केबल के बारे में अधिकारियों से जानकारी ली है। बचे इलाकों केबल बदलने और 250 केवी का अतिरिक्त ट्रांसफार्मर लगाने का प्रस्ताव संबंधित डिवीजन से प्रस्ताव मांगा गया है। अधीक्षण अभियंता यदुनाथ राम,अधिशासी अभियंता अभय प्रताप सिंह, अधिशासी अभियंता टेस्ट उपेन्द्र तिवारी, एसडीओ और जेई मौजूद रहे।

### डफरिन के गेट के पास बह रहा सीवर

**अमृत विचार, लखनऊ :** रानी अवंतीबाई महिला अस्पताल (डफरिन) के गेट के पास करीब 10 दिनों से सीवर ओवरफ्लो होने से पानी बह रहा है। इससे प्रसूताओं, नवजातों और तीमारदारों को संक्रमण का खतरा है। अस्पताल की रोजाना 450–500 महिलाएं आती हैं। 24 घंटे में 12–15 प्रसव होते हैं। बच्चों की ओपीडी भी संचालित है। सीवर के पानी की दुर्गंध से मरीज व तीमारदार परेशान हैं। गंदे पानी में मच्छर जनित बीमारियां फैलने का खतरा बढ़ गया है। अस्पताल की निदेशक डॉ. मधु गैरोला का कहना है कि सीवर की समस्या को लेकर नगर निगम को अवगत कराया जा चुका है। लेकिन समस्या का समाधान नहीं हो रहा।

### वेतन नहीं मिला, संविदा कर्मियों ने किया प्रदर्शन

**अमृत विचार, लखनऊ :** प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना (पीएमएमवीवाई) में कार्यरत 105 कर्मियों को पांच महीने से वेतन नहीं मिला है। अब उनकी नौकरी पर भी संकट मंडरा रहा है। योजना को स्वास्थ्य विभाग से महिला समाज कल्याण विभाग में ट्रांसफर कर दिया गया है। परेशान कर्मियों ने मंगलवार को जीपीओ पर प्रदर्शन कर भाजपा कार्यालय में प्रदेश संगठन मंत्री भूपेंद्र सिंह को ज्ञापन सौंपा। भूपेंद्र ने सीएम से बात कर मामले के निस्तारण का आश्वासन दिया है। कर्मचारी संगठन के अध्यक्ष सच्चिदानंद मिश्रा ने बताया कि वेतन न मिलने से संविदा कर्मी परेशान हैं। योजना का ट्रांसफर होने से नौकरी जाने की आशंका है। प्रदर्शन के दौरान निशा मिश्र, रचना तिवारी, आशुतोष कुमार, अवनेंद्र राठौर, परिचित, अर्पित, सुधीर कुमार वर्मा एवं समस्त जिला कार्यक्रम समन्वयक व जिला कार्यक्रम सहायक उपस्थित रहे।

### देव वन से सकारात्मक ऊर्जा का हुआ प्रवाह

**अमृत विचार, लखनऊ :** जहां पहले गंदगी और कूड़े का ढेर था, अराजकतत्वों का जमावड़ा लगता था, वहां आज देव वन बनने से सकारात्मक ऊर्जा का प्रवाह होने लगा है। ये बातें बुधवार को मंडलायुक्त डॉ. रोशन जैकब ने देव वन में पौध रोपण करते हुए कही। मंडलायुक्त ने लखनऊ विकास प्राधिकरण (एलडीए) की ओर से गोमती नगर में अयप्पा मंदिर के पास आठ एकड़ ग्रीन बेल्ट में विकसित देव वन का निरीक्षण किया। मंडलायुक्त ने देव वन में तीन व पांच मीटर चौड़ा बना पाथ–वे व वॉटर बॉडी (अमृत कुंड) देखा। इसके अलावा लाइब्रेरी, फूड कोर्ट, टॉयलेट ब्लॉक व पार्किंग का निर्माण होते पाया। देव वन तैयार करने वाले श्रमिकों व मालियों को उपहार देकर सम्मानित किया।


# कार्यालय, नगर पालिका परिषद अकबरपुर, अम्बेडकरनगर

स्वच्छ अकबरपुर
गाँधी जी का सच हो सपना

सुन्दर अकबरपुर
शौचालय युक्त घर हो अपना

## "स्वच्छ सर्वेक्षण–2024" में नगर पालिका परिषद अकबरपुर द्वारा प्रतिभाग करने पर संभ्रान्त नागरिकों से अपील:–

**नगर पालिका परिषद अकबरपुर, अम्बेडकरनगर, नगर वासियों का हार्दिक स्वागत एवं वन्दन करती है व समुचित नागरिक सुविधायें उपलब्ध कराने हेतु संकल्पबद्ध है एवं नगर के विकास हेतु अग्रसर है:-**

☑ स्वच्छ सर्वेक्षण 2024 में आपका शहर प्रतिभाग कर रहा है। शहर को अच्छी रैंकिंग दिलाने हेतु नगर पालिका परिषद अकबरपुर का सहयोग करें

☑ Swachhata App MoHUA Play Store Is Download करें तथा अपने आस–पास की गन्दगी को आनलाइन शिकायत दर्ज करे। उस पर Vote करें नगर पालिका की अच्छी रैंकिंग दिलाने में सहयोग प्रदान करें।

☑ आपका शहर खुले में शौच मुक्त (ODF) है। खुले में शौच करते पकड़े जाने पर रू0–500.00 व खुले में पेशाब करने पर रू0–100.00 अर्थ दण्ड लगेगा।

☑ होटल मैरेज हाल / दुकान में सिंगल यूज प्लास्टिक का इस्तेमाल न करें।

☑ आप सभी अपने घरों / मैरिज लान में वैवाहिक / बर्थ डे पार्टी / उद्घाटन कार्यक्रम को जीरो वेस्ट इंवेट्स के रूप में मनाये अर्थात घरों / मैरिज लानों में सिंगल प्लास्टिक / पालीथीन का प्रयोग न करें।

☑ यदि नगर में कहीं भी सफाई मित्रों द्वारा सफाई कार्य करते समय सुरक्षा उपकरणों का प्रयोग न करते हुये पाये जाये तो टोल फ्री नं0–1533 पर काल करें।

☑ आपके शहर में रीडियूस, रियूज, रिसाइकिल केन्द्र (RRR CENTER) रसूलाबाद (कांजी हाउस), शहजादपुर (मछली मण्डी), व शिवबाबा में स्थित है।

☑ नगर की किसी भी शिकायत दर्ज करने हेतु टोल फ्री नं0–1533 पर काल करें।

☑ पालीथीन / थर्माकोल का प्रयोग पूर्ण रूप से प्रतिबन्धित कर दिया गया है। कृपया इसका प्रयोग न करें यह स्वास्थ्य के लिए हानिकारक है।

☑ सेप्टिंग टैंक सफाई हेतु टोल फ्री नं0–14420 पर काल करें। प्रत्येक तीन साल में सेप्टिक टैंक की सफाई अवश्य करवायें।

☑ अपने घरो से निकलने वाले निर्माण व विध्वंस सामाग्री को सड़क व पटरी के किनारे न रखें।

☑ अपने घरों से निकलने वाले कुड़े को कृपया सूखे कूड़े को नीले डस्टबिन में तथा गीले कूड़े की हरे डस्टबिन में रखे तथा नगर पालिका परिषद अकबरपुर की गाड़ी पहुंचने पर डाल दें। सड़क पर न फेंके। सड़क पर फेकने पर या जलाने पर रू0–2000.00 जुर्माना लगेगा।

☑ संचारी रोग की रोकथाम हेतु नगर पालिका का सहयोग करें एवं घर के आस–पास कूड़ा करकट व गन्दगी न इक्ट्ठा होने दें। बुखार इत्यादि होने पर नजदीकी स्वास्थ्य केन्द्र पर सम्पर्क करें।

☑ गृहकर जलकर का भुगतान समय से करते हुए नगर पालिका का सहयोग करें।

☑ जल ही जीवन है, जल का दुरूपयोग न करें।

☑ सभी निजी सेप्टिक टैंक सफाई वाहन गौहन्ना में बने एफ0एस0टी0पी0 पर फीकल पहुंचायें। जिससे उसका शोधन किया जा सके। खुले या नदी में बहाये जाने पर भारी जुर्माना किया जायेगा।

पत्रांक– मेमो/2024–25
दिनांक– 24.07.2024

बीना सिंह
अधिशासी अधिकारी

## एक नजर

### दुष्कर्मी को 12 साल की सजा व 35 हजार जुर्माना

**अयोध्या।** किशोरी से दुष्कर्म करने के एक मामले में कोर्ट ने आरोपी को दोषी पाते हुए 12 साल के कारावास की सजा सुनाई है। उस पर 35 हजार का जुर्माना भी हुआ है। फैसला फास्ट ट्रैक कोर्ट के न्यायाधीश प्रदीप सिंह की अदालत से बुधवार को हुआ। सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता सतीश चंद्र देवरस ने बताया कि मवई थाना क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली किशोरी के साथ गांव के ही छत्रपाल ने वर्ष 2017 में जब वह घर में अकेली थी चाकू से हत्या करने की धमकी देकर दुष्कर्म किया।

### नेपाल सीमा पर 70 लाख की 140 ग्राम स्मैक बरामद

**रूपईडीहा, बहराइच।** भारत नेपाल सीमा पर एसएसबी और पुलिस ने संयुक्त पेट्रोलिंग करते हुए दो तस्करों को पकड़ा है। उनके पास से 70 लाख मूल्य की 140 ग्राम स्मैक बरामद हुई है। जिसे सीज कर दिया गया है। भारत नेपाल सीमा पर रूपईडीहा थाना क्षेत्र के रेलवे स्टेशन के पास एसएसबी और पुलिस के जवानों ने रात पौने नौ बजे गश्त के दौरान भूरे उर्फ जियाउल हक निवासी मुकाम निबिया हुसैनपुर थाना रिसिया और सिराज निवासी सलारगंज निकट पानी टंकी थाना दरगाह शरीफ बहराइच को गिरफ्तार किया गया।

### इरफान के गुर्गों ने दी धमकी, रिपोर्ट

**कानपुर।** आगजनी मामले में नजीर फातिमा की पैरवी करने वाले समाजसेवी को पूर्व विधायक इरफान सोलंकी के गुर्गों ने जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने दो आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। समाजसेवी अकील अहमद खान ने पुलिस को बताया कि 16 जुलाई को कचहरी में इरफान के गुर्गे मोहम्मद अकरम और मोहम्मद आजम और अन्य कुछ लोगों ने उन्हें निपटाने की धमकी दी।

# थाना प्रभारी समेत 27 पुलिसकर्मी लाइन हाजिर

## सीतापुर एसपी के आदेश की अवहेलना करना पुलिसकर्मियों को पड़ा भारी, कार्रवाई से विभाग में हड़कंप

संवाददाता, सीतापुर

**अमृत विचार।** पुलिस अधीक्षक चक्रेश मिश्रा ने बुधवार सुबह कार्रवाई करते हुए थानाध्यक्ष कमलापुर सहित तीन चौकी इंचार्ज व एसआई सहित 27 मुख्य आरक्षी/आरक्षी को लाइन हाजिर कर दिया। पुलिस कार्यालय से जारी लाइन हाजिर के आदेश में कार्रवाई के पीछे की वजह का जिक्र नहीं किया गया है, हालांकि सूत्र बताते हैं कि स्वाट टीम द्वारा बड़ी मात्रा में नशे की खेप बरामद करने के बाद कमलापुर थाने में वाहन,नशे की खेप और संदिग्ध व्यक्ति को दाखिल (मुकदमा) करने का दबाव बनाया गया।

थानाध्यक्ष द्वारा इस कार्रवाई से इंकार करने पर एसपी ने थानाध्यक्ष समेत 27 पुलिसकर्मियों को लाइन का रास्ता दिखाया। एसपी की इस कार्यवाई से महकमे में हड़कंप मचा हुआ है। पुलिस अधीक्षक चक्रेश मिश्रा की इस कार्रवाई के बाद पीआरओ रहे प्रदीप सिंह को कमलापुर को नया थानाध्यक्ष बनाया गया है।

सूत्र बताते हैं कि स्वाट टीम द्वारा बरामद खेप और वाहन चालक अभी पुलिस के कब्जे में है, लेकिन समाचार लिखे जाने तक उसे दाखिल नहीं किया जा सका है। पुलिसकर्मियों पर हुई इस कार्रवाई के पीछे की वजह नशे की खेप बताई जा रही है। सूत्रों के अनुसार स्वाट टीम ने मुखबिर की सूचना पर सोमवार की रात जिले की सीमा के बाहर लग्जरी वाहन में नशे की खेप (अफीम और गांजा) करीब 60 से 70 किलो बरामद किया था। स्वाट टीम द्वारा पकड़े गये वाहन और व्यक्ति को तत्काल दाखिल न करते हुए पूछताछ करने के बाद मंगलवार की देर रात वाहन को लेकर हाईवे पर जा रही थी। बताया जाता है कि इस दौरान वाहन में जीपीएस लगा होने की वजह से वाहन स्वामी ने इनोवा कार को खैराबाद थाना क्षेत्र में ग्राम असोड़र के समीप बीच रास्ते में ही लॉक कर दिया। सूत्र बताते हैं कि कार बंद होने के दौरान खैराबाद थाने की सेकेंड मोबाइल टीम गस्त कर रही थी। टीम ने मदद के लिए कहा तो वाहन पर मौजूद उपनिरीक्षक उग्रसेन सिंह ने भी हकीकत जानकर मदद से मना कर दिया। सूत्र बताते हैं कि बुधवार सुबह तड़के स्वाट टीम वाहन सहित बरामद खेप मामले में कमलापुर थाने में मुकदमा दर्ज कराने का प्रयास किया।

सूत्रों ने बताया कि जीपीएस की हकीकत जाने के बाद थानाध्यक्ष कमलापुर सहित थाने की टीम ने मुकदमा लिखने और दाखिल करने से मना कर दिया। कई घंटों तक इधर उधर घूमने के बाद जब मामला एसपी चक्रेश मिश्रा तक पहुंचा तो उन्होंने सुबह आनन फानन में थानाध्यक्ष कमलापुर भानु प्रताप सिंह सहित पांच पुलिसकर्मियों को लाइन हाजिर कर दिया। शाम होते-होते एसपी ने एक उपनिरीक्षक सहित 22 आरक्षियों को कमलापुर थाने से लाइन भेज दिया है।

### दो इनोवा थाने में की गईं सीज

सूत्रों का दावा है कि पुलिस कब्जे में नशे की खेप वाले इनोवा वाहन को जीपीएस की मदद से खोजते खोजते कुछ लोग सीतापुर आ पहुंचे। गाडी की रेकी करते समय पुलिस ने एक और इनोवा वाहन को पकड़ा है। सूत्रों का कहना है कि दोनों इनॉवा वाहन चेचिस नंबर के जरिये मुख्यालय के सीमावर्ती थाने में सीज कर खड़ी कर दी गई है। सूत्रों का दावा है कि वाहनों पर लगी नंबर प्लेट को पुलिस ने पहले ही खोल दिया था। बताया जाता है कि दूसरे वाहन में मौजूद दो लोगों को पुलिस ने हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है हालांकि अभी तक पुलिस किसी नतीजे पर नहीं पहुंची है।

# यूएई में फंसे उप्र के दो नागरिकों को भारत लाने की पहल

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री एके शर्मा ने पीएमओ से मांगी सहायता
- भारतीय काउंसलेट ने दोनों नागरिकों से की मुलाकात, मिली राहत

**अमृत विचार:** यूएई में फंसे उप्र. के दो नागरिकों को सकुशल भारत लाने के लिए नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री एके शर्मा ने पहल की है। दोनों में एक मऊ तो दूसरा नागरिक कानपुर देहात से है। कैबिनेट मंत्री ने उनकी सहायता के लिए पीएमओ से सम्पर्क कर उनकी सुरक्षा और प्रत्यर्पण के आग्रह किया, जिसके बाद प्रधानमंत्री के निर्देश पर कार्रवाई शुरू की गई। इस दौरान यूएई स्थित भारतीय काउंसलेट को दिए गए निर्देश उसने वहां फंसे दोनों भारतीयों से मुलाकात की। कार्यवाही से संदिग्ध ट्रेवेल एजेंटों के चंगुल में फंसे दोनों नागरिकों को राहत मिली है।

एके शर्मा ने बताया कि मऊ जिले के रहने वाले विशाल सिंह पुत्र संजय सिंह और कानपुर देहात ज़िले की सर्वेश कुमारी पत्नी मनोज यादव नौकरी के लिए यूएई गए थे। लेकिन उनके एजेंटों एवं संभावित नियोक्ता द्वारा धोखा दिया गया। उनके नियोक्ता ने दोनों नागरिकों पर दबाव डालकर उनसे ऋण के कागजात पर हस्ताक्षर करवा लिए और उनके नाम पर स्वयं ऋण प्राप्त कर लिया। इस कारण यह लोग दुबई में कानूनी एवं आर्थिक मामलों के केस में फंस गए और उनको कोई नौकरी भी नहीं मिली। ऋण न चुका पाने के कारण उनके दुबई छोड़ने पर भी प्रतिबंध लगा दिया गया। अतः वह भारत वापस भी नहीं आ सके। उन्होंने बताया कि अब से कुछ दिन पहले मऊ निवासी विशाल के पिताजी ने मुझसे इस विषय में संपर्क कर बताया कि यूएई में उनके बेटे और एक महिला का जीवन संकट में है। इस समस्या को प्रधानमंत्री कार्यालय से संपर्क करके उनसे इस मामले में सहायता करने का आग्रह किया। इस दौरान भारतीय काउंसलेट ने इन भारतीय नागरिकों को अपने एजेंट एवं नियोक्ता के विरुद्ध पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज कराने में भी सहायता की। भारतीय काउंसलेट ने इस मामले को विदेशी मामलों के मंत्रालय, यूएई, के समक्ष भी रखा है और इस संबंध में उनके सामने औपचारिक निवेदन भी प्रस्तुत किया है। निवेदन में यूएई के विदेश मंत्रालय से आग्रह किया गया है कि स्थानीय पुलिस को उपरोक्त एजेंट एवं नियोक्ता के विरुद्ध उचित क़ानूनी कार्रवाई करने का निर्देश दें और विशाल सिंह एवं सर्वेश कुमारी प्रत्यर्पण के लिये भी सहायता करें।

# चौकीदार हत्याकांड का खुलासा, छह गिरफ्तार

संवाददाता, रायबरेली।

- निर्माणाधीन पानी की टंकी में मिला था शव

**अमृत विचार।** शिवगढ़ पुलिस ने दो दिन पूर्व दौलतखेड़ा गांव में पानी टंकी पर चौकीदारी करने वाले शिवकिशोर की निर्मम हत्या करने वाले आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा है।

घटना का खुलासा करते हुए एसपी अभिषेक अग्रवाल ने बताया कि शिवगढ़ के बैंती निवासी शिवकिशोर जायसवाल दौलतखेडा गांव में बन रही पानी टंकी में चौकीदारी करता था। जहां पर जनरेटर, बैटरा व इन्वर्टर भी था। जिसको चोरी करने के लिए लखनऊ जनपद के जवाहर सिंह का पुरवा मजरे बहरौली निवासी आयुष पुत्र रमेश चन्द्र, अरजानीखेड़ा निवासी महेश प्रसाद, विशाल कुमार, हरगोविंद, विपिन व शुभम साहू निवासी चौरासा बाराबंकी उस रात आए थे, और सामान लेकर जा रहे थे। चौकीदार ने विरोध किया जिसके बाद उसे वहीं पर पड़ी रस्सी से बांध कर उसका गला दबा दिया था। जिससे उसकी मौत हो गई थी। पुलिस को मृतक के बेटे ने तहरीर दी थी। घर वालों को परिवार के लोगो पर शक था। लेकिन पुलिस को तफ्तीश के दौरान कई अहम सुराग हाथ लगे। जिसके बाद एसओजी और स्थानीय पुलिस ने मिलकर सभी आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा है। आरोपियों के पास से चोरी हुआ सामान व पिकअप वाहन बरामद हुआ है। एसपी ने बताया कि आरोपियों का आपराधिक इतिहास देखा जा रहा है। गैंगेस्टर की कार्रवाई की जाएगी।

# कल राहुल विशेष कोर्ट में होंगे हाजिर

**सुलतानपुर, अमृत विचारः** केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह पर आपत्तिजनक टिप्पणी के मामले में कांग्रेस सांसद व लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी शुक्रवार को एमपी-एमएलए कोर्ट में हाजिर होंगे। कोर्ट ने राहुल गांधी का बयान दर्ज करने के लिए 26 जुलाई की तारीख नियत की है।



गौरतलब है कि बंगलुरु में एक जनसभा में राहुल गांधी ने अमित शाह पर आपत्तिजनक बयान बाजी की थी। जिसको लेकर कोतवाली देहात थाने के हनुमानगंज निवासी कोआपरेटिव के पूर्व चेयरमैन व बीजेपी नेता विजय मिश्रा ने 04 अगस्त 2018 को राहुल गांधी के खिलाफ मानहानि का मुकदमा दायर किया था, जिसमें राहुल की जमानत पहले ही हो चुकी है।

# परिवार नियोजन में अंतरा बनी महिलाओं की पहली पसंद

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचारः** परिवार नियोजन के अस्थाई साधनों में त्रैमासिक गर्भ निरोधक इंजेक्शन 'अंतरा' ने उपयोगिता सिद्ध करते हुए रिकार्ड कायम किया है। अंतरा को महिलाओं द्वारा काफी पसंद किया जा रहा है। साल 2023-24 में 13.60 लाख महिलाओं नें अंतरा को अपनाया है, यह आंकड़ा पिछले चार सालों में सबसे ज्यादा है।

राष्ट्रीय स्वास्थय मिशन के महाप्रबन्धक डॉ. सूर्यांशु ओझा ने बताया कि राज्य में पिछले वित्तीय वर्ष 2023-24 में 13.60 लाख महिलाओं ने अंतरा इंजेक्शन अपनाया। 2022-23 में 9.65 लाख महिलाओं नें अंतरा का चुनाव किया। साल 2021-22 में छह लाख महिलाओं ने इसे लगवाया। वहीं वर्ष 2020-21 में 3.40 लाख महिलाओं ने अंतरा अपनाया। इससे पता चलता है कि इस अस्थाई साधन को महिलाओं ने तवज्जो दी है।

महाप्रबंधक ने बताया कि अंतरा इंजेक्शन अनचाहे गर्भ को रोकने और दो बच्चों के बीच अंतर रखने का सुरक्षित और प्रभावी अस्थायी गर्भनिरोधक विकल्प है। तीन माह के अंतराल पर लगने वाला यह इंजेक्शन जिला महिला अस्पताल, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों, शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों, आयुष्मान आरोग्य मंदिर व उपकेन्द्रों पर लगाया जाता है।

### प्रोत्साहन राशि भी मिलती है

अंतरा इंजेक्शन लगवाने पर हर लाभार्थी महिला को हर तीन महीने पर 100 रुपए प्रति डोज दिए जाते हैं। साथ ही अंतरा गर्भनिरोधक से जुड़ी किसी भी तरह की जानकारी टोल फ्री नंबर 104 के जरिए ली जा सकती है।

# पूर्व विधायक करवरिया को मिली समय पूर्व रिहाई

**अमृत विचार, प्रयागराज:** नैनी सेंटल जेल मे बंद करवरिया बंधुओ मे भाजपा के पूर्व विधायक उदय भान करवरिया को राज्यपाल के आदेश पर समय पूर्व रिहाई का आदेश शुक्रवार को जारी कर दिया गया।

सन 1996 में एके 47 से हुई विधायक की हत्या के आरोपी पूर्व विधायक उदयभान करवरिया को उत्तर प्रदेश के राज्यपाल अनंदी बेन पटेल भारत का संविधान के अनुच्छेद-161 के अधीन शक्तियों का प्रयोग करते हुए केन्द्रीय कारागार, नैनी, प्रयागराज में रहे निरूद्ध सिद्धदोष बंदी उदयभान करवरिया पुत्र स्व वशिष्ट मुनि करवरिया को उनके अच्छे आचरण और समयापूर्व पर रिहाई का आदेश जारी कर दिया है। उदयभान करवरिया पर 30के तहत मुकदमा दर्ज किया गया था। साथ ही 04 नवंबर 2019 को आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई थी। इसके बाद 30 जुलाई 2023 तक 08 वर्ष 03 माह 22 दिन की अपरिहार सजा और 08 वर्ष 09 माह 11 दिन की सपरिहार काटी गई।

# रेलवे में निवेश पर जोर : वैष्णव

## बजट को लेकर रेल मंत्री ने वीडियो कान्फ्रेंसिंग से की चर्चा

संवाददाता, नई दिल्ली

**अमृत विचार :** रेल मंत्री अश्वनी वैष्णव ने बजट में भारतीय रेलवे के लिए किए गए प्रावधानों पर वीडियों कान्फ्रेंसिंग से चर्चा करते हुए बताया कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में विगत 10 वर्षों में रेलवे के विकास के लिए रणनीति में बदलाव कर अधिकाधिक निवेश पर बल दिया गया है, जिससे रेलवे पर संरक्षा, इन्फ्रास्ट्रक्चर का विस्तार, आधुनिकीकरण और यात्री सुविधाओं पर विशेष ध्यान दिया गया है। वर्ष 2024-25 में रेलवे को 2,62,200 करोड़ रूपए के बजट का प्रावधान किया गया है जो अभी तक का सर्वाधिक है। रेलवे में संरक्षा को सुदृढ़ करने के लिए इस बजट में 108 हजार करोड़ करोड़ रूपए का आंवटन किया गया है।

रेलमंत्री ने संरक्षा को रेलवे का महत्वपूर्ण विषय बताते हुए कहा कि गत वर्ष भारतीय रेलवे पर सरंक्षा सम्बंधित मदों पर 98 हजार करोड़ रूपए का व्यय किया गया है। रेलमंत्री ने कहा कि भारतीय रेलवे पर कवच प्रणाली से संबंधित कार्यों को पूरा कर लिया गया है और आरडीएसओ द्वारा कवच 4.0 वर्जन को अंतिम रूप दिया गया है, अब इस अत्यानुधिक कवच प्रणाली को विभिन्न रेलमार्गों पर लगाए जाने की कार्ययोजना तैयार की जा रही है। वहीं महाप्रबंधक-उत्तर पश्चिम रेलवे अमिताभ ने कहा कि राजस्थान में इन्फ्रास्ट्रक्चर कार्यों के लिए पर्याप्त बजट प्रदान किया गया है तथा रेल परियोजनाओ के लिए आवश्यक जमीन हेतु भूमि अधिग्रहण में राज्य सरकार का सहयोग मिल रहा है।



वीडियो कान्फ्रेंसिंग करते रेल मंत्री अश्वनी वैष्णव।

# आरपीएफ की विशेष टीम ने शातिरों को दबोचा

नई दिल्ली

**अमृत विचार :** यात्रियों के सामान, विशेषकर फोन की चोरी के संबंध में रेल मदद ऐप पर प्राप्त शिकायतों के बाद, आईजी/आरपीएफ/उत्तर रेलवे, बड़ौदा हाउस ने जीआरपी के साथ मिलकर कार्रवाई करने और इन चोरियों में शामिल अपराधियों को पकड़ने के लिए आरपीएफ की एक विशेष टीम गठित की।

आरपीएफ बड़ौदा हाउस, नई दिल्ली की टीम ने जीआरपी गाजियाबाद के समन्वय से गाजियाबाद स्टेशन के प्लेटफॉर्म 5 और 6 से तीन अपराधियों को पकड़ लिया और उनके कब्जे से 128 मोबाइल बरामद किए, जो उन्होंने पिछले 15 दिनों में विभिन्न ट्रेनों से चुराए थे। जब्त फोन की कुल कीमत 35.20 लाख रुपये है।प्रत्येक अपराधी के खिलाफ पहले कम से कम दो से तीन आपराधिक मामले दर्ज हैं।

बरामद किए गए सभी मोबाइल फोन दिल्ली से चलने वाली या दिल्ली से गुजरने वाली ट्रेनों से चुराए गए थे, जब यात्रियों ने फोन को चार्जिंग के लिए रखा था या सो रहे थे। बताया जाता है कि आरोपी रिसीवर मोबाइल फोन प्राप्त करता था और उन्हें बांग्लादेश सीमा पर ले जाता था। फिर फोन बांग्लादेश में बेचे जाते थे, जहां से उनके आई एम आई नंबर का पता करना संभव नहीं हो पाता था।

### दिल्ली सराय-भुज सुपरफास्ट एक्सप्रेस का किया गया विस्तार

**नई दिल्ली, अमृत विचार :** रेलवे प्रशासन द्वारा यात्रियों की सुविधा हेतु भुज-दिल्ली सराय-भुज द्वि-साप्ताहिक सुपरफास्ट एक्सप्रेस नई रेलसेवा का संचालन किया जा रहा है। उत्तर पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसम्पर्क अधिकारी कैप्टन शशि किरण के अनुसार गाड़ी संख्या 20983, भुज-दिल्ली सराय द्वि-साप्ताहिक सुपरफास्ट एक्सप्रेस रेलसेवा 2 अगस्त से प्रत्येक मंगलवार व शुक्रवार को भुज से 17.00 बजे रवाना होकर बुधवार व शनिवार को जयपुर स्टेशन पर 6.50 बजे आगमन व 7.00 बजे प्रस्थान कर 12.20 बजे दिल्ली सराय पहुंचेगी। इसी प्रकार गाड़ी संख्या 20984, दिल्ली सराय-भुज द्वि-साप्ताहिक सुपरफास्ट एक्सप्रेस रेलसेवा दिनांक 2.08.24 से प्रत्येक बुधवार व शनिवार को दिल्ली सराय से 15.00 बजे रवाना होकर जयपुर स्टेशन पर 19.20 बजे आगमन व 19.30 बजे प्रस्थान कर गुरूवार व रविवार को 11.30 बजे भुज पहुंचेगी। यह रेलसेवा मार्ग में अंजार, गांधीधाम, भचाउ, भाभर, भीलडी, पालनपुर, आबूरोड, फालना, मारवाड़, ब्यावर, अजमेर, किशनगढ, जयपुर, अलवर, रेवाडी, गुरग्राम व दिल्ली कैंट स्टेशनों पर ठहराव करेगी। इस गाड़ी में कुल 22 डिब्बें होंगे।

### कानपुर में एक और बांग्लादेशी युवती को पकड़ा

**कानपुर, अमृत विचार।** कल्याणपुर थानाक्षेत्र के कश्यप नगर में रहने वाली बांग्लादेशी युवती नाजमा उर्फ पूजा को कोलकाता से शहर लाने वाली एक और बांग्लादेशी युवती को कल्याणपुर पुलिस ने बिठूर रोड से गिरफ्तार किया है। महिला की पहचान बांग्लादेश के कुमिला दवीरदार निवासी अखीमुन्शी उर्फ मधु सिंह के रूप में हुई है।


## वर्ग पहेली-141

**बाएं से दाएं**

1. 1. प्रतिमान युक्त 2. प्रतिमान के रूप में होने वाला 3. सामान्य से हट कर विशेष प्रकार की आकृति वाला।
6. नारी की स्वतंत्रता
7. दही मथने की लकड़ी की मथानी।
8. एक पक्षी, सिरोही या किलंहटी नामक चिड़िया।
9. 1. पार करने या जाने की क्रिया या भाव 2. व्रत या उपवास के बाद का पहला भोजन 3. तृप्ति; संतोष 4. उत्तीर्ण होना, परीक्षा या जांच में खरा उतरना 5. बादल 6. अध्ययन, पढ़ना 7. आगे बढ़ना 8. पूरा करना।
11. 1. पत्र, चिट्ठी 2. रेखा

**ऊपर से नीचे**

2. 1. कुल, वंश, नस्ल, कौम 2. व्यक्तित्व 4. अस्तित्व 5. शरीर।
3. 1. किसी क्षेत्र को नगरीय सुविधाओं से युक्त करने की क्रिया।
4. 1. सन्मार्ग पर चलने अथवा उस दिशा में प्रेरित करने वाला, आध्यात्मिक गुरु 2. गुरु की कृपा से बना ज्ञानी अथवा निपुण।
5. वीरों को जन्म देने वाली माता, वीर-माता, वीर-जननी।
8. 1. अगरचे, यद्यपि 2. हालांकि।
10. खंडित, विभक्त, कटा हुआ।



### वर्ग पहेली -140 का हल

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 ए | क | ता | ■ | ■ | 2 ज़ |
| कां | ■ | ■ | 3 अ | मी | न |
| श | ■ | ■ | सं | ■ | ख़ा |
| ■ | 4 ए | कां | ग | ■ | ■ |
| ■ | ट | ■ | ति | ■ | 5 बि |
| ■ | ल | ■ | ■ | 6 मे | वा |
| 7 फु | स | ला | ऊ | ■ | ई |

## सुडोकू -54

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 7 | 8 | 4 | | | | 5 |
| 4 | | | 7 | 2 | 9 | | 1 | |
| 3 | | | | | 6 | | | |
| | 1 | | | 8 | | 3 | | |
| | | 5 | 2 | | 4 | 6 | | |
| | | 2 | | 7 | | | 9 | |
| | | | 1 | | | | | 2 |
| | 8 | | 4 | 3 | 7 | | | 6 |
| 6 | | | | 5 | 2 | 7 | | |

### सुडोकू -53 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | 2 | 5 | 7 | 8 | 3 | 4 | 1 | 9 |
| 8 | 4 | 9 | 1 | 5 | 2 | 3 | 6 | 7 |
| 3 | 7 | 1 | 4 | 9 | 6 | 5 | 8 | 2 |
| 2 | 1 | 6 | 3 | 4 | 7 | 9 | 5 | 8 |
| 9 | 8 | 4 | 5 | 6 | 1 | 7 | 2 | 3 |
| 5 | 3 | 7 | 8 | 2 | 9 | 1 | 4 | 6 |
| 4 | 5 | 2 | 9 | 3 | 8 | 6 | 7 | 1 |
| 7 | 6 | 3 | 2 | 1 | 5 | 8 | 9 | 4 |
| 1 | 9 | 8 | 6 | 7 | 4 | 2 | 3 | 5 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 25 जुलाई गुरुवार 2024 संवत-2081, शक संवत 1946 मास-श्रावण, पक्ष-कृष्ण पक्ष, तिथि-पंचमी 26 जुलाई 01.58 तक तत्पश्चात षष्ठी।

**मेष:** आज दिन की शुरुआत अच्छी रहेगी। आपको व्यर्थ बहसबाजी से बचना चाहिए। इसके कारण आपसे प्रियजन नाराज हो सकते हैं। मौसमी बीमारियों की चपेट में आ सकते हैं। ऑनलाइन पेमेंट में सावधानी रखें। परिजनों के प्रति अपना व्यवहार अच्छा रखें।

**वृष:** आज प्रतिष्ठित लोगों के साथ आपके संपर्क बनने वाले हैं। दिनचर्या काफी अच्छी रहेगी। परिवार का माहौल बहुत ही अच्छा रहने वाला है। जीवनसाथी को करियर संबंधित अच्छे अवसर मिल सकते हैं। इन अवसरों का लाभ भी अवश्य उठाएंगे।

**मिथुन:** आज कार्यक्षेत्र में दूसरों की गलती की भरपाई आपको करनी पड़ेगी। लंबित कार्य दोबारा शुरू हो सकते हैं। वैवाहिक जीवन सुखद रहेगा। परिजनों से मतभेद हो सकते हैं। बुजुर्ग लोगों से मार्गदर्शन लेते रहें इसके सार्थक परिणाम आपको प्राप्त होंगे।

**कर्क:** आज निर्माण कार्यों से जुड़े लोगों के काम में वृद्धि होगी। सरकारी योजनाओं का लाभ ले सकते हैं। पैरों में दर्द और ऐंठन की शिकायत हो सकती है। महिलाओं को कुछ थकान महसूस होगी। धार्मिक आयोजनों में सम्मिलित हो सकते हैं।

**सिंह:** आज शत्रु आपको नुकसान पहुंचाने का प्रयास कर सकते हैं। धन की कमी के कारण थोड़े परेशान रहेंगे। आपको तनाव लेने से बचना चाहिए। बौद्धिक विमर्श व चर्चाओं में आप भाग ले सकते हैं। जीवनसाथी को लेकर आप कुछ परेशान रहेंगे।

**कन्या:** आज नए कार्यों की शुरुआत के लिए दिन अच्छा है। व्यवसाय में आकस्मिक धन लाभ हो सकता है। महत्वपूर्ण अनुबंध होने के योग बन रहे हैं। आपके लिए दिन शुभ रहने वाला है। अपने परिजनों की आवश्यकताओं को पूरा करने में कसर न छोड़ें।

**तुला:** आज वाहन चलाते वक्त सावधानी रखें। कार्यक्षेत्र में लोगों का व्यवहार आपके अनुकूल नहीं रहेगा। पेटदर्द की शिकायत हो सकती है। धर्म-कर्म के प्रति रुचि और आस्था बनाए रखें। बच्चों के भविष्य को लेकर आप कुछ परेशान हो सकते हैं।

**वृश्चिक:** आज धन उधार देने से आपको बचना चाहिए। प्रतियोगी परीक्षाओं में कुछ बाधाओं के साथ सफलता मिलेगी। छोटी बातों पर अनावश्यक उलझने से आपको बचना चाहिए। सरकारी कार्यों में अपेक्षाकृत लाभ नहीं मिलेगा। प्रेमी जन की बातों का आपको बुरा लग सकता है।


**धनु:** आज आकस्मिक धन हानि हो सकती है। अनावश्यक यात्राओं से आपको बचना चाहिए। आप कुछ परेशान से रहेंगे। मित्रों व परिजनों से मतभेद हो सकते हैं। भविष्य को लेकर थोड़े आशंकित रहेंगे। किसी पुराने मित्र से मुलाकात हो सकती है।

**मकर:** आज व्यवसाय में काफी अच्छा धन लाभ होगा। लेनदेन से जुड़े कार्यों में सफलता मिलेगी। आप काफी प्रसन्न रहेंगे। दुर्लभ वस्तुओं की प्राप्ति हो सकती है। अधिकारी वर्ग के लोग आपकी पदोन्नति को लेकर कुछ निर्णय ले सकते हैं।

**कुंभ:** आज अपनी वक्तव्य शैली से लोगों को प्रभावित करेंगे। आपके भीतर नया काम करने को लेकर इच्छा जागृत होगी। मित्रों के ऊपर धन खर्च होगा। अधिकारियों के सामने अपनी योग्यता का परिचय देंगे। उच्च पद प्राप्ति के योग बन रहे हैं।

**मीन:** आज किसी पर ज्यादा निर्भरता होना उचित नहीं है। आपकी संवादशैली काफी आकर्षक रहेगी। व्यवसाय में व्यय होने के योग बन रहे हैं। रुके हुए मामलों को सुलझाने में सफल रहेंगे। विदेश यात्रा के योग बन रहे हैं।

## आज का पंचांग




**दिशाशूल**-दक्षिण। **ऋतु**-वर्षा। चन्द्रबल-मेष, वृषभ, सिंह, कन्या, धनु, कुंभ। ताराबल-भरणी, रोहिणी, आर्द्रा, पुनर्वसु, पुष्य, आश्लेषा, पूर्वा फाल्गुनी, हस्त, स्वाति, विशाखा, अनुराधा, ज्येष्ठा, पूर्वाषाढ़ा, श्रवण, शतभिषा, पूर्वाभाद्रपद, उत्तराभाद्रपद, रेवती। नक्षत्र-पूर्व भाद्रपद 16.16 तक तत्पश्चात उत्तर भाद्रपद।

## आज की फिल्में

**B4U Movies**
- धड़कन — सुबह : 10.48
- जख्मी सिपाही — रात : 07.00

**&pictures**
- एक विवाह ऐसा भी — सुबह : 11.20
- गो गोआ गॉन — रात : 08.00

**Sony PIX**
- जस्टिस लीग — सुबह : 11.18
- गॉडजिला — रात : 09.00

**Zee Cinema**
- सिंबा — दोपहर : 12.18
- अखंडा — रात : 08.00

**Colors Cineplex**
- बू — सुबह : 11.12
- खतरनाक खिलाड़ी — शाम : 05.39

### आज की सुपरहिट फिल्म




सोनी पिक्स पर रात : 09.00 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

अध्यापक ने कक्षा में पूछा-सीनियर और जूनियर में क्या अंतर है?
पप्पू ने हाथ खड़ा किया
शिक्षक ने कहा-शाबाश बेटा, बताओ?
पप्पू- सर, जो समुद्र के पास रहता हो वो सीनियर (सी-नियर) और जो चिड़ियाघर के पास रहता हो वो जूनियर (जू-नियर)।

पति - सुनो, तुमने मुझमें ऐसा क्या देखा था जो मुझसे शादी के लिए हां कर दी।
पत्नी — मैंने बालकनी से आपको एक-दो बार बर्तन साफ करते हुए देखा था।

## एक नजर

### आईएनएस ब्रह्मपुत्र : लापता नाविक का शव मिला

नई दिल्ली : मुंबई स्थित नौसैन्य डॉकयार्ड में भारत के प्रमुख युद्धपोत आईएनएस ब्रह्मपुत्र में लगी भीषण आग के बाद लापता हुए मुख्य नाविक सितेन्द्र सिंह का शव बुधवार को बरामद कर लिया गया। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि रविवार शाम को आग लगने के बाद युद्धपोत बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया और एक ओर झुक गया। नौसेना के प्रवक्ता कमांडर विवेक मधवाल ने कहा कि गहन अभियान के बाद बुधवार को मुख्य नाविक सितेन्द्र सिंह का शव बरामद कर लिया गया। मधवाल ने कहा कि नौसेना प्रमुख ने आईएनएस ब्रह्मपुत्र को फिर से समुद्री अभियानों में सक्षम बनाने और लड़ाकू भूमिका के लिए तैयार करने के निर्देश जारी किए हैं। कहा कि नौसेना मुख्य नाविक की मौत पर दुख की इस घड़ी में शोक संतृप्त परिवार के साथ खड़ी है।

### तौकीर ने नदीम कुरैशी पर फिर जताया भरोसा

बरेली, अमृत विचार : आईएमसी प्रमुख मौलाना तौकीर रजा खां ने नदीम कुरैशी को एक बार फिर से संगठन में जिम्मेदारी दी है। उन्हें राष्ट्रीय कोर कमेटी में सदस्य के साथ प्रदेश का संगठन प्रभारी नामित किया है। पिछले दिनों आईएमसी प्रमुख ने लिविंग में रह रहे लड़की और लड़कों का सामूहिक निकाह कराने का एलान किया था। कार्यक्रम की अनुमति आईएमसी के संगठन प्रभारी नदीम कुरैशी के नाम से मांगी गई थी। प्रशासन ने कार्यक्रम की अनुमति देने से मना कर दिया था। बताते हैं कि आईएमसी प्रमुख की बिना अनुमति के नदीम कुरैशी ने कार्यक्रम स्थगित करने संबंधी पत्र प्रशासन को दिया था। इससे नाराज होकर मौलाना तौकीर रजा खां ने नदीम कुरैशी, डॉ. नफीस खान और मुनीर इदरीसी को पार्टी से निलंबित कर कारण बताओ नोटिस जारी किया था। अब आईएमसी प्रमुख ने एक बार फिर नदीम कुरैशी पर भरोसा जताते हुए उनका कद बढ़ाया और राष्ट्रीय कोर कमेटी में जगह दी है।

# गंगा में गिर रही गंदगी पर एनजीटी सख्त

## सुप्रीम कोर्ट के आदेश का अनुपालन न होने पर उत्तर प्रदेश के पर्यावरण सचिव को जारी किया नोटिस

नई दिल्ली, एजेंसी



**जिलाधिकारी से बंद किए गए नालों एवं नदी में गिर रहे अपशिष्ट जल पर मांगी विस्तृत रिपोर्ट**

राष्ट्रीय हरित अधिकरण (एनजीटी) ने तीन साल के भीतर जलमल शोधन संयंत्र स्थापित करने संबंधी उच्चतम न्यायालय के निर्देश का पालन नहीं करने पर उत्तर प्रदेश के पर्यावरण सचिव से जवाब मांगा है। अधिकरण वाराणसी में कई स्थानों पर गंगा नदी में सीवेज और घरेलू एवं अनुपचारित औद्योगिक अपशिष्ट जल छोड़े जाने के मामले की सुनवाई कर रहा था।

एनजीटी के अध्यक्ष न्यायमूर्ति प्रकाश श्रीवास्तव की पीठ ने पिछले सप्ताह पारित आदेश में कहा कि उत्तर प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (यूपीपीसीबी) ने आठ जुलाई को एक नई रिपोर्ट दाखिल की थी। रिपोर्ट के अनुसार, वाराणसी नगर निगम के अंतर्गत आंशिक रूप से बंद किए गए तीन वे नाले हैं जो गंगा नदी में अनुपचारित अपशिष्ट जल गिराते हैं। इसमें कहा गया है कि अन्य बंद नहीं किए गए नालों में चंदौली जिला पंचायत के अंतर्गत घुरहा नाला और नगर पालिका परिषद, पंडित दीनदयाल उपाध्याय नगर, चंदौली के अंतर्गत आने वाला रेलवे नाला शामिल हैं। रिपोर्ट के साथ संलग्न नालों की कुछ तस्वीरों पर गौर करते हुए अधिकरण ने कहा कि इनसे 'नालों की दयनीय स्थिति का पता चलता है, जहां वे गंगा नदी में अनुपचारित जलमल बहा रहे हैं।' अधिकरण ने कहा कि उच्चतम न्यायालय ने तीन साल के भीतर सामान्य अपशिष्ट उपचार संयंत्र (सीईटीपी) और सीवेज उपचार संयंत्र (एसटीपी) स्थापित करने के निर्देश जारी किए हैं तथा निर्देश को लागू करने की जिम्मेदारी राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के सदस्य सचिव और राज्य सरकार के पर्यावरण विभाग के सचिव की है।

कहा कि उच्चतम न्यायालय ने 22 फरवरी, 2017 को उपरोक्त निर्णय पारित किया था और तीन वर्ष की समयसीमा समाप्त हो गई है, फिर भी कार्रवाई पूरी नहीं हुई है। अधिकरण ने कहा कि उच्चतम न्यायालय के निर्देशों के अनुपालन के संबंध में रिपोर्ट दाखिल करने के लिए उपरोक्त प्रतिवादी को नोटिस दिया जाए। एनजीटी ने वाराणसी के जिलाधिकारी को बंद किए गए/आंशिक रूप से बंद किए गए नालों का विवरण और इन नालों से गंगा नदी में बहने वाले अपशिष्ट जल का विवरण/मात्रा का खुलासा करने का भी निर्देश दिया। मामले की अगली सुनवाई की तिथि 16 अक्टूबर तय की गई।

### गायक मुकेश की 100वीं जयंती पर डाक टिकट जारी

नई दिल्ली : केंद्र सरकार ने पार्श्व गायक मुकेश की 100वीं जयंती के अवसर पर उनके सम्मान में एक स्मारक टिकट जारी किया है। आकाशवाणी भवन में बुधवार को संस्कृति मंत्रालय द्वारा आयोजित एक समारोह में यह डाक टिकट जारी किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित केंद्रीय पर्यटन मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने गायक को भावभीनी श्रद्धांजलि दी और भारतीय संगीत में उनके महत्वपूर्ण योगदान तथा उनकी चिरस्थायी विरासत को याद किया।

# मुझे और मेरे परिवार वालों को मारने का था इरादा : सलमान

मुंबई, एजेंसी

**गोलीबारी मामले में दायर चार्जशीट में दर्ज अभिनेता के बयान से हुआ खुलासा**

बॉलीवुड अभिनेता सलमान खान ने पुलिस को बताया है कि उनका मानना है कि इस साल अप्रैल में उनके आवास पर गोलीबारी लॉरेंस विश्नोई गिरोह ने की थी और इरादा उन्हें तथा उनके परिवार के सदस्यों को मारना था।

अभिनेता खान का बयान घटना के सिलसिले में मुंबई पुलिस द्वारा यहां एक अदालत में दायर आरोपपत्र का हिस्सा है। खान ने पुलिस को बताया कि 14 अप्रैल की सुबह जब वह गैलेक्सी अपार्टमेंट स्थित अपने आवास में सो रहे थे, तब उन्होंने पटाखा फूटने जैसी कुछ आवाज सुनी। उन्होंने कहा कि उनके पुलिस अंगरक्षक ने सुबह करीब 4.55 बजे बताया कि मोटरसाइकिल सवार दो लोगों ने पहली मंजिल की बालकनी पर गोली चलाई है। खान ने कहा कि पहले भी उन्हें और उनके परिवार को नुकसान पहुंचाने की कोशिश की गई थी। बयान में कहा गया कि अभिनेता को बाद में पता चला कि गैंगस्टर लॉरेंस विश्नोई और उसके भाई अनमोल विश्नोई ने एक फेसबुक पोस्ट के माध्यम से हमले की जिम्मेदारी ली है।

# पेपर लीक मामले के मास्टरमाइंड राजीव नयन को मिली जमानत

विधि संवाददाता, प्रयागराज

**गैंगस्टर की कार्रवाई की वजह से अभी जेल में ही रहेगा नयन**

**अमृत विचार :** इलाहाबाद हाई कोर्ट ने बुधवार को उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित आरओ-एआरओ और पुलिस भर्ती पेपर लीक मामले के मास्टरमाइंड राजीव नयन मिश्रा उर्फ राहुल मिश्रा को बड़ी राहत देते हुए उसे जमानत दे दी।

उक्त आदेश न्यायमूर्ति संजय कुमार पचौरी की एकलपीठ ने प्रयागराज के सिविल लाइंस थाने में 2 मार्च को उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग के सचिव अशोक कुमार द्वारा दर्ज मामले में राजीव को राहत देते हुए पारित किया। इससे पहले राजीव नयन को मेरठ, नोएडा और कौशांबी में दर्ज मामलों में भी हाईकोर्ट से जमानत मिल चुकी है। कौशांबी पुलिस ने आरओ-एआरओ पेपर लीक मामले में मास्टरमाइंड राजीव नयन सहित 23 सदस्यों के खिलाफ गैंगस्टर एक्ट के तहत मामला दर्ज किया था। कौशांबी पुलिस ने मंझनपुर, कोखराज व प्रयागराज के सिविल लाइंस थाने में दर्ज मुकदमों को आधार बनाकर गैंगस्टर के तहत कार्रवाई की। इस कारण राजीव अभी जेल से बाहर नहीं आ सकेगा। इन दिनों वह मेरठ जेल में बंद है। मालूम हो कि 11 फरवरी 2024 को उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग ने कई शहरों में आरओ/एआरओ की भर्ती परीक्षा आयोजित कराई थी, जिसका पेपर राजीव ने प्रिंटिंग प्रेस के कर्मचारी सुशील रघुवंशी से 10 लाख में लिया था और इससे उसने लगभग एक करोड़ रुपये कमाए। परीक्षा में अनियमितता की बात सामने आने पर परीक्षा को रद करने की मांग लेकर प्रदेश के कई शहरों में हफ्तों तक उग्र प्रदर्शन हुआ। लगभग 20 दिनों के बाद सरकार ने परीक्षा रद कर दी थी। राजीव का नाम अब तक कुल चार भर्ती परीक्षाओं के पेपर लीक मामले में सामने आया है।

# मांस की दुकानें बंद करने के आदेश को चुनौती

विधि संवाददाता, प्रयागराज



**कांवड़ यात्रा मार्ग में मांस की दुकानें बंद करने का नगर निगम वाराणसी ने जारी किया था आदेश**

**अमृत विचार :** इलाहाबाद हाई कोर्ट में नगर निगम, वाराणसी द्वारा मांस की दुकानों को बंद करने के लिए जारी निर्देश को चुनौती देते हुए याचिका दाखिल की गई है।

दरअसल नगर निगम ने यह निर्देश जारी किया है कि सावन के महीने में कांवड़ यात्रा मार्ग पर स्थित मांस की दुकानों से गुजरते वक्त कांवरियों को परेशानी होती है, इसलिए कांवड़ मार्ग पर मांस की दुकानों को बंद करवा दिया जाए। इससे लगभग 100 दुकानें प्रभावित हो रही हैं। याचिका पर तत्काल सुनवाई की मांग करते हुए बताया गया है कि नगर निगम का निर्देश संविधान के अनुच्छेद 19(1)(जी) के तहत गारंटीकृत किसी भी व्यवसाय को करने की मौलिक स्वतंत्रता का उल्लंघन है। याचिका में यह भी बताया गया कि सावन में कांवड़ियों की प्रथा सदियों पुरानी है, जिसके दौरान मांस की दुकानें हमेशा खुली रहती थीं। इस तरह का निर्देश पारित करके अधिकारी पहचान के आधार पर बहिष्कार की भावना उत्पन्न करने का प्रयास कर रहे हैं। राष्ट्रीय लोकतांत्रिक पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष (कार्यकारी) मोहम्मद सुहैल द्वारा दाखिल याचिका में कहा गया है कि अधिकारियों ने इस तथ्य पर विचार किए बिना निर्देश पारित कर दिया कि उक्त निर्देश से दुकानदारों की आजीविका प्रभावित होगी। इस तरह का निर्णय व्यक्तिगत स्वतंत्रता और भोजन की पसंद के मौलिक अधिकार के उल्लंघन को बढ़ावा देता है, क्योंकि यह मांसाहार पसंद करने वाले लोगों को मनचाहा भोजन करने से रोकता है, साथ ही कोर्ट को यह भी बताया गया कि कई दुकानें किराए पर हैं और वर्ग विशेष की दुकानों के अचानक बंद होने से व्यवसाय तथा सामाजिक ताने-बाने पर बहुत बुरा असर पड़ेगा।

## आजम खां की याचिका खारिज

**प्रयागराज, अमृत विचार :** इलाहाबाद हाई कोर्ट ने सपा विधायक आजम खां द्वारा फिरोजाबाद में वर्ष 2007 में भड़काऊ भाषण देने पर दर्ज मामले में दाखिल आवेदन को नए सिरे से दाखिल करने की स्वतंत्रता के साथ वापस लेने की शर्त पर खारिज कर दिया। दरअसल सरकारी अधिवक्ता ने न्यायमूर्ति राजीव मिश्रा की एकलपीठ को बताया कि वर्तमान आवेदन याची के अधिवक्ता के वकालतनामे के बिना दाखिल किया गया है। अतः इसे खारिज किया जाना चाहिए। इस पर याची के अधिवक्ता ने कोर्ट से बेहतर विवरण और उचित राहत देते हुए नए सिरे से आवेदन दाखिल करने की अनुमति मांगी, जिसे कोर्ट ने स्वीकार कर लिया।

# एजी के आदेश के खिलाफ याचिका सुनवाई योग्य नहीं

विधि संवाददाता, प्रयागराज

**अमृत विचार :** इलाहाबाद हाई कोर्ट ने आपराधिक अवमानना कार्यवाही शुरू करने की अनुमति देने से इनकार करने पर महाधिवक्ता के खिलाफ दाखिल याचिका को सुनवाई योग्य न मानते हुए कहा कि एडवोकेट जनरल/अटॉर्नी जनरल द्वारा सहमति देने से इनकार करने के मामलों में कोर्ट द्वारा यह पता लगाने में समय व्यतीत करने से कोई उद्देश्य पूरा नहीं होगा कि एडवोकेट जनरल (एजी) को कैसे और क्या निर्णय देना चाहिए था।


कोर्ट ने सुप्रीम कोर्ट के आदेश का हवाला देते हुए कहा कि ऐसे मामलों में याची के पास हमेशा यह विकल्प होता है कि वह अपने पास मौजूद जानकारी न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत करे और न्यायालय से कार्यवाही करने का अनुरोध करे। उक्त आदेश न्यायमूर्ति शेखर बी.सराफ और न्यायमूर्ति मंजीव शुक्ला की खंडपीठ ने अरुण मिश्रा द्वारा दाखिल याचिका को खारिज करते हुए पारित किया। दरअसल एडवोकेट जनरल ने न्यायालय के अवमानना अधिनियम,1971 की धारा 15(3)(बी) के तहत आपराधिक अवमानना याचिका दाखिल करने के आवेदन पर सहमति देने से इनकार कर दिया था।

प्रवेश प्रारम्भ
बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी, बरेली
बी.आई.यू. कॉलेज ऑफ फार्मेसी
फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया (PCI), न्यू दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त
• डी. फार्मा (2 वर्षीय) • एम. फार्मा (फार्मास्यूटिक्स) (2 वर्षीय)
• बी. फार्मा (4 वर्षीय) • एम. फार्मा (फार्माकोलॉजी) (2 वर्षीय)
रोहिलखंड कॉलेज ऑफ फार्मेसी
फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया (PCI), न्यू दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त
• डी. फार्मा (2 वर्षीय) • बी. फार्मा (4 वर्षीय)
रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल कैंपस, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली (उत्तर प्रदेश)
केशलता कॉलेज ऑफ फार्मेसी
फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया (PCI), न्यू दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त
• डी. फार्मा (2 वर्षीय)
मो. 9457672942
केशलता हॉस्पिटल कैंपस, डेलापीर रोड, बरेली (उत्तर प्रदेश)
बी.आई.यू. कॉलेज ऑफ मैनेजमेंट
• एम.एच.ए. (2 वर्षीय) • एम.पी.एच. (2 वर्षीय)
रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल कैंपस, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली
For Registration : Online - www.biu.edu.in, offline - Admission Cell Administrative Block, BIU (9105500202), E-mail : repsbareilly@gmail.com, bareillyrcps@gmail.com
प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
डॉ. आशीष शर्मा (9258888866) श्रीमती रिचा गुप्ता (9634654778) योगेन्द्र सिंह (9760578366)

प्रवेश प्रारम्भ
बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी, बरेली
फैकल्टी ऑफ पैरामेडिकल साइंसेज
उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल फैकल्टी, लखनऊ द्वारा मान्यता प्राप्त
• बैचलर इन मेडिकल लेबोरेटरी साइंस (बी.एम.एल.एस.) (3 वर्षीय)
• बैचलर इन फिजियोथिरेपी (बी.पी.टी.) (4 वर्षीय)
• बैचलर ऑफ आप्टोमेट्री (बी. आप्टम) (3 वर्षीय)
• बैचलर इन मेडिकल रेडियोलॉजिक इमेजिंग टेक्नॉलाजी (बी.एम.आर.आई.) (3 वर्षीय)
• बैचलर इन ऑपरेशन थियेटर टेक्नोलॉजी (बी.ओ.टी.टी) (आगामी पाठ्यक्रम) (3 वर्षीय)
• एम.एस.सी. क्लीनिकल एंब्रियोलॉजी (आगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)
• मास्टर इन मेडिकल लेबोरेटरी साइंस (एम.एम.एल.एस. (आगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)
• मास्टर ऑफ फिजियोथिरेपी (एम.पी.टी.) (आगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)
फैकल्टी ऑफ फॉरेंसिक साइंसेज
• बी.एस.सी. फॉरेंसिक साइंस (3 वर्षीय) (डिग्री कोर्स)
• एम.एस.सी. फॉरेंसिक साइंस (2 वर्षीय) (डिग्री कोर्स)
रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल
उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल फैकल्टी, लखनऊ द्वारा मान्यता प्राप्त
• डिप्लोमा इन एक्स-रे टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
• डिप्लोमा इन लैब टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
• डिप्लोमा इन रेडियोथिरेपी टेक्नीशियन (आगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)
रोहिलखंड कॉलेज ऑफ पैरामेडिकल साइंसेज
उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल फैकल्टी, लखनऊ द्वारा मान्यता प्राप्त
• डिप्लोमा इन डायलेसिस टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
• डिप्लोमा इन एम.आर.आई. टेक्नीक्स (2 वर्षीय)
• डिप्लोमा इन इमरजेन्सी एण्ड ट्रामा केयर टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
• सर्टिफिकेट इन सेनीटेशन (1 वर्षीय)
For Registration : Online - www.biu.edu.in, offline - Admission Cell Administrative Block, BIU (9105500202), E-mail : repsbareilly@gmail.com, bareillyrcps@gmail.com
प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
डॉ. आशीष शर्मा (9105500202) श्रीमती रिचा गुप्ता (9105500404) डॉ. प्रशांत गुप्ता (8445508214)

# खून के हर कतरे का लिया जाएगा बदला : सिन्हा

श्रीनगर,एजेंसी



**जम्मू कश्मीर के राज्यपाल ने आतंकी हमलों को लेकर की टिप्पणी**

उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने बुधवार को यहां कहा कि पाकिस्तान जम्मू की प्रगति में बाधा डालने के लिए वहां शांति भंग करने की कोशिश कर रहा है, लेकिन आतंकवादियों द्वारा बहाए गए लोगों के खून के हर कतरे का बदला लिया जाएगा। पिछले 45 दिन में जम्मू क्षेत्र में हुए सिलसिलेवार आतंकवादी हमलों की पृष्ठभूमि में उन्होंने यह टिप्पणी की।

सिन्हा ने यहां राजभवन में एक समारोह में कहाद कि आज एक बार फिर आतंकी देश पाकिस्तान जम्मू संभाग में शांति भंग करने का प्रयास कर रहा है। वह इसकी प्रगति को रोकना चाहता है। उन्होंने कहा कि पुंछ-राजौरी से लेकर कठुआ-रियासी और डोडा तक, उन लोगों के परिवारों को निशाना बनाया जा रहा है जो अपना भविष्य उज्ज्वल बनाना चाहते हैं। एक बात हमेशा याद रखनी चाहिए कि पाकिस्तानी आतंकवादियों द्वारा बहाए गए (लोगों के) खून के हर कतरे का बदला जरूर लिया जाएगा।

## रक्षा प्रणाली के दूसरे चरण का परीक्षण सफल

**नई दिल्ली :** भारत ने बुधवार को अपनी बैलिस्टिक मिसाइल रक्षा प्रणाली के दूसरे चरण का सफलतापूर्वक परीक्षण किया। इस दौरान 5,000 किलोमीटर की दूरी तक मार करने वाली शत्रु मिसाइलों से बचाव की देश में ही विकसित क्षमताओं का प्रदर्शन किया गया। रक्षा मंत्रालय ने यह जानकारी दी। मंत्रालय ने एक विज्ञप्ति में बताया कि उड़ान परीक्षण के दौरान सभी परीक्षण लक्ष्यों को शत प्रतिशत प्राप्त किया गया जिससे सम्पूर्ण नेटवर्क-केंद्रित युद्ध अस्त्र प्रणाली की पुष्टि हुई। विज्ञप्ति के मुताबिक, मिसाइल का परीक्षण ओडिशा के चांदीपुर स्थित एकीकृत परीक्षण रेंज में किया गया।

# पुलिसकर्मियों पर दर्ज होगी हत्या की रिपोर्ट

जोधपुर, एजेंसी

**गैंगस्टर आनंदपाल मुठभेड़**



**कोर्ट ने पत्नी की याचिका पर की सीबीआई की क्लोजर रिपोर्ट खारिज**

केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) की एक अदालत ने 2017 में गैंगस्टर आनंदपाल सिंह के कथित फर्जी मुठभेड़ मामले में जांच एजेंसी की क्लोजर रिपोर्ट बुधवार को खारिज कर दी।

अदालत ने निर्देश दिया कि घटना में शामिल पुलिसकर्मियों के खिलाफ हत्या और अन्य आरोपों में मामला दर्ज किया जाए। अदालत का यह आदेश आनंदपाल की पत्नी राज कंवर की याचिका पर आया है, जिसमें उन्होंने सीबीआई की क्लोजर रिपोर्ट को चुनौती दी थी। सीबीआई ने अपनी रिपोर्ट में चूरू के तत्कालीन पुलिस अधीक्षक राहुल बारहट, उप पुलिस अधीक्षक (कुचामन सिटी) विद्या प्रकाश, निरीक्षक सूर्यवीर सिंह और अन्य को क्लीनचिट दे दी थी। गैंगस्टर आनंदपाल सिंह को 24 जून 2017 की रात चुरू के मालासर गांव में कथित मुठभेड़ में मारा गिराया गया था।

प्रवेश प्रारंभ
वरुण अर्जुन विश्वविद्यालय
कैम्पस : वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एण्ड रोहिलखण्ड हॉस्पिटल
एन.एच.-24, बन्थरा, शाहजहाँपुर, उत्तर प्रदेश-242307

| कोर्स | अवधि | योग्यता |
|---|---|---|
| एम.एस.सी. मेडिकल एनाटॉमी | 3 वर्ष | अभ्यर्थी को तीन वर्ष का स्नातक कार्यक्रम बीएससी उत्तीर्ण होना चाहिए, जिसमें 50% अंक प्राप्त हों (एससी/एसटी के लिए 45%) और जैविक विज्ञान एक विषय के रूप में हो या एमबीबीएस, बीडीएस, बीएएमएस, बीएचएमएस, बीपीटी, बी.फार्मा, बीएमएलटी, बीएमआरआईटी, बीएससी नर्सिंग में किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से उत्तीर्ण होना चाहिए। |
| एम.एस.सी. मेडिकल बायोकेमिस्ट्री | 3 वर्ष | |
| एम.एस.सी. फिजियोलॉजी | 3 वर्ष | |
| एम.एस.सी. मेडिकल माइक्रोबायोलॉजी | 3 वर्ष | |
| एम.एस.सी. फार्माकोलॉजी | 3 वर्ष | |
| बी.एस.सी. फोरेन्सीक साइंस | 3 वर्ष | पात्रता: 10+2 (पी.सी.एम./पी.सी.बी.) |

फैकल्टी ऑफ कॉमर्स एण्ड मैनेजमेंट

| कोर्स | अवधि | योग्यता |
|---|---|---|
| एम.एच.ए. (मास्टर ऑफ हॉस्पिटल एडमिनिस्ट्रेशन) | 2 वर्ष | किसी भी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से न्यूनतम 50% अंकों के साथ स्नातक की डिग्री पूरी की हो, अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति के उम्मीदवारों के लिए 45% अंक प्राप्त किए हों। |
| एम.पी.एच. (मास्टर इन पब्लिक हेल्थ) | 2 वर्ष | |

For Online Registration : www.vau.in, Contact No. 05842297879
E-mail : admission @vau.edu.in, info@vau.edu.in.
प्रवेश हेतु संपर्क करें
डॉ. अनिल पाल (डिप्टी रजिस्ट्रार) मो. 9956248504
डॉ. अमित सिंह (डिप्टी मेडिकल सपरिटेंडेन्ट) मो. 7521001987

## उत्तराखंड

# लोहाघाट में एसएसबी की बस पलटी, 19 जवान घायल

संवददाता, चम्पावत

**अमृत विचार :** लोहाघाट में पांचवी वाहिनी एसएसबी की बस अनियंत्रित होकर पलट गई। बस में सवार 19 जवान घायल हो गए। जवानों को मामूली चोटें आईं।

चम्पावत से पिथौरागढ़ जा रही पांचवीं वाहिनी एसएसबी की बस अनियंत्रित होकर बीच सड़क पर पलट गई। वाहन में 19 जवान सवार थे। सभी जवानों को मामूली चोटे आई हैं। घटना की सूचना मिलते ही बाराकोट चौकी पुलिस और लोहाघाट 112 पीसीआर की टीम मौके पर पहुंची। पुलिस ने सभी घायल जवानों को उपचार के लिए अस्पताल भिजवाया। बताते हैं कि बस का ब्रेक फेल हो गया था। चालक ने सूझबूझ का परिचय देते हुए बस को पहाड़ी से टकरा दिया। पहाड़ी से टकराकर बस सड़क पर पलट गई। बस पलटते ही चीख-पुकार मच गई। जवान जैसे-तैसे बस से बाहर आए। घटना होते ही आसपास मौजूद लोग भी बचाव के लिए वहां पहुंच गए । प्रत्यक्षदर्शियों का कहना है कि अगर बस पहाड़ी के बजाय खाई की ओर जाती तो बड़ा हादसा हो सकता था। जवानों को हल्की चोटें आई हैं।



लोहाघाट में सड़क पर पलटी एसएसबी की बस।

# मुख्यमंत्री ने किए बाबा केदारनाथ के दर्शन

ब्यूरो, देहरादून

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी बुधवार को श्री केदारनाथ धाम पहुंचे। यहां उन्होंने बाबा केदारनाथ का रुद्राभिषेक एवं विशेष पूजा अर्चना कर प्रदेश की खुशहाली एवं विश्व कल्याण की कामना की। इसके बाद उन्होंने केदारपुरी में चल रहे पुनर्निर्माण कार्यों की समीक्षा की।

करीब 20 मिनट पूजा के बाद मुख्यमंत्री ने धाम में दर्शन करने पहुंचे श्रद्धालुओं एवं स्थानीय लोगों का अभिवादन कर श्रावण मास की शुभकामनाएं दीं। मुख्यमंत्री ने तीर्थ पुरोहितों से मिलकर धाम में चल रहे निर्माण एवं अन्य कार्यों के बारे में जानकारी ली व सुझाव मांगे।



बाबा केदार के दर्शन को पहुंचे पुष्कर सिंह धामी

## लखनऊ मंडी

**अनाज प्रति कुन्तल** गेहूँ (आरआर 21) 2360-2800 गेहूँ (के 65) 3500-3800 बाजरा 2200-2300 मक्का 2700-2800 जौ 2900-3000 **चावल प्रति कुन्तल** चावल सेल्हा 2800-3100 चावल बासमती 7000-8000 चावल मोटा 2800-3000 चावल मन्सूरी 3200-3500 चावल शक्कर चीनी 4800-5200 चावल गोल्डन सेल्हा 5600-8600 चावल राजरानी 7000-7500 **दाल दलहन** चना देशी 6800-7000 चना फार्मी 7200-7500 चना काबली 14500-17000 मटर हरा 6000-6200 मटर सफेद 6100-6500 दाल चना 8000-8400 दाल मटर 6400-6500 उड़द हरा 12000-12500 उड़द काला 9000-9500 दाल उड़द हरी 15500-16000 दाल उड़द काली 10500-11000 दाल उड़द धोवा 12000-12500 मूँग खड़ा 10000-10500 मूँग दाल 10500-11000 मूँग धोवा 12000-13000 मसूर 8800-9000 मलका 9000-9500 दाल अरहर फूल 16000-17000 दाल स्पेशल 13000-14000 राज्मा सफेद 13000-14000 राज्मा काला 11500-12500 मूँगफली का दाना 11000-12000 तेल तिलहन अलसी 5310-5510 लाही 4800-5200 काली सरसों 4900-5300 पीली सरसों 5600-5800 तेल सरसों (प्रति 15 ) 1475-1900 तेल अलसी 2600-2700 तेल तिल्ली 2600-2700 तेल मूँगफली रिफाइन्ड 3400-3500 तेल नारियल 2700-2800 तेल सोयाबीन 1650-1700 **वनस्पति** बावर्ची 1900 रथ 1950 चीनी (एम 30) 4250 चीनी (एस 30) 4100 गुड़ पंसेरा 5000 गुड लड्डू 5200 मैदा 3000-3100 आटा 2700-2900

## सर्राफा

लखनऊ

| | |
|---|---|
| सोना स्टैंडर्ड | 72,700 |
| सोना रवा | 72,550 |
| सोना गिन्नी (प्रति नग) | 42,500 |
| चांदी तैयार | 88,100 |
| चांदी (999) | 88,000 |
| चांदी सिक्के (100 नग) | 80,000 |

# कर कम किए जाने से रियल एस्टेट को होगा लाभ

## वित्त मंत्री बोलीं- दीर्घकालिक पूंजीगत लाभ कर को बगैर इंडेक्सेशन के 20 से कम कर 12.5% किया

नई दिल्ली, एजेंसी



- रियल एस्टेट पर वार्षिक रिटर्न 12 से 16 प्रतिशत होता है जो महंगाई से अधिक है

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने बुधवार को कहा कि आम बजट में दीर्घकालिक पूंजीगत लाभ कर को बगैर इंडेक्शेशन के 20 प्रतिशत से कम कर 12.5 प्रतिशत किये जाने से सभी मामले में रियल एस्टेट लाभ में ही रहेगा। सीतारमण ने अनौपचारिक चर्चा में कहा कि इंडेक्सेशन के साथ 20 प्रतिशत कर देना पड़ता था, लेकिन अब इसके बगैर 12.5 प्रतिशत कर लगेगा। आम तौर पर रियल एस्टेट पर वार्षिक रिटर्न 12 से 16 प्रतिशत होता है जो महंगाई से अधिक है।

महंगाई का इंडेक्सेशन चार से पांच प्रतिशत होता है जो संपत्ति को रखने की अवधि पर निर्भर करता है। इसलिए इस तरह के अधिकांश मामलों में करदाताओं को कर की बचत ही होगी। उन्होंने कहा कि नई कर दर से अधिकांश मामलों में लाभ होगा। इस मामले में यदि संपत्ति को पांच वर्ष रखा जाता है और संपत्ति पर रिटर्न में 1.7 गुना की बढ़ोतरी होगी तो इस मामले में नयी व्यवस्था लाभकारी है। यदि संपत्ति को 10 वर्ष रखा जाता है और रिटर्न 2.4 गुना होता है तब भी इससे करदाता को लाभ होगा। जब संपत्ति पर 9 से 11 प्रतिशत वार्षिक रिटर्न मिलेगा तब नयी कर में करदाता को नुकसान होगा हालांकि रियल एस्टेट में ऐसा होना अव्यवहारिक है। उन्होंने कहा कि किसी भी कर सरलीकरण का लाभ करदाताओं को ही होता है क्योंकि इससे अनुपालन का भार कम होता है और रिकार्ड रखने की जरूरत समाप्त हो जाती है। सीतारमण ने कहा कि नयी व्यक्तिगत कर प्रणाली भी सभी के लिए लाभकारी है। इसमें कम कर देने के बाद जो बचत होगी उसका उपयोग करदाता अपने जरूरत के अनुसार कर सकेगा।

### एलटीसीजी में कमी से करदाताओं को होगी पर्याप्त कर बचत

**नई दिल्ली।** आयकर विभाग ने कहा कि रियल एस्टेट क्षेत्र में दीर्घकालिक पूंजीगत लाभ कर (एलटीसीजी) की दर में कटौती से करदाताओं को पर्याप्त कर बचत होने की उम्मीद है। बजट में दीर्घावधि तक रखी गई आवास संपत्तियों की बिक्री से अर्जित पूंजीगत लाभ पर कर की दरें कम कर दी गई हैं, लेकिन करदाताओं को मिलने वाला इंडेक्सेशन लाभ हटाया गया है। इंडेक्सेशन लाभों से तात्पर्य पूंजीगत लाभ कर की गणना के लिए सम्पति के मूल्य से मुद्रास्फीति को समायोजित करने की व्यवस्था समाप्त करना है। आयकर विभाग ने एक्स पर लिखा, नाममात्र अचल संपत्ति रिटर्न आम तौर पर 12-16 प्रतिशत प्रति वर्ष के आसपास है, जो मुद्रास्फीति से बहुत अधिक है।मुद्रास्फीति के लिए इंडेक्सेशन चार से पांच प्रतिशत के आसपास है, जो संपत्ति को कितने समय के लिए पास रखा गया इस पर निर्भर करता है।

### इंडेक्सेशन लाभ हटाने से विक्रेताओं को होगा नुकसान

पुरानी संपत्ति की बिक्री करते समय मुद्रास्फीति के समायोजन पर विचार नहीं किए जाने से निवेशकों को नुकसान हो सकता है। विशेषज्ञों ने यह बात कही। सरकार ने आम बजट में अचल संपत्तियों पर दीर्घकालिक पूंजीगत लाभ (एलटीसीजी) कर को घटाया है और मुद्रास्फीति के समायोजन (इंडेक्सेशन) से जुड़े लाभ हटाने का प्रस्ताव रखा। विशेषज्ञों ने इस कदम को विक्रेताओं के लिए नकारात्मक बताया है। प्रस्ताव पर डेलॉयट इंडिया की साझेदार आरती रावते ने कहा कि इंडेक्सेशन के बिना एलटीसीजी का करदाताओं पर उल्लेखनीय प्रभाव पड़ेगा। यदि मुद्रास्फीति के समायोजन पर विचार नहीं किया गया तो निवेशकों को नुकसान होगा। इक्रा की उपाध्यक्ष और सह-समूह प्रमुख (कॉरपोरेट रेटिंग्स) अनुपमा रेड्डी ने भी कहा कि एलटीसीजी कर की दर में कमी के बावजूद रियल एस्टेट क्षेत्र पर दीर्घकालिक रिटर्न को देखते हुए, संपत्ति की बिक्री के समय इंडेक्सेशन लाभ को हटाने से कर में वृद्धि होने की संभावना है।

# बजट कृषि के निगमीकरण को देगा बढ़ावा : एसकेएम

नई दिल्ली, एजेंसी

- यह तीन कृषि कानूनों के प्रावधानों के पिछले दरवाजे से प्रवेश का भी रास्ता बनाने वाला

संयुक्त किसान मोर्चा (एसकेएम) ने बुधवार को कहा कि केंद्रीय बजट कृषि के निगमीकरण को बढ़ावा देगा। एसकेएम ने आरोप लगाया कि यह तीन कृषि कानूनों के प्रावधानों के पिछले दरवाजे से प्रवेश का भी रास्ता बनाने वाला है। इन कानूनों को लगभग दो साल पहले निरस्त कर दिया गया था।

संयुक्त किसान मोर्चा ने कहा कि वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा पेश बजट में किसानों की स्थिति में सुधार के लिए कोई प्रावधान नहीं है और वे विरोध में बजट की प्रतियां जलाएंगे। भाकियू नेता राकेश टिकैत ने कहा कि बजट में किसानों के लिए कुछ नहीं है। यह पिछले साल जैसा ही है। बिहार को वित्तीय पैकेज दिए गए हैं, कृषि क्षेत्र की अनदेखी हुई है और राज्य में मजबूत मंडी प्रणाली बनाने के लिए कोई प्रावधान नहीं हैं। अखिल भारतीय किसान महासभा के आशीष मित्तल ने कहा कि बजट में प्राकृतिक खेती से जुड़ी घोषणा से उत्पादन में गिरावट आ सकती है। वे एक करोड़ किसानों को प्राकृतिक खेती के लिए प्रशिक्षित करने जा रहे हैं। जय किसान आंदोलन के नेता अविक साहा ने कहा कि यह बजट कृषि कानूनों के प्रावधानों को पिछले दरवाजे से प्रवेश देने की कोशिश कर रहा है। बजट में किसान अदृश्य हैं। एसकेएम ने कहा कि बजट किसानों और श्रमिकों की कीमत पर कृषि के निगमीकरण की ओर ले जाएगा और राज्य सरकारों के अधिकारों को छीन लेगा, जो संविधान के संघीय चरित्र की मूल अवधारणा का उल्लंघन है।

# चौथे दिन भी गिरावट, सेंसेक्स 280 अंक लुढ़का

- बैंकिंग शेयरों में बिकवाली से निफ्टी भी 65.55 अंक टूटा

मुंबई, एजेंसी

वित्तीय एवं बैंकिंग शेयरों में बिकवाली और प्रतिभूति लेनदेन कर एवं अल्पावधि पूंजीगत लाभ कर में बढ़ोतरी से बुधवार को शेयर बाजार में लगातार चौथे कारोबारी सत्र में गिरावट आई। बीएसई का सेंसेक्स 280.16 अंक यानी 0.35% की गिरावट के साथ 80,148.88 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान यह 678.53 अंक तक फिसलकर 79,750.51 अंक पर आया था। एनएसई का सूचकांक निफ्टी भी 65.55 अंक यानी 0.27% गिरकर 24,413.50 अंक पर बंद हुआ। बजाज फिनसर्व के शेयर में दो प्रतिशत की गिरावट आई। बजाज फाइनेंस, हिंदुस्तान यूनिलीवर, कोटक महिंद्रा बैंक, अदाणी पोर्ट्स, एक्सिस बैंक और भारतीय स्टेट बैंक के शेयर भी गिरावट के साथ बंद हुए। टेक महिंद्रा, आईटीसी, एनटीपीसी, टाटा मोटर्स और सन फार्मा के शेयर बढ़त के साथ बंद हुए।

### स्मॉलकैप 1.91% और मिडकैप 0.68% चढ़ा

बाजार में बीएसई स्मॉलकैप सूचकांक 1.91 प्रतिशत और मिडकैप 0.68 प्रतिशत चढ़ा। एशिया के अन्य बाजारों में दक्षिण कोरिया का कॉस्पी, जापान का निक्की, चीन का शंघाई कम्पोजिट और हांगकांग का हैंगसेंग गिरावट के साथ बंद हुए। यूरोपीय बाजार भी गिरावट के साथ कारोबार कर रहे थे। मंगलवार को अमेरिकी बाजारों में मामूली नुकसान दर्ज किया गया। शेयर बाजार के आंकड़ों के मुताबिक, विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) ने मंगलवार को 2,975.31 करोड़ रुपये के शेयर बेचे। अंतर्राष्ट्रीय तेल मानक ब्रेंट क्रूड 0.75 प्रतिशत उछलकर 81.62 डॉलर प्रति बैरल पर पहुंच गया। बजट पेश किए जाने के साथ वायदा एवं विकल्प सौदों पर एसटीटी को बढ़ाने का प्रस्ताव रखने के बाद सेंसेक्स 1,277.76 अंक यानी 1.58 प्रतिशत तक टूट गया था। बाद में यह काफी हद तक भरपाई करने में सफल रहा था।

# एंजल कर : निवेश पर कर नहीं होना चाहिए : डीपीआईआईटी

नई दिल्ली, एजेंसी



स्टार्टअप के लिए एंजल कर को हटाना एक लंबित मुद्दा था, क्योंकि यह कर देश में आने वाले निवेश पर लगाया जाता था और इस तरह के विदेशी निवेश पर कर नहीं लगाया जाना चाहिए। उद्योग संवर्धन एवं आंतरिक व्यापार विभाग (डीपीआईआईटी) के सचिव राजेश सिंह ने कहा कि इस निर्णय से विदेशी निवेश आकर्षित करने, नवाचार को बढ़ावा देने तथा स्टार्टअप परिवेश को और मजबूत करने में मदद मिलेगी।

सिंह ने कहा कि यह कारोबार सुगमता का मुद्दा होने के साथ कर का मुद्दा भी था। अंततः यह आय पर नहीं बल्कि निवेश पर कर था और निवेश पर कर नहीं लगना चाहिए, यही मूल विचार है। एंजल कर (30% से अधिक की दर से आयकर) का मतलब वह आयकर है जो सरकार गैर-सूचीबद्ध कंपनियों या स्टार्टअप द्वारा जुटाई राशि पर लगाती है।

# एमएसएमई के लिए कर्ज गारंटी योजना से विनिर्माण को मिलेगा बढ़ावा

**नई दिल्ली।** तमाम वस्तुओं पर सीमा शुल्क में कटौती, एमएसएमई के लिए ऋण गारंटी योजना और ई-कॉमर्स केंद्र की स्थापना जैसी बजट घोषणाओं से घरेलू विनिर्माण और निर्यात को बढ़ावा मिलेगा। विशेषज्ञों ने कहा कि स्पैन्डेक्स, चमड़ा और समुद्री सामान जैसे सामान पर सीमा शुल्क कम करने से उद्योग को आत्मनिर्भर बनने में मदद मिलेगी।

परिधान निर्यात संवर्धन परिषद (एईपीसी) के चेयरमैन सुधीर सेखरी ने कहा कि परिधान उद्योग आईजीसीआर (रियायती दरों पर वस्तुओं का आयात) के तहत ट्रिम्स और एम्बेलिशमेंट का विस्तार करने की सराहना करता है, जिससे तैयार कपड़ों की निर्यात को बढ़ाने में मदद मिलेगी। विनिर्माण क्षेत्र में एमएसएमई के लिए ऋण गारंटी योजना के तहत सीमा में वृद्धि, औपचारिक क्षेत्रों में नए प्रवेशकों को 15,000 रुपये तक महीने का वेतन देना, नए विनिर्माण कर्मचारियों के लिए 4 साल तक ईपीएफओ अंशदान और परिधान उद्योग को बढ़ाने और भविष्य के लिए तैयार करने में मदद करेगा।

## राष्ट्रीय

## एक नजर

### कंगना के निर्वाचन को दी चुनौती, नोटिस जारी

**शिमला।** हिमाचल हाईकोर्ट ने किन्नौर निवासी की याचिका पर भाजपा सांसद कंगना रनौत को बुधवार को नोटिस जारी किया। याचिका में मंडी से सांसद कंगना के निर्वाचन को रद करने का अनुरोध करते हुए दलील दी गई है कि इस लोकसभा सीट से चुनाव लड़ने के लिए याचिकाकर्ता लायक राम नेगी के नामांकन पत्र को गलत तरीके से रद किया गया था। नोटिस जारी करते हुए न्यायमूर्ति ज्योत्सना रेवाल ने रनौत को 21 अगस्त तक जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया। रनौत ने मंडी सीट से कांग्रेस उम्मीदवार विक्रमादित्य सिंह को 74,755 मतों के अंतर से हराकर जीत हासिल की थी।

### खालिद की जमानत पर कोर्ट ने पुलिस से मांगा जवाब

**नई दिल्ली।** दिल्ली हाईकोर्ट ने फरवरी 2020 में दिल्ली में हुए दंगों के पीछे कथित साजिश से जुड़े गैरकानूनी गतिविधियां (रोकथाम) अधिनियम (यूएपीए) मामले में जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय के पूर्व छात्र उमर खालिद की जमानत पर बुधवार को पुलिस का रुख जानना चाहा। न्यायमूर्ति सुरेश कुमार कैत और न्यायमूर्ति गिरीश कठपालिया की पीठ ने दिल्ली पुलिस को नोटिस जारी कर जवाब दाखिल करने को कहा।

### जिम मालिक की हत्या में दो महिलाओं समेत 4 गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** उत्तर-पूर्वी दिल्ली के भजनपुरा इलाके में जिम मालिक सुमित चौधरी की 10 जुलाई को चाकू घोंपकर हत्या हुई थी। पुलिस उपायुक्त (उत्तर पूर्वी) जॉय टिर्की ने बताया कि बुधवार को मामले में दो महिलाओं समेत चार लोगों को गिरफ्तार कर लिया। आरोपियों में करतार सिंह (33), हुसैन अली (20), शायना (36) और आशु (38) है। सभी आरोपी भजनपुरा निवासी हैं। हत्या के पीछे पुरानी रंजिश होने का संदेह है, हालांकि आरोपियों से पूछताछ की जा रही है ।

### टक्कर मारकर फरार होने के मामले में एक गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस ने टक्कर मारकर फरार होने के एक मामले में एक व्यक्ति को गिरफ्तार कर लिया। अधिकारियों ने बुधवार को बताया कि आरोपी के वाहन ने एक मोटरसाइकिल को कथित तौर पर टक्कर मारी थी, जिससे दो लोगों की मौत हो गई और दो अन्य लोग घायल हुए थे। अधिकारियों ने बताया कि आरोपी की पहचान धीरज तलवार के रूप में हुई है और वाहन को जब्त कर लिया गया है।

# बजट की आलोचना विपक्ष की राजनीतिक हताशा

## भाजपा ने विपक्षी दलों पर साधा निशाना, कहा-पिछड़े राज्यों के प्रति उनकी नकारात्मक सोच

नई दिल्ली, एजेंसी

- इंडिया गठबंधन ने सरकार पर भेदभाव का आरोप लगाया

भाजपा ने केंद्रीय बजट की आलोचना करने पर कांग्रेस और अन्य विपक्षी दलों पर बुधवार को निशाना साधा तथा कहा कि इससे उनकी राजनीतिक हताशा एवं उन पिछड़े राज्यों के प्रति उनकी नकारात्मक सोच का पता चलता है जिन्हें विकास के लिए विशेष ध्यान देने और सहायता की आवश्यकता है।

आंध्र प्रदेश और बिहार के लिए की कई घोषणाओं के बाद कांग्रेस और विपक्षी गठबंधन इंडिया ने सरकार पर विपक्ष शासित राज्यों के प्रति भेदभावपूर्ण बजट पेश करने का आरोप लगाया था। बिहार और आंध्र प्रदेश क्रमशः सत्ता में काबिज जनता दल (यूनाइटेड) और तेलुगू देशम पार्टी (तेदेपा) राजग सरकार के प्रमुख घटक हैं। भाजपा के राज्यसभा सदस्य जीवीएल नरसिम्हा राव ने विपक्षी की आलोचना करते हुए कहा कि सरकार के बजट का सभी ने स्वागत किया है, लेकिन विपक्ष अपरिपक्व और नकारात्मक प्रतिक्रिया दे रहस है। उन्होंने कहा कि पूरा देश इसको प्रगतिशील, जन समर्थक, गरीब समर्थक, किसान समर्थक और रोजगार समर्थक बजट के रूप में देखता है। यह एक ऐसा बजट है जिसने वास्तव में 'विकसित भारत' के लिए एक दृष्टिकोण पेश किया है।

### ईएलआई पहल से आश्वस्त नहीं हैं : चिदंबरम



**नई दिल्ली।** कांग्रेस नेता एवं पूर्व वित्त मंत्री पी चिदंबरम ने केंद्र सरकार को आगाह किया कि यदि बढ़ती महंगाई और बेरोजगारी पर लगाम नहीं लगा तो जनता सत्तारूढ़ दल को चुनावों में दंडित करती रहेगी। चिदंबरम ने कहा कि वह बजट में घोषित ईएलआई पहल से आश्वस्त नहीं हैं और उन्हें आशंका है कि कहीं इसका हश्र भी प्रति वर्ष दो करोड़ नौकरी देने के जुमले जैसा नहीं हो जाए। आम बजट 2024-25 और जम्मू कश्मीर के बजट पर चिदंबरम ने कहा कि वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कांग्रेस के घोषणा पत्र को पढ़ने का अवसर निकाला। वित्त मंत्री ने कांग्रेस घोषणापत्र की पृष्ठ संख्या 11, 30 एवं 31 से अच्छे विचारों को लिया।

### खरगे बोले- फिर से ठोस सुधारों की जरूरत

**नई दिल्ली।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने 1991 के केंद्रीय बजट को पेश किए जाने के 33 साल पूरा होने पर कहा कि आज फिर एक ऐसे सार्थक, ठोस नए सुधारों की जरूरत है जो मध्यम वर्ग और वंचितों दोनों की मदद करें। खरगे ने एक्स पर कहा कि तत्कालीन प्रधानमंत्री पीवी नरसिम्हा राव और वित्त मंत्री डॉ. मनमोहन सिंह के नेतृत्व में जुलाई 1991 उदारीकरण बजट के रूप में महत्वपूर्ण क्षण था, जिसने आर्थिक सुधारों के युग की शुरुआत की थी।

# सार्वजनिक मंच से फैसलों को हटाने के होंगे बहुत गंभीर परिणाम : सुप्रीम कोर्ट

नई दिल्ली, एजेंसी



- आरोपी के बरी होने पर फैसला सार्वजनिक मंच से हटाने संबंधी याचिका पर सुनवाई करेगा कोर्ट

सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को कहा कि आपराधिक मामलों में आरोपी के बरी होने के बाद, भुला देने के अधिकार के तहत अदालत के आदेशों द्वारा सार्वजनिक मंच से फैसलों को हटाने के बहुत गंभीर परिणाम होंगे। हालांकि, शीर्ष अदालत कानून के इस जटिल प्रश्न पर विचार करने के लिए सहमत हो गई कि क्या कोई आरोपी, दोषमुक्त होने के बाद, भुला दिये जाने के अधिकार के तहत सार्वजनिक मंच से फैसले को हटाने का अनुरोध कर सकता है।

प्रधान न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने बेंगलुरू स्थित कानूनी वेबसाइट ईकानून सॉफ्टवेयर डेवलपमेंट प्राइवेट लिमिटेड की दलीलों पर गौर करने के बाद कहा कि कोई अदालत ऐसा आदेश कैसे दे सकती है? यह कहना कि फैसले, जो सार्वजनिक दस्तावेज है, को हटाया जाए। इसके बहुत गंभीर परिणाम होंगे। कंपनी ने अदालत को सूचित किया कि मद्रास हाईकोर्ट ने उसे एक निर्णय को हटाने को कहा है जिसमें दुष्कर्म और धोखाधड़ी के मामले में बरी व्यक्ति की पहचान का खुलासा किया गया था। पीठ ने आदेश दिया कि नोटिस जारी करें और इस दौरान मद्रास हाईकोर्ट के निर्देशों पर रोक रहेगी। वह इस मुद्दे पर कानून की व्याख्या करेगा।

वकील अबीहा जैदी के माध्यम से वेबसाइट ने याचिका दायर की है। जैदी ने कहा कि उच्च न्यायालय के फैसले से याचिकाकर्ता और आम लोगों की अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है, जिसकी गारंटी संविधान के अनुच्छेद 19(1)(ए) के तहत दी गई है। याचिकाकर्ता की व्यापार, कारोबार और पेशे की स्वतंत्रता पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है, जिसे अनुच्छेद 19(1)(जी) के तहत संरक्षण प्राप्त है।

# मोबाइल पर निर्देश देकर चिकित्सक ने दाई से कराया सुरक्षित प्रसव

सिवनी (मप्र), एजेंसी

- मध्यप्रदेश के सिवनी जिले में बाढ़ की स्थिति होने से जोरावाड़ी गांव नहीं पहुंच सकी महिला चिकित्सक, महिला ने जुड़वा बच्चों को दिया जन्म

महिला का सुरक्षित प्रसव कराने के लिए महिला चिकित्सक ने मोबाइल फोन पर दाई को निर्देश देकर सुरक्षित प्रसव कराया। स्वास्थ्य अधिकारियों ने बुधवार को बताया कि मध्यप्रदेश के सिवनी जिले में भारी बारिश से सड़कों पर पानी भरने से महिला चिकित्सक गांव तक नहीं पहुंच सकी तो पा उन्होंने प्रसव कराने के लिए फोन पर ही दाई को निर्देश दिए।

अधिकारी ने बताया कि जोरावाड़ी गांव में बाढ़ जैसी स्थिति थी जब रवीना उइके को प्रसव पीड़ा हुई। परिजन जलजमाव होने से जिला अस्पताल नहीं जा सके। उइके की जानकारी के बाद जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. मनीषा सिरसम के साथ टीम गांव रवाना हुई, लेकिन मार्ग जलमग्न होने से टीम का गांव पहुंचना असंभव होगा तो डॉ. सिरसम ने उइके के पति को फोनकर प्रशिक्षित दाई को बुलाने के लिए कहा। सिरसम ने दाई रेशना वंशकार को फोन पर दिए निर्देशों का पालन करने को कहा ताकि उच्च जोखिम वाली महिला का प्रसव हो सके। दाई ने निर्देशों का पालन करते हुए जुड़वा बच्चों का सुरक्षित जन्म कराया। जल स्तर कम पर जच्चा-बच्चा को अस्पताल में भर्ती कराया गया।

# हल्द्वानी अतिक्रमण : लोगों के पुनर्वास के लिए मुख्य सचिव केंद्र और रेलवे के साथ करें बैठक

नई दिल्ली, एजेंसी

- रेलवे की जमीन पर अतिक्रमण करने वाले 50,000 से अधिक लोगों के पुनर्वास का मामला
- केंद्र की याचिका पर सुप्रीम कोर्ट में हुई सुनवाई, पिछले आदेश को रद करने का किया गया है अनुरोध

सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को उत्तराखंड के मुख्य सचिव को निर्देश दिया कि वह हल्द्वानी में रेलवे की जमीन पर अतिक्रमण करने वाले 50,000 से अधिक लोगों के पुनर्वास के लिए केंद्र और रेलवे के साथ बैठक करें। केंद्र की याचिका पर कोर्ट सुनवाई कर रहा है, जिसमें उससे पिछले साल पांच जनवरी के आदेश को रद करने का अनुरोध किया गया है।

कोर्ट ने हल्द्वानी में उस 29 एकड़ भूमि से अतिक्रमण हटाने के उत्तराखंड हाईकोर्ट के आदेश पर रोक लगा दी थी, जिस पर रेलवे ने दावा जताया है। याचिका में कहा गया कि रेलवे परिचालन को सुगम बनाने के लिए उक्त भूमि उपलब्ध कराई जानी चाहिए क्योंकि पटरियों की सुरक्षा के लिए बनाई दीवार पिछले साल ढह गई। न्यायमूर्ति सूर्यकांत की अध्यक्षता वाली तीन सदस्यीय पीठ ने कहा कि राज्य सरकार को यह योजना बतानी होगी कि इन लोगों का कैसे और कहां पुनर्वास किया जाएगा।

अदालत ने कहा कि यह मानते हुए कि वे अतिक्रमणकारी हैं, लेकिन वे इंसान हैं और दशकों से वहां रह रहे हैं। उन्होंने पक्के मकान भी बना लिए हैं, तो इस स्थिति से कैसे निपटा जाए। अदालतें निर्दयी नहीं हो सकतीं और अतिक्रमण के लिए प्रोत्साहित भी नहीं कर सकतीं। इस पीठ में न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता और न्यायमूर्ति उज्जल भुइयां भी शामिल हैं।

# मणिपुर में महिलाओं ने निकाली रैली तीन मौतों की न्यायिक जांच की मांग

**चुराचांदपुर (मणिपुर)।** मणिपुर के कुकी और हमार समुदाय के दो महिला संगठनों ने बुधवार को रैली निकाली और असम पुलिस के साथ मुठभेड़ में हमार समुदाय के तीन पुरुषों के मारे जाने की जांच सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीश से कराने की मांग की।

कुकी विमिन ऑर्गेनाइजेशन फॉर ह्यूमन राइट्स और हमार विमिन यूनियन द्वारा आयोजित रैली में शामिल महिलाओं ने मुओलवाइफेई मैदान से शांति मैदान स्थित स्मृति दीवार तक मार्च निकाला। असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने कहा था कि कछार जिले में 17 जुलाई को पुलिस ने मुठभेड़ में तीन आतंकवादियों को मार गिराया है। हालांकि, मारे गए लोगों के परिजनों ने इसे फर्जी मुठभेड़ करार दिया था। दोनों संगठनों ने गृहमंत्री अमित शाह को दिए ज्ञापन में कहा कि हम सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीश के नेतृत्व में विशेष जांच टीम गठित करने का अनुरोध करते हैं ताकि मामले से जुड़े तथ्यों को सामने लाया जा सके।

# कानून का पता न होना तोड़ने का बहाना नहीं होता

मुंबई, एजेंसी



- दवा कंपनी के खिलाफ दर्ज मामले को रद करने से हाईकोर्ट का इनकार

प्रतिबंधित सामग्री घोषित रसायन का बिना प्रमाणपत्र के निर्यात करने पर दवा कंपनी के निदेशक के खिलाफ दर्ज मामले को रद करने से बंबई हाईकोर्ट ने इनकार कर दिया। कोर्ट ने कहा कि कानून की जानकारी नहीं होना उसे तोड़ने का बहाना नहीं होता।

उच्च न्यायालय ने कहा कि यदि इस अनभिज्ञता को बचाव के तौर पर स्वीकार कर लिया जाए तो कानून प्रवर्तन मशीनरी ठप्प पड़ जाएगी। विवालविता फार्मास्यूटिकल्स नामक कंपनी के निदेशक अजय मेलवानी ने हाईकोर्ट से मुंबई पुलिस की अपराध शाखा द्वारा उनके खिलाफ स्वापक औषधि और मनःप्रभावी पदार्थ अधिनियम के तहत 2019 में दर्ज की प्राथमिकी रद करने का अनुरोध किया था। अपनी अर्जी में आरोपी ने दावा करते हुए मामले को रद करने का अनुरोध किया कि 2018 में जारी अधिसूचना में संबंधित रसायन प्रतिबंधित सामग्री की सूची में नहीं था, इसलिए उनकी कंपनी को इसकी जानकारी नहीं थी कि उसके निर्यात से पहले अनापत्ति प्रमाणपत्र की जरूरत होगी। न्यायमूर्ति एएस गडकरी और न्यायमूर्ति नीला गोखले की पीठ ने यह अर्जी रद कर दी और यह कहते हुए मामला रद करने से इनकार कर दिया कि यह स्थापित कानूनी रुख है कि कानून की जानकारी नहीं होना किसी आपराधिक आरोप के सिलसिले में बचाव नहीं हो सकता है।

# राज्यपाल मानहानि मामले में ममता ने आदेश पर रोक का किया अनुरोध

**कोलकाता।** प. बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने बुधवार को कलकत्ता हाईकोर्ट का रुख कर एकल पीठ के आदेश पर रोक का अनुरोध किया है। एकल पीठ ने बनर्जी और तीन अन्य पर राज्यपाल सीवी आनंद बोस के खिलाफ बयान देने पर रोक लगा दी थी। बनर्जी के वकील ने न्यायमूर्ति आईपी मुखर्जी की पीठ के समक्ष कहा कि बनर्जी ने राज्यपाल के खिलाफ कोई टिप्पणी नहीं की। पीठ ने कहा कि मामले पर गुरुवार को सुनवाई होगी जब बोस के वकील दलीलें देंगें।

# छत्तीसगढ़ में विधि विश्वविद्यालय ने लागू की मासिक धर्म अवकाश नीति

रायपुर, एजेंसी

- हिदायतुल्लाह राष्ट्रीय विधि विवि ने छात्राओं के लिए की घोषणा एक जुलाई से होगी प्रभावी

छत्तीसगढ़ में हिदायतुल्लाह राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय (एचएनएलयू) ने अपनी छात्राओं के लिए मासिक धर्म अवकाश की घोषणा की है। शिक्षण संस्थान के प्रवक्ता ने बताया कि विश्वविद्यालय ने अपनी मासिक धर्म अवकाश नीति लागू की है जो इस वर्ष एक जुलाई से प्रभावी हो गई है।

विश्वविद्यालय की ओर से मंगलवार को जारी विज्ञप्ति में कहा गया है कि यह अवकाश नीति एचएनएलयू हेल्थ शील्ड की पहल का हिस्सा है। एचएनएलयू के कुलपति प्रोफेसर वीसी विवेकानंदन ने कहा कि इस अवकाश नीति का कार्यान्वयन विश्वविद्यालय में छात्राओं की विशेष आवश्यकताओं को समझने और उन्हें समर्थन देने के लिए है। इस नीति के समर्थन के लिए हम अकादमिक परिषद का धन्यवाद करते हैं।'' विज्ञप्ति में कहा गया, ''छात्राएं प्रति माह में पढ़ाई के दिनों के दौरान एक दिन के अवकाश का दावा कर सकती हैं। परीक्षा के दिनों में 'बेड रेस्ट' की आवश्यकता के सत्यापन पर ऐसी छूट का विस्तार किया जाएगा। इसमें कहा गया है कि इसके अतिरिक्त, अनियमित मासिक धर्म से पीड़ित छात्राएं प्रति सेमेस्टर, प्रति विषय छह अवकाश का दावा कर सकती हैं।

# डरता नहीं हूं, ट्रेनिंग पर फोकस : कुशारे

नई दिल्ली, एजेंसी



• हाई जंपर सर्वेश ने अपनाया चोपड़ा का फॉर्मूला, कहा- नीरज मेरे आदर्श हैं, मुझे भी देश का मान बढ़ाना है

गांव में चारे के मैट पर अभ्यास से पेरिस ओलंपिक तक का सफर तय करने वाले हाई जंपर सर्वेश कुशारे को अपनी तैयारियों और भारतीय एथलेटिक्स के गोल्डन ब्वॉय नीरज चोपड़ा से मिले इस मूलमंत्र पर यकीन है कि प्रतिद्वंद्वियों की ख्याति से डरे बिना बस अपनी ट्रेनिंग पर फोकस रखो। कुशारे ओलंपिक ऊंची कूद के लिए क्वालीफाई करने वाले पहले भारतीय एथलीट हैं। अभ्यास के दौरान 2.30 मीटर का आंकड़ा पार कर रहे कुशारे को अपनी कड़ी मेहनत और तोक्यो ओलंपिक में भालाफेंक में स्वर्ण पदक जीतकर एथलेटिक्स में भारत का खाता खोलने वाले नीरज की सलाह पर पूरा यकीन है।

ओलंपिक में ऊंचे कद और भारी डील डौल वाले प्रतिद्वंद्वियों का सामना करने के लिए पूरी तरह तैयार पांच फुट नौ इंच के कुशारे ने पोलैंड के वारसॉ से कहा मेरा बस कद ही छोटा है लेकिन भीतर से बहुत मजबूत हूं। प्रतिद्वंद्वी की कद काठी देखकर कोई डर नहीं लगता। सही समय पर शीर्ष फॉर्म में रहना महत्वपूर्ण है। महाराष्ट्र के नाशिक से कुछ किलोमीटर दूर देवरगांव के रहने वाले 29 वर्ष के इस एथलीट ने कहा अभी तो काफी समय से नीरज भाई से मुलाकात नहीं हुई है लेकिन जब पिछली बार मिले थे तो उन्होंने कहा था कि ट्रेनिंग पर फोकस करो और विरोधी खिलाड़ियों की ख्याति से डरना नहीं है। वह हमेशा टिप्स देते रहते हैं। उन्होंने कहा हमारे आदर्श नीरज चोपड़ा ही हैं जिन्होंने एथलेटिक्स में पहला ओलंपिक पदक जीतकर हमारे भीतर भी आत्मविश्वास भरा। हम भी उनकी तरह बनना चाहते हैं और देश का मान बढ़ाना चाहते हैं।

## ऑस्ट्रेलिया की पांच खिलाड़ी मिलीं कोविड-19 पॉजिटिव

**पेरिस।** पेरिस ओलंपिक के लिए ऑस्ट्रेलिया की महिला वाटर पोलो टीम की पांच खिलाड़ियों को कोविड-19 पॉजिटिव पाया गया है। पेरिस में ऑस्ट्रेलिया की दल प्रमुख अन्ना मीयर्स ने कहा कि कोविड मामले सिर्फ वाटर पोलो टीम तक ही सीमित हैं।

उन्होंने साथ ही कहा कि पॉजिटिव खिलाड़ियों को अभ्यास करने की अनुमति है। हम कोविड को किसी अन्य श्वसन संबंधी बीमारी से अलग नहीं मानते हैं। लेकिन हम यह सुनिश्चित करना चाहते हैं कि हमारे प्रोटोकॉल का भी पालन हो। इस तरह की बीमारियों से निपटना और इन्हें कम से कम फैलने देना हर ओलंपिक खेलों का एक अभिन्न अंग है। प्रोटोकॉल में मास्क पहनना और ट्रेनिंग के बाहर टीम के अन्य सदस्यों से पॉजिटिव खिलाड़ियों को दूर रखना शामिल है। मीयर्स ने कहा कि पूरी टीम की जांच हो चुकी है।

# अभी नहीं तो कभी नहीं वाली स्थिति : राय

पेरिस, एजेंसी



अनुभवी भारतीय तीरंदाज तरुणदीप राय पेरिस में टीम के अनौपचारिक मेंटोर के तौर पर काम कर रहे हैं और उनका कहना है कि अपने चौथे ओलंपिक में हिस्सा लेते हुए उनके लिए यह अभी नहीं तो कभी नहीं वाली स्थिति है।

40 साल के राय अपने चौथे ओलंपिक में पहला पदक जीतने की कोशिश में जुटे हैं। उन्होंने वैश्विक से महाद्वीपीय स्तर तक हर चैंपियनशिप में पदक जीते हैं, बस ओलंपिक में ही कोई पदक हासिल नहीं कर पाए हैं। उन्होंने विश्व चैंपियनशिप (2005, 2019) में दो रजत, तीन स्वर्ण, एक रजत और एक कांस्य सहित नौ विश्व कप पदक, एशियाई चैंपियनशिप में दो रजत और एक कांस्य पदक जीते हैं। राय ने कहा हर दिन भावनात्मक होता है। यह चौथी दफा है। मेरे लिए यह अभी नहीं तो कभी नहीं वाली स्थिति है। मैं अपने साथी तीरंदाजों से भी कहता हूं। शायद कोई अपना पहला या दूसरा ओलंपिक खेल रहा हो, लेकिन उसे इस तरह सोचना चाहिए कि अभी नहीं तो कभी नहीं। आपको इस तरह प्रयास करना चाहिए जैसे कि यह आपका आखिरी ओलंपिक हो।

सिक्किम के अनुभवी तीरंदाज ने 2004 एथेंस, 2012 लंदन और 2021 तोक्यो ओलंपिक में हिस्सा लिया था। तोक्यो में पुरुष टीम क्वार्टरफाइनल तक पहुंची थी जिसमें राय शामिल थे। उन्होंने कहा ओलंपिक हर खिलाड़ी का सपना होता है और मैं भी इससे अलग नहीं हूं। इसके लिए आपको सर्वश्रेष्ठ तैयारी करनी होती है। आपको क्वालीफाई करने और पदक जीतने के लिए कड़ी मेहनत करनी होती है। इस ओलंपिक में तीन साल के अंतराल के बाद खेल रहा हूं। कई बदलाव आये हैं जो सकारात्मक हैं। तोक्यो में जो भी कमी रह गई थी उसे दूर करना मेरा लक्ष्य है। मैं अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करूंगा। भारतीय तीरंदाज 1988 में पदार्पण के बाद से नियमित रूप से ओलंपिक में हिस्सा लेते रहे हैं लेकिन अभी तक पदक नहीं जीत पाये हैं। अब भारतीय तीरंदाज गुरुवार को यहां क्वालीफिकेशन दौर से अभियान शुरू करेंगे।

# तीरंदाजों का लक्ष्य पहला पदक जीतना

## 1988 से ओलंपिक में शामिल किया गया था तीरंदाजी का खेल, तब से लेकर अब तक भारत नहीं जीत पाया है पदक

PARIS 2024

ओलंपिक 1 दिन शेष

पेरिस, एजेंसी

स्थान भी अलग होगा और वर्ष भी और एक नया ओलंपिक होगा लेकिन भारतीय तीरंदाजों का लक्ष्य वही पुराना होगा, ओलंपिक खेलों में पहला पदक जीतना। तीरंदाजी को ओलंपिक में 1988 में शामिल किया गया था और तब से भारतीय तीरंदाज लगभग हर ओलंपिक खेल में हिस्सा ले रहे हैं लेकिन अभी तक पोडियम तक पहुंचने में नाकाम रहे हैं।

पेरिस ओलंपिक में भारतीय तीरंदाज बुधवार को लेस इनवैलिड्स गार्डन में क्वालीफिकेशन राउंड के साथ अपने अभियान की शुरुआत करेंगे। लंदन ओलंपिक 2012 के बाद यह पहला अवसर है जबकि भारतीय टीम में सभी छह खिलाड़ी शामिल हैं। भारतीय पुरुष और महिला टीमों ने रैंकिंग के आधार पर ओलंपिक के लिए क्वालीफाई किया जिसका मतलब है कि इस बार भारतीय तीरंदाज पांच स्पर्धाओं में भाग लेंगे। अनुभवी तरुणदीप राय और दीपिका कुमारी अपने चौथे ओलंपिक में भाग ले रहे हैं। उनकी अगुवाई में टीम को पसंदीदा ड्रॉ हासिल करने के लिए क्वालिफिकेशन में कम से कम शीर्ष 10 में जगह बनानी होगी। प्रत्येक तीरंदाज 72 तीर चलाएगा और क्वालिफिकेशन दौर में भाग ले रहे 53 देश के 128 खिलाड़ियों के स्कोर के आधार पर रविवार से शुरू होने वाली मुख्य नॉकआउट प्रतियोगिता के लिए वरीयता तय की जाएगी।

भारतीय टीम के लिए क्वालीफिकेशन दौर महत्वपूर्ण होगा जो अक्सर निचली वरीयता हासिल करती रही हैं और ऐसे में नॉकआउट चरण में उन्हें दक्षिण कोरिया जैसी मजबूत टीम का सामना करना पड़ता है। तोक्यो ओलंपिक में भारत के सभी पुरुष तीरंदाज शीर्ष 30 में जगह नहीं बना पाए थे जिससे भारतीय टीम को नौवीं वरीयता मिली थी। भारत की एकमात्र महिला तीरंदाज दीपिका ने नौवां स्थान हासिल किया था। भारत को तब अपने अपने क्वार्टर फाइनल मुकाबलों में शीर्ष वरीयता प्राप्त कोरिया से हार का सामना करना पड़ा था। भारत को पुरुष टीम से काफी उम्मीद है जिसने इस साल शंघाई में विश्व कप के फाइनल में कोरिया को हराकर इतिहास रचा था।

महिला वर्ग में सभी की निगाहें दीपिका पर टिकी रहेंगी। उन्होंने मां बनने के 16 महीने के अंदर शंघाई में विश्व कप के पहले चरण में रजत पदक जीत कर शानदार वापसी की थी। महिला टीम में उनके साथ देने के लिए अंकिता भक्त और भजन कौर हैं। इन दोनों का यह पहला ओलंपिक होगा लेकिन वह वर्तमान ओलंपिक चक्र में भारतीय टीम का हिस्सा रही हैं और उनसे बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद की जा रही है। धीरज और दीपिका अगर रैंकिंग राउंड में शीर्ष पर रहते हैं तो फिर रिकर्व मिश्रित टीम में उनसे पदक की उम्मीद की जा सकती है। भारतीय तीरंदाज ओलंपिक में अभी तक क्वार्टर फाइनल से आगे नहीं बढ़ पाए हैं।

### ओलंपिक में अमेरिकी टीम की महिला ध्वजवाहक होंगी कोको गॉफ

**पेरिस।** टेनिस स्टार कोको गॉफ शुक्रवार को होने वाले ओलंपिक उद्घाटन समारोह में अमेरिकी टीम की महिला ध्वजवाहक होंगी। अमेरिका बास्टकेबॉल स्टार लेब्रोन जेम्स को पहले ही पुरुष ध्वजवाहक बनाने की घोषणा कर चुका है। गत अमेरिकी ओपन चैंपियन गॉफ पेरिस खेलों में अपने ओलंपिक पदार्पण की तैयार कर रही हैं। वह अमेरिका की ध्वजवाहक बनने वाली पहली टेनिस खिलाड़ी होंगी। टीम अमेरिकी एथलीट ने उन्हें और जेम्स को ध्वजवाहक के रूप में चुना है। बीस साल की गॉफ ने तीन साल पहले तोक्यो ओलंपिक के लिए अमेरिकी टीम में जगह बनाई थी लेकिन जापान रवाना होने से पहले कोविड-19 पॉजिटिव पाए जाने के कारण खेलों के महाकुंभ में हिस्सा नहीं ले पाईं थी। फ्रेंच ओपन की मेजबानी करने वाले रोलां गैरो पर होने वाली टेनिस प्रतियोगिता के महिला एकल में गॉफ को दूसरी वरीयता दी गई है। दुनिया की नंबर एक खिलाड़ी पोलैंड की इगा स्वियातेक को शीर्ष वरीयता मिली है। गॉफ और जेसिका पेगुला को युगल में शीर्ष वरीयता मिली है।




ओलंपिक प्रतिस्पर्धाओं के लिए बनाया गया इंडोर स्टेडियम।

# फ्रांस को 2030 और अमेरिका को 2034 की मेजबानी मिली

पेरिस, एजेंसी

शीतकालीन ओलंपिक



अंतर्राष्ट्रीय ओलंपिक समिति (आईओसी) ने बुधवार को 2030 में होने वाले शीतकालीन ओलंपिक खेलों की मेजबानी फ्रांस के फ्रेंच आल्प्स और 2034 की मेजबानी अमेरिका के साल्ट लेक सिटी को सौंपने का फैसला किया। फ्रांस को मेजबानी कुछ शर्तों के आधार पर सौंपी गई है। फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने आईओसी को आश्वासन दिया कि ग्रीष्मकालीन ओलंपिक खेल 2024 के संपन्न होने के बाद जो भी सरकार गठित होगी वह आयोजन से संबंधित सभी शर्तों को पूरा करेगी। इन पर अभी तक हस्ताक्षर नहीं किए गए हैं।

फ्रांस में नई सरकार के गठन के बाद जो भी व्यक्ति प्रधानमंत्री बनेगा उन्हें इन शर्तों पर हस्ताक्षर करने होंगे। आईओसी ने इसके लिए एक अक्टूबर की समय सीमा तय की है। आईओसी के सदस्यों ने उनके आश्वासन को स्वीकार करके फ्रांस को मेजबानी सौंपने के पक्ष में मतदान किया। फ्रांस की मेजबानी के पक्ष में 84 सदस्यों ने जबकि चार सदस्यों ने विरोध में मतदान किया। सात सदस्यों ने मतदान में हिस्सा नहीं लिया। मैक्रों ने कहा हम पर भरोसा दिखाने के लिए हम आपका आभार व्यक्त करते हैं। फ्रांस इन खेलों की मेजबानी के लिए बोली लगाने वाला एकमात्र देश था। फ्रांस इससे पहले तीन बार 1924, 1968 और 1992 में शीतकालीन ओलंपिक खेलों की मेजबानी कर चुका है। आईओसी सदस्यों ने इसके बाद 2034 में होने वाले शीतकालीन खेलों की मेजबानी के लिए साल्ट लेक सिटी की बोली पर भी मोहर लगाई। साल्ट लेक सिटी 32 साल के बाद इन खेलों का आयोजन करेगा। इससे पहले उसने 2002 में पहली बार शीतकालीन ओलंपिक खेलों की मेजबानी की थी। आईओसी ने पिछले साल साल्ट लेक सिटी को दावा मजबूत करने के लिए बातचीत के अधिकार दिए थे। इसके बाद उटा राज्य की राजधानी साल्ट लेक सिटी मेजबानी की दौड़ में अकेला शहर रह गया था। साल्ट लेक सिटी की तरफ से जिन लोगों ने बोली लगाई उनमें उटा के गवर्नर स्पेंसर कॉक्स, साल्ट लेक सिटी के मेयर एरिन मेंडेनहॉल और अल्पाइन स्की की महान खिलाड़ी लिंडसे वॉन शामिल थे।

# टीम को रोहित-विराट के न होने का उठाना चाहिए फायदा : जयसूर्या

पाल्लेकल, एजेंसी



• सनथ बोले- भारत के मुख्य खिलाड़ियों का न होना श्रीलंका के लिए बेहतर 27 से होगी शृंखला की शुरुआत

श्रीलंका के अंतरिम मुख्य कोच सनथ जयसूर्या ने बुधवार को खुलासा किया कि आईपीएल टीम राजस्थान रॉयल्स के हाई परफॉर्मेंस निदेशक जुबिन भरूचा ने भारत के खिलाफ आगामी टी-20 शृंखला की तैयारी में उनके बल्लेबाजों की मदद की है और उन्हें उम्मीद है कि टीम रोहित शर्मा और विराट कोहली जैसे स्टार खिलाड़ियों के संन्यास का फायदा उठाएगी।

रोहित, कोहली और ऑलराउंडर रविंद्र जडेजा ने पिछले महीने भारत की विश्व कप जीत के बाद टी-20 अंतर्राष्ट्रीय मैचों से संन्यास ले लिया था। श्रीलंका के खिलाफ टी-20 शृंखला 27 जुलाई से शुरू होगी। भारत को टी-20 अंतर्राष्ट्रीय मैचों के लिए सूर्यकुमार यादव के रूप में नया कप्तान भी मिला है और जयसूर्या ने अपनी टीम से इस अवसर का पूरा लाभ उठाने को कहा।

### भारत के खिलाफ शृंखला से बाहर हुए चामीरा

**कोलंबो।** श्रीलंका के तेज गेंदबाज दुष्मंता चामीरा श्वसन संबंधित समस्याओं से उबरने में विफल होने के कारण भारत के खिलाफ सीमित ओवरों की घरेलू शृंखला से बाहर हो गए हैं। देश के क्रिकेट बोर्ड ने बुधवार को यह जानकारी दी। तेज गेंदबाज असिथा फर्नांडो को चामीरा की जगह शामिल किया गया। श्रीलंका क्रिकेट ने ट्वीट किया दुश्मंता चामीरा अभी तक श्वसन संबंधित संक्रमण से उबर नहीं सके हैं इसलिए वह टी-20 शृंखला में नहीं खेल पाएंगे। असिथा फर्नांडो को चामीरा की जगह टीम में शामिल किया गया।

विश्व जूनियर स्क्वाश चैंपियनशिप

## भारतीय पुरुष टीम छठे और महिला टीम सातवें स्थान पर

**नई दिल्ली।** भारत अमेरिका के ह्यूस्टन में आयोजित की गई विश्व जूनियर स्क्वाश चैंपियनशिप में पुरुष और महिला वर्ग में क्रमशः छठे और सातवें स्थान पर रहे।



भारतीय पुरुष टीम पांचवें स्थान के लिए खेले गए मैच में इंग्लैंड से 1-2 से हार गई। शौर्य बावा ने पहला मैच जीतकर भारत को अच्छी शुरुआत दिलाई थी लेकिन युवराज वाधवानी और अयान वाजिलल्ली अपने मुकाबले हार गए। महिला टीम ने सातवें स्थान के लिए खेले गए मुकाबले में न्यूजीलैंड को 2-1 से हराया। भारत की शुरुआत अच्छी नहीं रही और शमीना रियाज पांच गेम तक चले मैच में हार गई। निरुपमा दुबे और उन्नति त्रिपाठी ने इसके बाद अपने मैच जीत कर टीम को सातवां स्थान दिलाया।

## टेनिस खिलाड़ी सिनर पेरिस ओलंपिक से हटे

**पेरिस।** दुनिया के नंबर एक टेनिस खिलाड़ी यानिक सिनर गले में संक्रमण (टॉन्सिल) के कारण बुधवार को पेरिस ओलंपिक से हट गए।



इटली के इस 22 वर्षीय खिलाड़ी ने सोशल मीडिया पर लिखा कि डॉक्टर ने उन्हें सलाह दी है कि वह ओलंपिक खेलों में हिस्सा नहीं लें। जनवरी में ऑस्ट्रेलिया ओपन के साथ अपना पहला ग्रैंडस्लैम खिताब जीतने वाले सिनर पिछले महीने फ्रेंच ओपन के सेमीफाइनल में पहुंचकर एटीपी रैंकिंग में दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी बने थे। ओलंपिक टेनिस का ड्रॉ गुरुवार को होगा जबकि मुकाबले शनिवार से शुरू होंगे। सिनर ने इतालवी में लिखा ओलंपिक से चूकना बड़ी निराशा है क्योंकि इस सत्र में यह मेरे मुख्य लक्ष्यों में से एक था। मैं इस बेहद महत्वपूर्ण टूर्नामेंट में अपने देश का प्रतिनिधित्व करने का सम्मान पाने के लिए इंतजार नहीं कर सकता था।

# टेस्ट में एक दिन में 600 रन बना सकता है इंग्लैंड : पोप

लंदन, एजेंसी

• टीम इंग्लैंड के बल्लेबाज ओली बोले- बैजबॉल पद्धति अपनाने से नहीं बचती

इंग्लैंड के बल्लेबाज ओली पोप का मानना है कि उनकी टीम टेस्ट क्रिकेट में एक दिन के अंदर 600 रन बना सकती है और इन बातों को सिरे से खारिज कर दिया कि वे बल्लेबाजी में आक्रामक शैली बैजबॉल से पीछे हट रहे हैं।

टेस्ट क्रिकेट में एक दिन में सर्वाधिक रन बनाने का रिकॉर्ड इंग्लैंड के नाम पर ही है। उसने 1936 में भारत के खिलाफ मैनचेस्टर में खेले गए मैच के दूसरे दिन 6 विकेट पर 588 रन बनाए थे और पोप का मानना है कि बेन स्टोक्स की अगुवाई वाली टीम इस रिकार्ड को तोड़ सकती है। पोप ने कहा कभी-कभी हम एक दिन में 280 या 300 रन बना सकते हैं क्योंकि हम परिस्थितियों को अच्छी तरह से समझते हैं। ऐसा भी हो सकता है कि भविष्य में कभी ऐसा दिन आए जब हम 500 से 600 रन बना लें और यह अच्छा रिकॉर्ड होगा। इंग्लैंड ने दिसंबर 2022 में पाकिस्तान के खिलाफ रावलपिंडी में खेले गए पहले टेस्ट मैच के पहले दिन 506 रन बनाए थे।इंग्लैंड ने वेस्टइंडीज के खिलाफ खेली जा रही तीन मैच की शृंखला में अभी 2-0 की अजेय बढ़त हासिल कर रखी है।

# मुर्शीदा की पारी से बांग्लादेश ने मलेशिया को 114 रनों से हराया

महिला एशिया कप

दांबुला, एजेंसी



जीत के बाद बांग्लादेश के खिलाड़ी। ● एजेंसी

मुर्शीदा खातून (80) और कप्तान निगार सुल्ताना नाबाद (62) रनों की अर्धशतकीय पारियों के बाद गेंदबाजों शानदार प्रदर्शन दम पर बांग्लादेश ने बुधवार को महिला एशिया कप के 11वें मुकाबले में मलेशिया को 114 रनों से हरा दिया है।

192 रनों के बड़े लक्ष्य का पीछा करने उतरी की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने छह ओवर में 23 रन पर अपने दो विकेट गवां दिए। मलेशिया की टीम 20 ओवर में आठ विकेट पर 77 रन ही बना की और 114 रनों से बड़ी हार का सामना करना पड़ा। इससे पहले आज यहां बांग्लादेश की कप्तान निगार ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। बांग्लादेश ने पहले बल्लेबाजी करते हुए मलेशिया को जीत के लिए 192 रनों का लक्ष्य दिया था। दिलारा अख्तर ने 20 गेंदों में 33 रन बनाए। मुर्शीदा खातून ने 59 गेंदों में 80 रनों की पारी खेली।

### श्रीलंका सेमीफाइनल में पहुंचा

**दांबुला।** शानदार गेंदबाजी प्रदर्शन के बाद कप्तान चमारी अट्टापटू नाबाद (49) विश्मी गुणारत्ने नाबाद (39) की बेहतरीन बल्लेबाजी के दम पर श्रीलंका ने बुधवार को थाईलैंड को 10 विकेट से हराकर महिला एशिया कप में सेमीफाइनल में प्रवेश किया। श्रीलंका ने 11.3 ओवर में बिना कोई विकेट खोये 94 रन लक्ष्य हासिल कर अपनी टीम को 10 विकेट से जीत दिला दी। चमारी अट्टापटू ने 35 गेंदों में नाबाद 49 रनों की पारी खेली तथा विश्मी गुणारत्ने ने 34 गेंदों में 39 रन बनाए। इससे पहले आज यहां टॉस जीतकर थाईलैंड ने पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी थाईलैंड की टीम 93 रन ही बना सकी।

## नीता अंबानी दोबारा बनीं आईओसी की सदस्य

**पेरिस।** नीता अंबानी को एक बार फिर सर्वसम्मति से अंतर्राष्ट्रीय ओलंपिक कमेटी (आईओसी) का सदस्य चुना गया है।

इसके लिए आज हुए मतदान में नीता अंबानी के पक्ष में शतप्रतिशत 93 वोट पड़े। वर्ष 2016 में रियो डी जेनेरियो ओलंपिक खेलों में नीता अंबानी पहली बार आईओसी सदस्य चुनी गई थी। वे रिलायंस फाउंडेशन की फाउंडर और चेयरपर्सन हैं। पुनर्निर्वाचन पर नीता अंबानी ने कहा, अंतर्राष्ट्रीय ओलंपिक कमेटी के सदस्य के रूप में फिर से चुने जाने पर मैं बहुत सम्मानित महसूस कर रही हूँ।



मैं प्रेसिडेंट बाख और आईओसी में अपने सभी सहयोगियों को मुझ पर विश्वास और भरोसे के लिए धन्यवाद देना चाहती हूँ। यह पुनर्निर्वाचन न केवल मेरे लिए एक व्यक्तिगत मील का पत्थर है, बल्कि वैश्विक खेल क्षेत्र में भारत के बढ़ते प्रभाव को भी दिखाता है। मैं हर भारतीय के साथ खुशी और गर्व के इस पल को साझा करना चाहती हूँ और भारत और दुनिया भर में ओलंपिक आंदोलन को मजबूत करने के लिए मैं तत्पर हूँ।

बॉलीवुड हलचल

# पति पत्नी और वो के सीक्वल में काम करेंगे कार्तिक आर्यन!



**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेता कार्तिक आर्यन अपनी सुपरहिट फिल्म पति पत्नी और वो के सीक्वल में काम करते नजर आ सकते हैं। वर्ष 2019 में प्रदर्शित फिल्म पति पत्नी और वो में कार्तिक आर्यन, भूमि पेडननेकर और अनन्या पांडे ने मुख्य भूमिका निभाई थी। इस फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर धमाल मचा दिया था। दर्शकों को यह फिल्म बेहद पसंद आई थी।चर्चा है कि कार्तिक ने फिल्म पति पत्नी और वो के सीक्वल के लिए हामी भर दी है। सीक्वल की स्क्रिप्ट पहले ही फाइनल हो चुकी है। कहा जा रहा है कि कार्तिक को पति पत्नी और वो 2 की पटकथा बहुत पसंद आई है। पति पत्नी और वो के सीक्वल का निर्माण भूषण कुमार और जूनो चोपड़ा करेंगे। वहीं, इसका निर्देशन मुदस्सर अजीज करेंगे।

# सन ऑफ सरदार 2 की शूटिंग शुरू

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेता अजय देवगन और संजय दत्त स्टारर फिल्म सन ऑफ सरदार 2 की शूटिंग स्कॉटलैंड में शुरू हो गई है। वर्ष 2012 में प्रदर्शित सुपरहिट फिल्म सन ऑफ सरदार का सीक्वल बनाया जा रहा है। सन ऑफ सरदार 2 की शूटिंग स्कॉटलैंड में शुरू हो गई है। इस फिल्म में अजय देवगन, संजय दत्त और मृणाल ठाकुर की मुख्य भूमिका होगी। इस कॉमेडी-ड्रामा फिल्म का निर्देशन विजय कुमार अरोड़ा कर रहे हैं। फिल्म सन ऑफ सरदार 2 के सेट से मृणाल ठाकुर की एक फोटो सामने आई है। फोटो से अंदाजा लगाया जा सकता है कि यहां बारात का सीक्वेंस शूट किया जा रहा है। मृणाल पंजाबी कुड़ी के लुक में बारात में ढ़ोल बजाकर डांस करती नजर आ रही हैं। उनके साथ में कई और डांसर्स भी मौजूद हैं। कहा जा रहा है इस फिल्म की शूटिंग स्कॉटलैंड में 50 तक चलेगी।




स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक त्रिनाथ शुक्ला द्वारा 25/16-ए, जाप्लिंग रोड, लखनऊ-226001 (उ.प्र.) से प्रकाशित एवं प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर,इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित।
**संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी**, 0522-4008111 (कार्यालय), **ईमेल**-amritvicharlucknow@gmail.com **आर.एन.आई नं0**-50986/1989 **(नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा)।**

## बौछारें



मुंबई के मरीन ड्राइव पर हाई टाइड के कारण समुद्र में दिनभर ऊंची-ऊंची लहरें उठती रहीं। इस बीच यहां राहगीरों ने बौछारों में भीगकर इस पल का लुत्फ उठाया। एजेंसी

### भारतीय चंद्रयान-1 का दावा हुआ सच, चीनी वैज्ञानिकों को मिट्टी में मिला पानी

# चांद से आई बड़ी खुशखबरी

भारत के चंद्रयान-1 अंतरिक्ष यान ने चंद्रमा के सूर्य के प्रकाश वाले क्षेत्रों में ऑक्सीजन और हाइड्रोजन अणुओं के रूप में जलयोजित खनिजों के संकेतों का पता लगाया था। अब चीन के वैज्ञानिकों ने चांद की सतह पर पानी के अणुओं को खोज निकाला है। वैज्ञानिकों की यह खोज 2020 में चीन के चांग 'ई-5 मिशन द्वारा वापस लाए गए चंद्र मिट्टी के नमूनों पर किए गए अध्ययनों पर आधारित थी। यह लंबे समय से चली आ रही इस धारणा को चुनौती देती है कि चंद्रमा पूरी तरह से सूखा है और पानी केवल बर्फ के रूप में मौजूद है। क्योंकि नासाने वर्ष 2020 तक चंद्रमा पर पानी की मौजूदगी से इनकार किया था।



### इसलिए महत्वपूर्ण है यह खोज

यह खोज इसलिए महत्वपूर्ण है क्योंकि तरल पानी से रहित एक सूखे चंद्रमा के पहले के निष्कर्षों का खंडन करती है। चंद्र मिट्टी में पानी की मौजूदगी भविष्य के चंद्र अन्वेषण और संभावित संसाधन उपयोग के लिए बड़े पैमाने पर निहितार्थ रखती है। चंद्रयान-1 और नासा के सोफिया द्वारा की गई पिछली खोजों के साथ-साथ चांग ई-5 मिशन के निष्कर्ष, इस बात के बढ़ते प्रमाण में योगदान करते हैं कि चंद्रमा पर पानी मौजूद है।

### चीन को पानी के अणु मिले

चांग ई-5 मिशन द्वारा चंद्रमा से लाए गए मिट्टी के नमूनों का अध्ययन कर रहे चीनी वैज्ञानिकों को चंद्रमा की मिट्टी में पानी के अणु मिले हैं। यह जानकारी चाइनीज एकेडमी आफ साइंसेज (सीएएस) ने दी। यह अनुसंधान बीजिंग नेशनल लेबोरेटरी फॉर कंडेंस्ड मैटर फिजिक्स और सीएएस के भौतिकी संस्थान तथा अन्य घरेलू अनुसंधान संस्थानों के अनुसंधानकर्ताओं द्वारा संयुक्त रूप से किया गया।

### कैसे हुआ इसका निर्माण आज भी रहस्य बना हुआ

रिसर्चर्स को इसके बारे में अभी सटीक तरीके से कुछ भी पता नहीं है लेकिन ऐसा अनुमान लगाया जा रहा है कि लगभग 4 बिलियन साल पहले एक एस्टेरॉयड के टकराने की वजह से इसका निर्माण हुआ। इसके घनत्व को देखते हुए ऐसा माना जा रहा है कि यह एक तरह का मेटल है जो कि सतह से नीचे दबा हुआ है। कंप्यूटर सिमुलेशन के आधार पर ऐसा अनुमान लगाया जा रहा है कि आयरन-निकिल के कोर वाला एक एस्टेरॉयड चांद की सतह से टकराया होगा जिसकी वजह से साउथ पोल-ऐटकिन बेसिन में यह पूरा का पूरा मास चांद में समा गया होगा।

## एक नजर

### ताइवान ने तूफान से निपटने की तैयारी की, फिलीपीन में 13 की मौत

**ताइपे।** शक्तिशाली तूफान की आशंका के मद्देनजर ताइवान ने बुधवार को पूरे द्वीप में कार्यालय, स्कूल और पर्यटन स्थल बंद कर दिए। इस तूफान के कारण फिलीपीन में मौसमी बारिश से हालात और खराब हो गए हैं और कम से कम 13 लोगों की जान चली गई जबकि छह लाख से ज्यादा लोग विस्थापित हुए हैं। तूफान गेमी अभी ताइवान की मुख्य भूमि में दाखिल नहीं हुआ है लेकिन उसके पहले ही ताइवान के अधिकांश भागों में भारी वर्षा हो रही है।

### घायल चीनी नाविक को भारतीय नौसेना ने बचाया

**नई दिल्ली।** मुंबई अपतटीय क्षेत्र में गंभीर रूप से घायल एक चीनी नाविक को भारतीय नौसेना के एक हेलीकॉप्टर के जरिए एक मालवाहक जहाज से सुरक्षित निकाला गया। नौसेना के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बुधवार को यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि मरीज को हेलीकॉप्टर से हवाई परिसर ले जाया गया और उसके बाद आगे की चिकित्सा देखभाल के लिए अस्पताल भेज दिया गया। नौसेना ने कहा कि समुद्री बचाव समन्वय केंद्र मुंबई को मंगलवार को मुंबई से 200 समुद्री मील (लगभग 370 किमी) दूर मालवाहक पोत झोंग शान मेन से एक आपात संदेश प्राप्त हुआ।

### चीन प्रांत में भारी बारिश से 13,000 लोग प्रभावित

**लान्झू।** उत्तर पश्चिमी चीन के गांसू प्रांत के लोंगनान शहर में मूसलाधार बारिश से बुधवार सुबह तीन बजे तक 13,400 से ज्यादा लोग प्रभावित हुए, जबकि 5,622 लोगों को सुरक्षित निकाला गया। स्थानीय अधिकारियों ने यह जानकारी दी। लोंगनान मौसम विभाग के अधिकारियों के अनुसार, सोमवार से बुधवार तक लोंगनान में 251 मिमी तक की भारी बारिश हुई।

### भूस्खलन से मरने वालों की संख्या 229 हुई

**अदीस अबाबा।** इथियोपिया के एक दूरस्थ क्षेत्र में भारी बारिश के कारण हुए भूस्खलन में कम से कम 229 लोगों की मौत हो गई है जिनमें से कई ऐसे लोग शामिल हैं जो पीड़ितों को बचाने की कोशिश में जुटे थे। प्रधानमंत्री अबी अहमद ने इसे भयानक क्षति बताया है। एक स्थानीय प्रशासक दागमावी आयेले ने बताया कि दक्षिणी इथियोपिया के केंचो शाचा गोजदी प्रांत में मिट्टी धंसने की घटना में मारे गए लोगों में बच्चे और गर्भवती महिलाएं शामिल हैं।

# अमेरिकी संसद में नेतन्याहू के भाषण का हुआ बहिष्कार

## डेमोक्रेटिक पार्टी के 50 सांसदों ने किया विरोध, सड़क पर हजारों लोग उतरे

**वाशिंगटन, एजेंसी**

अमेरिकी संसद में बुधवार को इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के संबोधन का कुछ शीर्ष सांसदों ने बहिष्कार किया। वहीं, हजारों लोगों ने विरोध प्रदर्शन करते हुए देश की राजधानी वाशिंगटन की ओर मार्च किया। नेतन्याहू ने अपने संबोधन के दौरान हमास के खिलाफ जंग में अमेरिका की ओर से दी जा रही मदद को बढ़ाने का अनुरोध किया।

उन्होंने कहा अमेरिका और इजराइल को एक दूसरे के साथ खड़ा होना चाहिए। नेतन्याहू ने कहा जब हम एक साथ खड़े होते हैं तब सचमुच कुछ बड़ा होता हैः हम जीतते हैं, वे हारते हैं। हालांकि डेमोक्रेटिक पार्टी के 50 से अधिक सांसदों और निर्दलीय सांसद बर्नी सैंडर्स ने नेतन्याहू के संबोधन का बहिष्कार किया। इस दौरान सबकी निगाहें उपराष्ट्रपति कमला हैरिस की अनुपस्थिति पर रहीं, जो संसद के उच्च सदन सीनेट की सभापति हैं। बताया जाता है कि पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के कारण वह सदन में उपस्थित नहीं हुईं। इसके अलावा, वाशिंगटन से डेमोक्रेटिक पार्टी की सांसद पैटी मरे ने संबोधन के दौरान उपस्थित रहने से इनकार कर दिया। मिशिगन से डेमोक्रेटिक पार्टी की सांसद रशीदा तलैब ने भी संबोधन का बहिष्कार किया। तलैब का परिवार इजराइल से सटे वेस्ट बैंक में रहता है। रिपब्लिकन पार्टी की ओर से उपराष्ट्रपति पद के उम्मीदवार जेडी वेंस भी चुनाव प्रचार में व्यस्त होने का हवाला देकर नेतन्याहू के संबोधन के दौरान अनुपस्थित रहे।



संसद में नेतन्याहू के साथ अमेरिकी संसद। ● एजेंसी।

### ट्रंप फिलिस्तीनी राष्ट्रपति से बोले - सब कुछ जल्दी ठीक हो जाएगा



**वाशिंगटन।** इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के साथ शुक्रवार को होने वाली बैठक से पहले अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति और रिपब्लिकन पार्टी के राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार डोनाल्ड ट्रंप ने मंगलवार को फिलिस्तीन के राष्ट्रपति महमूद अब्बास से कहा कि सबकुछ ठीक हो जाएगा। ट्रंप ने कहा बेंजामिन नेतन्याहू के साथ शुक्रवार को होने वाली मुलाकात का बेसब्री से इंतजार है और मध्य पूर्व में शांति स्थापित करने के लिए और भी अधिक तत्पर हूं। इसके साथ ही उन्होंने अब्बास द्वारा उन्हें लिखा गया एक पत्र भी संलग्न किया। फिलिस्तीन के राष्ट्रपति ने ट्रंप पर चुनावी रैली के दौरान 13 जुलाई को हुए हमले के एक दिन बाद यह पत्र लिखा था।

### नेतन्याहू से मिलेंगी कमला हैरिस

**वाशिंगटन।** अमेरिका की उपराष्ट्रपति कमला हैरिस के एक सहयोगी ने बताया कि हैरिस इस सप्ताह व्हाइट हाउस में इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू से मुलाकात करेंगी और उनसे कहेंगी कि युद्ध समाप्त करने का वक्त आ गया है। डेमोक्रेटिक पार्टी की ओर से राष्ट्रपति पद की संभावित उम्मीदवार हैरिस के एक सहयोगी ने कहा नतन्याहू के साथ होने वाली यह बैठक राष्ट्रपति बाइडेन की नियोजित बैठक से अलग होगी। हैरिस के सहयोगी ने कहा अनुमान है कि उपराष्ट्रपति नेतन्याहू से कहेंगी कि युद्ध को इस तरह से समाप्त करने का समय आ गया है कि इजराइल सुरक्षित हो, सभी बंधक रिहा हों, गाजा में फिलिस्तीनी नागरिकों की पीड़ा का अंत हो और उनका सम्मान, स्वतंत्रता और आत्मनिर्णय के अपने अधिकार का आनंद ले सकें।

## हैरिस के नेतृत्व में भारत नीति में बदलाव की संभावना नहीं : मुकेश

**वाशिंगटन।** भारत केंद्रित अमेरिकी व्यापार एवं रणनीतिक पैरोकार समूह के प्रमुख ने मंगलवार को कहा कि अगर कमला हैरिस राष्ट्रपति चुनी जाती हैं तो उनके प्रशासन में भारत-अमेरिका नीति एवं रणनीति में कोई बदलाव होने की संभावना नहीं है। यूएस इंडिया स्ट्रेटेजिक एंड पार्टनरशिप फोरम (यूएसआईएसपीएफ) के अध्यक्ष एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी मुकेश अघी ने एक साक्षात्कार में यह बात कही।

उन्होंने कहा राष्ट्रपति जो बाइडेन के चुनावी दौड़ से हटने के बाद कमला हैरिस तेजी से चुनाव प्रचार में जुट गई हैं और राष्ट्रपति पद की उम्मीदवार बनने के 50 घंटे से भी कम समय में 10 करोड़ अमेरिकी डॉलर से अधिक धनराशि जुटाना उनके पक्ष में बढ़ते समर्थन को दर्शाता है। राष्ट्रपति बाइडेन के चुनावी दौड़ से हटने से पार्टी में और पार्टी समर्थकों में ऊर्जा भर गई है। बड़े दानदाता अब फिर से डेमोक्रेटिक पार्टी और उम्मीदवार के तौर पर कमला हैरिस का समर्थन कर रहे हैं। अघी ने कहा चीन का उदय, चीन का आक्रामक रुख दुनिया के लिए खतरा है। यह अमेरिका के हितों के लिए खतरा है और भारत पूरे परिदृश्य में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।

# बांग्लादेश में धीरे-धीरे सामान्य हो रही स्थिति

**ढाका, एजेंसी**

- बंद पड़ी इंटरनेट सेवाएं आंशिक रूप से हुईं बहाल
- हिसा से देश में 200 लोगों की हो चुकी है मौत

बांग्लादेश में पांच दिन के बाद ब्रॉडबैंड इंटरनेट सेवाएं आंशिक रूप से बहाल कर दी गई हैं। सरकारी नौकरियों में आरक्षण में सुधार की मांग को लेकर प्रदर्शन कर रहे छात्रों और सुरक्षाकर्मियों के बीच हिंसक झड़पों के चलते इंटरनेट सेवाएं बंद कर दी गई थीं। इस हिंसा में 200 से अधिक लोग मारे गए हैं। खबरों में कहा गया है कि मंगलवार देर शाम सीमित स्तर पर ब्रॉडबैंड सेवा बहाल होनी शुरू हो गई।

ढाका ट्रिब्यून की खबर के अनुसार डाक, दूरसंचार और सूचना प्रौद्योगिकी राज्य मंत्री जुनैद अहमद पलक ने चरणबद्ध इंटरनेट बहाली को प्रायोगिक व्यवस्था बताया। इसमें बैंकिंग, वाणिज्य क्षेत्रों, प्रौद्योगिकी कंपनियों, निर्यातकों, आउटसोर्सिंग प्रदाताओं और मीडिया संगठनों को प्राथमिकता दी जाएगी तथा शीघ्र ही पूरे देश में पूर्ण इंटरनेट सेवा बहाल कर दी जाएगी। इंटरनेट सर्विस प्रोवाइडर्स एसोसिएशन ऑफ बांग्लादेश के अध्यक्ष मोहम्मद इमदादुल हक ने कहा कि देशभर में करीब 40 प्रतिशत इंटरनेट कनेक्शन बहाल कर दिए गए हैं और आज ज्यादातर लाइन जोड़ दी जाएंगी। डेली स्टार ने उनके हवाले से कहा हम सभी कनेक्शन को बहाल करने की पूरी कोशिश कर रहे हैं। मुझे उम्मीद है कि ज्यादातर लोगों को शीघ्र ही इंटरनेट सेवा मिल जाएगी। बांग्लादेश में हाल में पुलिस और प्रदर्शनकारियों के बीच हिंसक झड़पें हुई थीं।



### शरण देने संबंधी ममता बनर्जी की टिप्पणी पर बांग्लादेश ने जताया विरोध

**ढाका।** बांग्लादेश के लोगों को शरण देने संबंधी पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की हालिया टिप्पणी को लेकर ढाका ने राजनयिक माध्यमों से भारत को अपनी नाखुशी अवगत कराया है और कहा कि उनकी टिप्पणियों से भ्रम पैदा हो सकता है और लोग गुमराह हो सकते हैं।


# भारत-ब्रिटेन के संबंध अभूतपूर्व : मोदी

**नई दिल्ली, एजेंसी**

- ब्रिटेन के विदेश मंत्री डेविड लैमी प्रधानमंत्री मोदी से मिले
- एफटीए को लेकर दोनों देशों ने जताई प्रतिबद्धिता

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बुधवार को ब्रिटेन के विदेश मंत्री डेविड लैमी से मुलाकात के बाद कहा कि ब्रिटेन के साथ अपने संबंधों को बढ़ाने के लिए भारत प्रतिबद्ध है और पारस्परिक रूप से लाभकारी मुक्त व्यापार समझौता (एफटीए) करने की उनके देश की इच्छा का स्वागत किया।

मोदी ने कहा ब्रिटेन के विदेश मंत्री डेविड लैमी से मिलकर खुशी हुई। व्यापक रणनीतिक साझेदारी को प्रगाढ़ करने के लिए प्रधानमंत्री केअर स्टॉर्मर द्वारा दी गई प्राथमिकता की सराहना करता हूं। उन्होंने कहा हम संबंधों को बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। द्विपक्षीय प्रौद्योगिकी सुरक्षा पहल और पारस्परिक रूप से लाभकारी एफटीए समझौता करने की इच्छा का स्वागत करते हैं। लैमी व्यापार समझौते के लिए वार्ता को गति देने तथा स्वच्छ ऊर्जा, नई प्रौद्योगिकियों और सुरक्षा जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों में समग्र द्विपक्षीय साझेदारी को पुनः स्थापित करने के लिए भारत की दो दिवसीय यात्रा पर हैं। ब्रिटेन के विदेश मंत्री की नई दिल्ली यात्रा, प्रधानमंत्री स्टॉर्मर की लेबर सरकार के पांच जुलाई को सत्ता में आने के बाद भारत और ब्रिटेन के बीच पहली उच्च स्तरीय वार्ता है।



### भारत 21वीं सदी की उभरती हुई महाशक्ति

लैमी ने कहा भारत 21वीं सदी की उभरती हुई महाशक्ति है, 1.4 अरब लोगों के साथ यह दुनिया का सबसे बड़ा देश है और दुनिया में सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्थाओं में से एक है। ब्रिटेन की सरकार के बयान में कहा गया है कि लैमी ब्रिटेन-भारत साझेदारी को फिर से स्थापित करने पर जोर देंगे, जिसमें मुक्त व्यापार समझौता हासिल करने के लिए लंदन की प्रतिबद्धता को मजबूत करना भी शामिल है और इससे दोनों अर्थव्यवस्थाओं को फायदा होगा।

## इमरान खान ने नहीं कराया पोलीग्राफ टेस्ट

**लाहौर।** जेल में बंद पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान ने पिछले साल 9 मई को हुए अप्रत्याशित उपद्रव से जुड़े दर्जनों मामलों की लाहौर पुलिस द्वारा की जा रही जांच के तहत पोलीग्राफ और आवाज मिलान परीक्षण कराने से इनकार कर दिया है। 12 सदस्यीय फोरेंसिक टीम क्रिकेटर से नेता बने 71 वर्षीय इमरान खान का पोलीग्राफ परीक्षण करने मंगलवार को अडियाला जेल पहुंची थी। राष्ट्रीय जवाबदेही ब्यूरो (एनएबी) ने 19 करोड़ पाउंड के भ्रष्टाचार के मामले में पिछले साल जब पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) के संस्थापक इमरान खान को गिरफ्तार किया था तब 9 मई को देशभर में उपद्रव हुए थे। इमरान खान 200 से अधिक मामलों का सामना कर रहे हैं और वह पिछले साल अगस्त से जेल में हैं।

# ओलंपिक खत्म होने से पहले प्रधानमंत्री की नियुक्ति नहीं

**पेरिस, एजेंसी**

- राष्ट्रपति मैक्रों ने कहा- अव्यवस्था से बचने के लिए उठाया कदम
- 10,500 एथलीट और लाखों प्रशंसक होंगे इकट्ठा

फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने कहा कि वह अव्यवस्था से बचने के लिए ओलंपिक खेलों की समाप्ति से पहले नए प्रधानमंत्री की नियुक्ति किसी भी कीमत में नहीं करेंगे। यह जानकारी मंगलवार को स्थानीय मीडिया ने दी।

मैक्रों ने फ्रांस 2 चैनल के साथ एक साक्षात्कार में कहा इस सरकार ने खेलों की तैयारी की है और हमारी जिम्मेदारी यह सुनिश्चित करना है कि वे अच्छी तरह से हों। राष्ट्रपति ने कहा कि उन्होंने खेलों की सुरक्षा के लिए स्थिरता को चुना है, जिसमें लगभग 10,500 एथलीट और लाखों प्रशंसक इकट्ठा होंगे। नये प्रधानमंत्री की नियुक्ति और एक नई सरकार के गठन से अराजकता उत्पन्न होगी इसलिए उन्होंने राजनीतिक दलों से पूर्ण बहुमत के अभाव में देश की संसद में समझौता करने का आह्वान किया। सत्तारूढ़ पार्टी के मध्यावधि चुनावों में बहुमत प्राप्त करने में विफल रहने के बाद गैब्रियल अट्टल ने 8 जुलाई को मैक्रों को प्रधानमंत्री पद से इस्तीफा सौंप दिया था।



## अब दक्षिण कोरिया के राष्ट्रपति कार्यालय में गिरा कचरे से भरा गुब्बारा

**सियोल।** उत्तर कोरिया ने बुधवार को दक्षिण कोरिया की ओर कचरे से भरे गुब्बारे भेजे, जिसमें एक गुब्बारा राष्ट्रपति कार्यालय परिसर में जा गिरा। विशेषज्ञों का कहना है कि दक्षिण कोरिया को अगली बार सीमावर्ती क्षेत्रों में ऐसे गुब्बारों को मार गिराना होगा क्योंकि क्या पता उत्तर कोरिया भविष्य में इसमें खतरनाक वस्तुएं भेज दे। सियोल के अधिकारियों ने बताया कि कुछ दिन पहले ही दक्षिण कोरिया ने जवाबी कार्रवाई करते हुए सीमा पर उत्तर कोरिया के संबंध में दुष्प्रचार संदेश प्रसारित किए थे। सुरक्षा सेवा ने यह बताने से इनकार कर दिया कि जब कचरे से भरा गुब्बारा परिसर में गिरा तो उस समय राष्ट्रपति यून सुक येओल कार्यालय में मौजूद थे या नहीं। यून के कार्यालय ने पहले कहा था कि बुधवार को उनका कोई आधिकारिक कार्यक्रम नहीं है।

# 84 साल बाद दुनिया में सबसे अधिक गर्मी

**नई दिल्ली, एजेंसी**

- 22 जुलाई को 17.15 डिग्री सेल्सियस दर्ज, 21 को था 17.09 डिग्री

यूरोपीय संघ की कोपरनिकस जलवायु परिवर्तन सेवा (सी3एस) के मुताबिक पृथ्वी पर 22 जुलाई को 84 वर्षों में सबसे अधिक गर्म दिन दर्ज किया गया और वैश्विक औसत तापमान 17.15 डिग्री सेल्सियस के रिकॉर्ड उच्चतम स्तर पर पहुंच गया। यह एक दिन पहले 21 जुलाई को दर्ज किए गए 17.09 डिग्री सेल्सियस के रिकॉर्ड से अधिक है।

इस तरह, 84 साल के बाद बना सर्वाधिक वैश्विक औसत तापमान का रिकॉर्ड 24 घंटे के भीतर ही टूट गया है। गर्मी के मासिक रिकॉर्ड की एक श्रृंखला पर गौर करने से यह पता चलता है कि जून तक, लगातार पिछले 12 महीने से हर माह वैश्विक तापमान 1.5 डिग्री सेल्सियस से अधिक पहुंच रहा है।

### हालात नहीं बदले तो सब झुलस जाएंगे : क्रिस्टियाना

संयुक्त राष्ट्र जलवायु वार्ता की 2010 से 2016 तक प्रमुख रहीं क्रिस्टियाना फिगुएर्स ने कहा कि अब भयावह तापमान का वर्णन नहीं किया जा सकता, जिसका हम सामना कर रहे हैं। जी20 देशों के सामने एक खतरनाक वास्तविकता है, जिसका समाधान उन्हें नवीकरणीय ऊर्जा के उपयोग में तेजी लाने और जीवाश्म ईंधनों को विवेकपूर्ण नजरिये के साथ चरणबद्ध तरीके से समाप्त करने की नीतियों के साथ करना होगा।

## अमेरिका ने मणिपुर जम्मू-कश्मीर न जाने की दी सलाह

**वाशिंगटन।** अमेरिका ने अपने नागरिकों से मणिपुर, जम्मू-कश्मीर, भारत-पाकिस्तान सीमावर्ती क्षेत्रों और देश के मध्य और पूर्वी हिस्सों में नहीं जाने को कहा है, जहां नक्सली सक्रिय हैं। भारत के लिए संशोधित यात्रा परामर्श में अमेरिका के विदेश विभाग ने कहा कि उसने पूर्वोत्तर राज्यों की जानकारी के साथ इसे अद्यतन किया है। परामर्श में कहा गया है अपराध और आतंकवाद, नक्सलवाद के कारण भारत में अधिक सावधानी बरती जानी चाहिए। कुछ क्षेत्रों में जोखिम बढ़ गया है। कुल मिलाकर भारत को लेवल दो पर रखा गया है। लेकिन देश के कई हिस्सों को लेवल चार पर रखा गया है जैसे जम्मू और कश्मीर, भारत-पाक सीमा, मणिपुर और मध्य और पूर्वी भारत के कुछ हिस्से।

**खगोल विज्ञान**

### नासा के मार्स क्यूरियोसिटी रोवर की खोज, वैज्ञानिक इसे बड़ी उपलब्धि मान रहे

# मंगल ग्रह की सतह पर सल्फर क्रिस्टल की हुई खोज

**संवाददाता, नैनीताल**

**अमृत विचारः** लाल ग्रह मंगल की सतह पर पहली बार सल्फर का पता चला है। यह खोज नासा के मार्स क्यूरियोसिटी रोबर ने की है। वैज्ञानिक सल्फर के स्रोत का पता लगाने की कोशिश कर रहे हैं। दरअसल वैज्ञानिको को जरा भी अनुमान नही था कि मंगल पर सल्फर भी उपलब्ध हो सकता है। कई दशकों से मंगल के धरातल से लेकर आसमान तक वैज्ञानिक खाक छानते आ रहे हैं। अब तक अनेक वस्तुओं की जानकारी जुटा चुके हैं।

मंगल की धरती पर सल्फर का मिलना बड़ी खोज मानी जा रही है। वैज्ञानिकों के अनुसार मार्स क्यूरियोसिटी रोवर गेडिज़ वैली में खोज कर रहा था, तभी वह एक चट्टान के ऊपर से गुजरा और चट्टान को तोड़ दिया। तभी पता चला कि शुद्ध तात्विक गंधक के साथ बाहर निकल आया। तस्वीरों की जांच करने के बाद पता चला कि यह शुद्ध रूप से सल्फर है।

क्यूरियोसिटी चट्टान काटने की क्षमता रखता है साथ ही रासायनिक संरचना का पता भी लगा सकता है। वैज्ञानिकों ने आगे के अध्ययन के लिए नमूने एकत्र किए और तब पता चला कि मंगल ग्रह पर सल्फर विभिन्न रूपों में मौजूद है।

वैज्ञानिकों का कहना है कि क्यूरियोसिटी द्वारा टूटी चट्टानों के बीच में शुद्ध सल्फर खोजना मंगल ग्रह की खोज में एक नया अनुभव है। साथ ही यह सवाल उठ रहा है कि यह मंगल की सतह पर कब और कैसे पहुंचा। 31 मार्च को रोबर ने यह खोज की। जिसकी सच्चाई का पता लगाने में कई महीने वैज्ञानिकों को लग गए। बहरहाल मंगल पर सल्फर की खोज को लेकर लाल ग्रह पर अध्ययन करने वालों के लिए खुशी की खबर है, जो मंगल पर जीवन बसाने के प्रयास में मदद करेगी।



मंगल की सतह पर चट्टान में मिले सल्फर की तस्वीर।

### मंगल होगा मानव का आशियाना

मंगल ग्रह पर नित नई खोज वैज्ञानिकों का मनोबल बढ़ाती है। यह खोज भी इसी तरह की है। एरिज़ोना टक्सन के प्लैनेटरी साइंस इंस्टीट्यूट के वैज्ञानिको ने सल्फर का खुलासा किया है। वैज्ञानिकों को उम्मीद है कि मंगल पर भविष्य में कुछ और भी राज सामने आएंगे, जो मंगल पर मानव जीवन बसाने में मददगार साबित होंगे।